www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-03, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 20.01.2020 से 26.01.2020

जन अधिकार कार्यक्रम

माफिया के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाएं - मुख्यमंत्री

गड़बड़ी करने वाली गृह निर्माण समितियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में जन अधिकार कार्यक्रम में कमिश्नरों और कलेक्टरों को निर्देश देते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल में जन अधिकार कार्यक्रम में कमिश्नरों और कलेक्टरों से कहा है कि वे माफिया के विरुद्ध सख्त से सख्त कदम उठाएं। नगर निगमों, नगर पालिकाओं के कानूनों का उल्लंघन करने वालों पर कानून के अनुसार सामान्य प्रक्रिया में कार्रवाई होने दें। उन्होंने कहा कि पैसा वसूलने वाले और संगठित होकर अपराध करने वाले ही माफिया की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिये कि वे अपने जिलों में स्थानांतरित हुए अधिकारियों, कर्मचारियों को तीन दिन के अंदर कार्यमुक्त कर दें भले ही उनकी जगह किसी अन्य की पदस्थापना नहीं हुई हो। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग को निर्देश दिए कि इस व्यवस्था पर निगरानी रखें।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर औसत गुणवत्ता से कम के अनाज वितरण की शिकायतें मिली हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री का वितरण हो। उन्होंने कलेक्टरों को उपार्जन की तैयारियाँ समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर खेती होने या अन्य प्रकार से दुरुपयोग के प्रकरणों की सूची तैयार कर एक महीने में उपलब्ध कराएं। इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में खाद की कालाबाजारी न हो सके।

समय पर कर्ज माफी फॉर्म न भरने वाले किसानों की सूची बनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे सभी पात्र किसानों की सूची बनाएं जो फसल कर्ज माफी के पात्र हैं लेकिन समय पर इसका फार्म नहीं भर पाये। उन्होंने कहा कि 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान को जारी रखते हुए दवाईयों की शुद्धता पर भी फोकस करें।

गड़बड़ी करने वाली गृह निर्माण समितियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने सहकारी गृह निर्माण समितियों में सदस्यों के साथ की गई धोखाधड़ी के मामलों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करने वाली समितियों के खिलाफ सिर्फ एफआईआर दर्ज करने की औपचारिकता न हो बल्कि उन्हें सजा भी मिले। श्री नाथ ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि वे गड़बड़ी करने वाली सभी हाउसिंग सोसायटीज के मामलों में बैठक लें और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। आवश्यकता पड़ने पर सरकार ऐसी सोसायटीज का सहकारिता अधिनियम के तहत अधिग्रहण करने की कार्रवाई कर प्रशासक नियुक्त करे। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश भोपाल के श्री गिरीश चन्द्र दुबे को गौरव गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा आवंटित भूखण्ड क्रमांक 80 किसी और अन्य को बेचे जाने प्रकरण के संबंध में दिए।

पट्टे पर कब्जा दिलाने का अभियान चलाएं

मुख्यमंत्री ने पट्टा मिलने के बाद भी कब्जा न मिल पाने के प्रकरणों में नाराजगी व्यक्त करते हुए हिदायत दी कि पूरे प्रदेश में एक अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन्हें पट्टा मिला है उनके पास उस भूमि का कब्जा भी हो। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश शिवपुरी जिले के ग्राम भैसरावन के श्री ज्ञानी जी एवं देवास जिले के ग्राम पटाडियाताज के श्री डल्लू द्वारा पट्टा मिलने के बाद भी कब्जा न मिलने की शिकायत के प्रकरणों में दिए।

शिकायतों के समाधान में प्रदेश के पांच जिले अव्वल

सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के समाधान में इस महीने प्रथम पांच जिले उज्जैन, टीकमगढ़, रतलाम, सिंगरौली और मंडला रहे। खरगौन, शाजापुर, अनूपपुर, सतना और बुरहानपुर निचले पायदान पर रहे। नर्मदा घाटी विकास, जनसंपर्क, विधि विधायी कार्य, अनुसूचित जनजाति कल्याण और खनिज विभाग सबसे कम शिकायतों वाले विभाग रहे।

जायज समस्याओं का तत्काल निराकरण हो

मुख्यमंत्री ने आम जनता की जायज समस्याओं और शिकायतों का सामान्य प्रक्रिया के तहत तत्काल निराकरण किए जाने की कार्य-संस्कृति विकसित करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स अपने जिलों में ऐसी व्यवस्था बनाएं कि लोगों को सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत करने की जरूरत ही न पड़े।

बजट में आदिवासी उपयोजना की व्यवस्था को जारी रखे केंद्र सरकार

आग्रह न मानने पर राज्य सरकार उपयोजना प्रावधान को जारी रखेगी

भोपाल, केंद्र सरकार से बजट में आदिवासी उपयोजना की पूर्व व्यवस्था को जारी रखने का अनुरोध किया गया है। अगर केंद्र सरकार ने यह व्यवस्था नहीं की तो राज्य सरकार बजट में आदिवासी उपयोजना का प्रावधान करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल में विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र के दूसरे दिन अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिये लोकसभा और विधानसभा में अगले 10 वर्ष तक आरक्षण सुविधा बरकरार रखने के लिये संसद द्वारा पारित संविधान के 126वें संशोधन अधिनियम 2019 के अनुसमर्थन में विधानसभा में रखे गये प्रस्ताव का समर्थन करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंख्या के आधार पर आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिये बजट में उपयोजना का प्रावधान आज भी जरूरी है। इस प्रावधान के समाप्त होने से आदिवासी वर्ग के उन्नति के प्रयास प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत कम ऐसे अवसर आते हैं जब संसद या विधानसभाओं में किसी मुद्दे पर सर्वसम्मति की स्थिति बनती है। श्री नाथ ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास और समाज में उन्हें बराबरी पर लाने के लिये जो आरक्षण व्यवस्था की थी उसकी आज भी आवश्यकता है। यही कारण है कि संसद में आरक्षण व्यवस्था को अगले 10 वर्ष तक निरंतर जारी रखने के लिये संविधान के 126वें संशोधन विधेयक 2019 को सर्वसम्मति से पारित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा संसद के द्वारा पारित इस विधेयक का सर्वसम्मति से अनुसमर्थन करें।

आईएएस सर्विस मीट-2020

सहिष्णुता की संस्कृति है भारत की पहचान - मुख्यमंत्री

भोपाल, देश में मध्यप्रदेश ही ऐसा प्रदेश है, जो विविधताओं से सम्पन्न है और पूरे विश्व में भारत ही ऐसा देश है, जो विविधताओं से पूर्ण है। इस विविधता को सकारात्मक ऊर्जा में बदलना होगा। विविधता में भारत की बराबरी करने वाला देश सिर्फ सोवियत संघ था। आज वह अस्तित्व में नहीं है, क्योंकि उसमें भारत जैसी सोच-समझ और सहिष्णुता की संस्कृति नहीं थी। यही भारत की पहचान है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आईएएस सर्विस मीट-2020 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुये कहीं।

न्याय की कोई सीमा नहीं

श्री कमल नाथ ने कहा कि जो आईएएस अधिकारी अपनी सेवा यात्रा के मध्य में हैं और जो सेवा पूरी करने वाले हैं, वे चिंतन करें कि मध्यप्रदेश को वे कहां छोड़कर जाना चाहते हैं। जो अधिकारी अपनी सेवा यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं, वे सोचें कि मध्यप्रदेश को कहां देखना चाहते हैं। श्री कमल नाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों को न्याय देने वाला बताते हुए कहा कि संविधान में उल्लेखित स्वतंत्रता और समानता जैसे मूल्यों की सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन न्याय की कोई सीमा नहीं है। यह हर समय और परिस्थिति में दिया जा सकता है।

न्यू आइडिया ऑफ चेंज के लिए तीन पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने नए परिवर्तनकारी विचारों (न्यू आइडिया ऑफ चेंज) के लिए तीन पुरस्कार देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूर्व मुख्य सचिवों की एक ज्यूरी बनाई जाएगी, जो सर्वोत्कृष्ट आईडिया चुनेगी।

बदलनी होगी प्रदेश की वर्तमान प्रोफाइल

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर राज्य की अपनी प्रोफाइल होती है। सबको मिलकर मध्यप्रदेश की प्रोफाइल बनानी होगी। वर्तमान प्रोफाइल को बदलना होगा। मध्यप्रदेश की नई पहचान बनानी होगी। इसके लिए जरूरी है कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक गतिविधियां उत्पन्न हों। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी हर पल बदल रही है। पूरा भारत बदल रहा है। ज्ञान और सूचना के भंडार तक आज जो पहुंच बढ़ी है, वह पहले नहीं थी। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे ज्यादा महत्वाकांक्षी जनसंख्या भारत में है। ये जनसंख्या युवाओं की है।

मध्यप्रदेश में स्थापित जापानी कंपनियों से व्यापार का विस्तार करने का आग्रह

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने नई दिल्ली में जापान विदेशी व्यापार संगठन (जैट्रो) के भारत स्थित मुख्य प्रबंध निदेशक श्री यासुयाकी मूराहाशी से मुलाकात के दौरान मध्यप्रदेश में स्थापित जापानी कंपनियों से अपने व्यापार का विस्तार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश मित्र वातावरण बनाया गया है। नीतियों एवं नियमों में व्यापक परिवर्तन और उनका सरलीकरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने जापानी निवेश की संभावना पर श्री मूराहाशी से विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान जैट्रो के प्रबंध निदेशक को बताया कि मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा, खाद्य प्र-संस्करण, टेक्सटाइल और गारमेंट के साथ-साथ लॉजिस्टिक हब में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने जापानी कंपनियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रदेश में पूर्व से स्थापित जापानी कंपनियों के व्यापार विस्तार में राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी तकनीक पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। हमारी मंशा है कि इस तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग सम्पूर्ण भारत के साथ मध्यप्रदेश में भी हो।

खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने मिलेट मिशन कॉर्पोरेशन बनाया जाये - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में धान उपार्जन की प्रगति एवं रबी फसलों की उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा है कि छोटे दानों का खाद्यान्न उत्पादन और उपयोग बढ़ाने के लिए मिलेट मिशन कॉर्पोरेशन बनाया जाये। सभी किसानों से उत्पादित धान उपार्जन 20 जनवरी तक सुनिश्चित किया जाये, साथ ही भुगतान भी समय पर करना सुनिश्चित करें।

श्री कमल नाथ ने कहा कि सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया जाए कि उपार्जन के दौरान धान और चावल अन्य राज्यों से प्रदेश में ना आए, इस पर कड़ी चौकसी रखी जाए। आगामी रबी फसलों के उत्पादन और उपार्जन के लिए मुख्यमंत्री ने पूर्व से ही उपार्जन केंद्रों का आकलन कर व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपार्जन एजेन्सियों की जवाबदेही भी तय करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपार्जित गेहूं के परिवहन पर कम व्यय हो। किसानों की सुविधा को दृष्टि में रखते हुए जिला सरकार के परामर्श से अधिक से अधिक उपार्जन केंद्र स्थापित किये जायें।

मुख्यमंत्री ने उपार्जित खाद्यान्न का भंडारण और पैकिंग व्यवस्था के संबंध में कहा कि अभी से ही निजी क्षेत्र और सहकारी समितियों द्वारा निर्मित गोदामों की जानकारी कलेक्टरों से प्राप्त की जाये। गोदामों की क्षमता पूर्ण होने पर केप एवं सायलो निर्माण के लिए भूमि आरक्षित करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में उपार्जन केंद्रों और उचित मूल्य दुकानों के लिए गोदाम और अन्य सुविधाओं को विकसित करने की योजना बनायी जाए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

MGICS

महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट

निरंतर टॉपर देने वाला संस्थान — For Civil Services

THINK MAINS

संस्थापक एवं मार्गदर्शक
आशीष पटेल सर, Dy.SP

TOPPER MPPSC-2018
MAINS MARKS 867
हर्षल चौधरी, डिप्टी कलेक्टर

HINDI MEDIUM TOPPER MPPSC-2018
MAINS MARKS 839
मयंक तिवारी Dy.SP

HINDI MEDIUM TOPPER-2017
DY.SP 2015
MAINS MARKS 855
प्रिया वर्मा, डिप्टी कलेक्टर

MAINS TOPPER 2016
1ST RANK
MAINS MARKS 917
प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर

THINK MGICS

27 JAN 3 PM

5 FEB 9 AM

MAINS-19 | MAINS PLUS | ANSWER WRITING | QIP QUALITY IMPROVEMENT PROGRAMME | TEST SERIES

G-13, Ground Floor, Veda Business, Park, Bhawarkuan, Indore 0731-4955044 7000925055 | Plot No. 132, M.P. Nagar, Bhopal 0755-4296457 9754933332

R-43303/2020

Our Vision Your Success

Anand Super 100

NEW BATCH STARTS

21 JANUARY

Hindi & English Medium

TARGET BATCH MPPSC MAINS 2019 — According to Old Syllabus (3 Month)

SPECIAL MPPSC MAINS 2020 — According to New Syllabus (5 Month)

MPPSC Pre+Mains 2020 — According to New Syllabus (1 YEAR)

TARGET 2020 MPSI

आनंद भवन, 7 इन्द्रपुरी, भंवरकुँआ, इंदौर, मो. 9300797777, 9752138484

R-43312/2020

MPPSC

Mains-19
पेपर-2 एवं अर्थशास्त्र व एथिक्स
मात्र - रू 9000/- में
• मेन्स टेस्ट सीरीज उपलब्ध

Pre/Mains-20
कक्षाएं शीघ्र प्रारंभ

By - Dr. Shivakant Mishraa

श्री विद्या एकेडमी
गुरूकृपा रीजेंसी, भोलाराम उस्ताद मार्ग, इन्दौर
7999227041, 9826115854

R-43304/2020

प्राथमिक शिक्षक परीक्षा की नि:शुल्क तैयारी करें

ख्यात शिक्षाविद् डॉ. जयंतीलाल भंडारी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक परीक्षा 2020 की नि:शुल्क तैयारी हेतु आप अपने मोबाइल फोन पर यूट्यूब पर जाकर डॉ. भंडारी के career disha चैनल को सब्सक्राइब करें, परीक्षोपयोगी प्रश्नों को देखें, याद करें और सफलता की डगर पर आगे बढ़ें।

इस परीक्षा की सफल तैयारी हेतु बाजार में उपलब्ध मासिक पत्रिका प्रतियोगिता निर्देशिका का प्राथमिक शिक्षक परीक्षा विशेषांक–1 मूल्य 30 रूपए आज ही खरीदें। प्राथमिक शिक्षक परीक्षा में सफलता हेतु प्र.नि. के नोट्स भी खरीदें।

सम्पर्क :
फोन : 0731-2482060 , 2480090

R-43307/2020

ICON EDUCATION SOCIETY

Leader in the field of education invites applications for the posts mentioned below for the following Educational Institutes

INDORE INSTITUTE OF LAW

(Affiliated to DAVV and Bar Council of India, New Delhi)

Rank No. 1 Pvt. Law College of M.P. /CG/Rajasthan which nurtured future law masters through its B.A. LL.B. (Hons.) , BBA. LL.B. (Hons.). LL.B. (Hons.), LL.M. courses is looking for highly reputed Academician under College Code 28.

- Principal / Professors / Associate Professors / Asst. Professors

For Law, Management, History, Economics, Pol, Sci. English, Hindi, Commerce, Social Work.

- Librarian / Sports Officer / Placement Officer

Salary : Best in Industry, Qualification as per UGC & BCI Norms

Idyllic Institute of Management

Affiliated to DAVV & Recognized by Higher Education M.P.

A Premier Institute of Central India for Commerce & Management studies requires highly qualified Academicians as per College Code 28 and UGC Norm

- Principal / Professors / Associate Professors / Asst. Professors

for B.Com. (Plain / Tax Procedure / Computer Application Advertising & P.R.), BBA, Hindi, English

- Librarian / Sports Officer

Salary is no bar for deserving Candidates

INDORE NURSING COLLEGE

(Affiliated to MP Medical Science University, INC & MPNRC)

A Premier Nursing College of Central India running M.Sc. (N) B.Sc. (N), P.B. B.Sc. (N) Courses Requires Academicians

- Professor Cum Principal / Vice Principal / Associate Professors / Asst. Professors
- Tutors / Librarian / Sports Officer

CV with attested copies of testimonials and photograph should reach within 7 days to : HR IES, Gendalal Bam Parisar, Opp. IIM, Rau-Pithampur Road, Rau, Indore
E-mail : hriconeducationsociety@gmail.com Contact No. 9303333710

R-43310/2020

नये सिलेबस के अनुसार

नई कक्षाएँ प्रारंभ
21 जनवरी

MAINS TARGET 2019

TARGET 2020 PRELIMS

लोक प्रशासन एवं समाजशास्त्र विषय में विशेषज्ञता

17 वर्षों के अनुभव के साथ
अखिलेश द्विवेदी सर
Bsc., M.A. (Sociology)
M.A.(Pub. Ad.) NET (Pub. Ad.)
Separate English Medium Batch

सबसे सटीक टेस्ट सीरीज
MAINS - 31 Test
PRELIMS - 51 Test

CivilJOBS
Academy for Public Services
2nd Floor Sundaram Complex, above Canara Bank, Bhanwarkua Road, Indore
95228 23999, 95228 24999, 93022 55300

R-43311/2020

TATHAGAT

BEST INSTITUTE FOR UPSC & MPPSC

English & Hindi Medium

Effort is important, but knowing where to make an effort makes all the difference.

MPPSC 2017 & 2018 Performers

2nd RANK Shivangi Agrawal
3rd RANK Jahi Gupta
7th RANK Bhavya Tripathi
24th RANK Vijay Yadav

MPPSC 2019 Exclusive Mains BATCH

MPPSC 2020 Pre Cum Mains Batch

Features ■ UPSC & MPPSC Selected Faculty Team ■ Daily Mains Answer Writing ■ Individual evaluation with feedback ■ Model answer ■ Complete study material ■ Special focus on current affairs ■ Weekly test with discussion ■ Library Facility

ADMISSION OPEN
First come first served basis

Limited Seats
अपनी सफलता सुनिश्चित करें।

New Address : Top Floor, Orange Business Park, Near Apple Hosptial, Bhavar Kuan, Indore
Ph.: 0731-4002328, 8839177961, 8435181328

R-43306/2020

आजाद पी 3 एकेडमी

सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हे साकार हम करें।

UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3

प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित

MPPSC

PRE + MAINS
Hindi & English Medium
New Batch Start : 21 Jan'20

शिक्षक पात्रता परीक्षा

वर्ग 3 21 JAN'20

MPSI 21 JAN'20 | आरक्षक 21 JAN'20

हेड ऑफिस : देवा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एम्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
6-A इंद्रपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973

R-43313/2020

जिला योजना समिति की बैठक

आवारा पशुओं को पकड़ने में व्यवधान करने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई

जबलपुर, शहर से आवारा पशुओं, सुअरों और कुत्तों को शहर से बाहर करें। इस कार्य में व्यवधान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। शहरी क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने के लिये बाहर से टीम बुलाएं। ये बातें ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने अपने प्रभार के जिला जबलपुर में जिला योजना समिति की बैठक में कहीं।

श्री सिंह ने कहा कि शहर के चौराहों पर बने लेफ्ट टर्न से सभी अतिक्रमण जल्द हटवाएं। चौराहों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगवायें। उन्होंने ग्वारीघाट में नर्मदा कुम्भ की सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि गौ-शालाओं को आर्थिक गतिविधियों से भी जोड़ा जाए।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि धान खरीदी के लिये उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। केंद्रों पर किसानों की शिकायतों का जल्द निराकरण करें।

उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर इस बात का विशेष ध्यान रखें कि केवल पात्र किसानों का धान ही खरीदा जाये। श्री सिंह ने कहा कि जय किसान ऋण माफी योजना मे 31 जनवरी तक गुलाबी फार्म में ऋण माफी का आवेदन करने का एक मौका और दिया गया है।

सम्पादकीय

ग्राम स्तर से प्रदेश के समग्र विकास की शुरुआत

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का विश्वास है कि ग्राम स्तर पर व्यवहारिक योजना निर्माण से प्रदेश के समग्र विकास को आवश्यक गति दी जा सकती है। इसलिये ग्राम स्तर पर विद्यमान परिस्थितियों और जरूरतों के मुताबिक समग्र और समावेशी विकास के लिये योजनायें बनाने पर जोर दिया गया है। सरकार ने विकास के विजन को प्राथमिकता दी। जिससे राज्य की समृद्धि का लक्ष्य तय हो सका। आर्थिक विश्लेषण और सांख्यिकी, शासकीय योजनाओं को व्यवहारिक और वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं। सामाजिक विकास को अथवा अधोसंरचना निर्माण हर गतिविधि में वास्तविकता से रूबरू कराना तथा कार्यों के लिये लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। इस क्षेत्र में राज्य योजना आयोग और आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग दिशा सूचक का काम करते हैं। प्रदेश में पहली बार वर्ष 2019 में आजीविका, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और नागरिक अधिकार संरक्षण आदि क्षेत्रों को ध्यान में रखकर ग्राम विकास की योजना तैयार की गयी। इस प्रक्रिया से विभिन्न जिलों की विशिष्ट परिस्थितियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सामाजिक रूप से पिछड़े समुदायों को नियोजन प्रक्रियाओं से जोड़ने में सफलता मिली। यह प्रक्रिया समाज के समावेशी एवं त्वरित विकास के लिये मील का पत्थर साबित हुई। प्रदेश स्तर पर विकेंद्रीकृत नियोजन के जरिये कार्य भी प्रस्तावित किये गये। योजना निर्माण की राज्य स्तरीय राज्य योजना आयोग द्वारा सतत् विकास की कार्ययोजना 2030 तैयार कर ली गई है। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा चयनित राज्य के 8 आकांक्षी जिलों में अनुश्रवण और मूल्यांकन का कार्य इस आयोग द्वारा किया जा रहा है। इसके लिये जिला स्तर पर प्रशिक्षण और क्षमतावर्धन के कार्यक्रम किये गये हैं। प्रदेश के 50 आकांक्षी विकासखंडों में डैश बोर्ड निर्माण के बाद अनुश्रवण और मूल्यांकन कार्य का विस्तार किया गया। आकांक्षी विकासखंडों का उत्थान निर्देशिका तैयार की गई। इसमें आकांक्षी विकासखंडों के उत्थान कार्यक्रम के संस्थागत प्रबंधन, संकेतकों और कार्य संपादन में सुधार के उपाय स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और सहयोगी सेवायें, आधारभूत सुविधाएं, कौशल विकास तथा वित्तीय समावेशन पर विशेष जानकारी उपलब्ध करायी गयी। राज्य योजना आयोग द्वारा प्रदेश में इवैल्यूएशन ऑफ प्रमोशन फॉर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग, इवैल्यूएशन ऑफ प्रोजेक्ट टू पॉपुलराइज स्वीट कॉर्न, डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ पंप सेट्स ऑन सब्सिडी टू फॉरमर्स, इवैल्यूएशन ऑफ प्रोजेक्ट फॉर इन्क्रीजिंग वाटर यूज्ड एफीशिएंसी टू डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ स्प्रिंकलर पाईप लाइन एंड ड्रिप्स आदि शोध प्रतिवेदन तैयार किये गये। समग्र नर्सरी संवर्धन के लिये धान गहनता प्रणाली लागू की गई है। कोदो, कुटकी, तिल और राम तिल जैसी पारंपरिक फसलों की संरक्षण परियोजना का मूल्यांकन भी किया गया। आर्थिक सर्वेक्षण एक ऐसा दस्तावेज है, जिसमें प्रदेश के विकास के विभिन्न सूचकांकों का मूल्यांकन, नीतियों एवं कार्यक्रमों के परिणामों का आकलन किया जाता है, ताकि प्रदेश की प्राथमिकताओं के लिये नीतियों एवं कार्यक्रमों में आवश्यक सुधार किया जा सके। राज्य सरकार ने प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण 2018-19 तैयार किया। सर्वेक्षण में आर्थिक स्थिति की समीक्षा, लोकहित, बचत एवं विनियोजन, खाद्यान्न उपार्जन एवं वितरण, कृषि, उद्योग, अधोसंरचना, सामाजिक क्षेत्र तथा सुशासन एवं कानून व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की सामाजिक आर्थिक व्यवस्था, नीतियों, उपलब्धियों, घोषणाओं और कार्यकलापों का विश्लेषणात्मक विवेचन प्रस्तुत किया गया। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में ग्राम स्तर से समग्र विकास के जो प्रयास किये जा रहे हैं यह प्रदेश के विकास के लिये महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामों के विकास से ही प्रदेश का विकास होगा ऐसा मानना प्रदेश के विकास के लिये आवश्यक है।

ब्रह्मांड को जानें

प्लूटो में छुपे राज

गतांक से आगे- प्लूटो की खोज 18 फरवरी 1930 को हुई थी, तब इसे सौर परिवार का नौंवा ग्रह माना गया। छोटे आकार और सूर्य से दूरी की वजह से वैज्ञानिकों ने इसे 2006 में सौर परिवार से बाहर कर दिया। 76 वर्ष बाद इसने ग्रह का दर्जा खो दिया। प्लूटो की कक्षा का करीथी ग्रह नेप्च्यून की कक्षा के रास्ते में आता है। प्लूटो के छोटे आकार की वजह से इसे बौना ग्रह भी कहा जाता है। ग्रह को मान्यता देने की स्पष्ट प्रक्रिया है। 2006 में प्लूटो को ग्रह मानने के बारे में अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ में बहस के दौरान वैज्ञानिकों ने एक परिभाषा तय की। इसके अनुसार ऐसा ठोस गोलाकार अंतरिक्ष पिण्ड ग्रह के दर्जे में आयेगा जो सूर्य के चक्कर लगाता हो और उसका अपना गुरुत्वकर्षक बल हो। उस पिण्ड की कक्षा किसी दूसरे ग्रह की कक्षा के रास्ते में नहीं आनी चाहिये।



- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 25 जनवरी

विश्व के प्रमुख पर्यटन केंद्र में शामिल है भारत

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, पत्रकार हैं)

सकारात्मक छवि गढ़ने से बढ़ता है पर्यटन

वेदों में कहा गया है कि अतिथि देवो भवः अर्थात् अतिथि देवता के समान होता है। अतिथि के लक्षणों का वर्णन करते हुए महर्षि शातातप कहते हैं कि जो सज्जन बिना किसी प्रयोजन, बिना बुलाए, किसी भी समय और किसी भी स्थान से घर में उपस्थित हो जाए, उसे अतिथि रूपी देव ही समझना चाहिए। सूत जी के कथनानुसार अतिथि की सेवा-सत्कार से बढ़कर कोई अन्य महान कार्य नहीं है। यह वाक्य सिर्फ घर आए एक मेहमान के लिए ही नहीं, बल्कि किसी अन्य देश, किसी अन्य राज्य या किसी अन्य महाद्वीप से आपकी संस्कृति, सभ्यता, इतिहास को जानने वाले पर्यटक के लिये भी है। भारत की अर्थव्यवस्था में तीसरा सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा पर्यटन का है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में 7.7 फीसदी लोग अपनी आजीविका पर्यटन के माध्यम से चला रहे हैं। भारतीय संस्कृति और धरोहरों के प्रति विश्व भर के लोगों को आकर्षित करने और इन्हें अधिक से अधिक संख्या में यहां आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 25 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से देश में अधिक से अधिक लोगों को जीविका उपलब्ध कराना ही है, साथ ही भारत को पर्यटन के रूप में विश्व के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। आर्थिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का एक उद्देश्य देश में विदेशी मुद्रा के खजाने को बढ़ाना है, साथ ही देश की जीडीपी को भी विकसित करना है। भारतीय संस्कृति में पर्यटन आज से नहीं है, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो विदेशी यात्रियों द्वारा भारत की यात्रा और उसके वृत्तांत सैकड़ों वर्ष पहले लिखे गए तो स्वामी विवेकानंद ने भी धर्म के प्रचार के लिए शिकागो धर्म सम्मेलन में हिस्सा लिया। यह भी पर्यटन का ही एक तरीका है, जिसे धर्म के लिए पर्यटन कह सकते हैं। तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने से पहले अपने राजनैतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले के कहने पर पूरे देश का भ्रमण किया था।

राहुल सांकृत्यायन हिंदी यात्रा साहित्य के जनक

हिन्दी यात्रा साहित्य का जनक महापंडित राहुल सांकृत्यायन को माना जाता है। हिंदी में राहुल साकृत्यायन जैसा विद्वान, घुमक्कड़ व 'महापंडित' की उपाधि से स्मरण किया जाने वाला कोई अन्य साहित्यकार नहीं है। उनका असली नाम केदार पांडेय था। उन्होंने विश्व के अनेक देशों की यात्रा की और पढ़ाई-लिखाई खूब की। इस घुमक्कड़ी के चलते महापंडित हिंदी, उर्दू, संस्कृत, तमिल, कन्नड़, पाली, अंग्रेजी, जापानी, रूसी, तिब्बती और फ्रांसीसी भाषाओं के अच्छे जानकार हो गये। कहते हैं इनके अतिरिक्त भी उन्हें 20-25 भाषाओं का ज्ञान था। साल 1917 में रूसी क्रांति के दौर में रूस पहुंच गए। वहां रूसी क्रांति के कारणों का गहन अध्ययन कर उन्होंने एक पुस्तक लिखी। अपने जीवनकाल में 50 हजार से अधिक पन्ने लिखने वाले राहुल सांकृत्यायन ने अपने घुमक्कड़ी जीवन में कितने लाख किलोमीटर की यात्रा की यह लोग नहीं जानते हैं। प्रसिद्ध पुस्तक 'मध्य एशिया का इतिहास' की रचना के लिए राहुल सांकृत्यायन 200 से अधिक किलो वजन की किताबें सोवियत संघ से अपने साथ भारत लेकर आए थे। राहुल ने अपनी यात्रा के अनुभवों को लेकर एक किताब 'घुमक्कड़ शास्त्र' भी लिखी थी। राहुल सांकृत्यायन ने पर्यटन यानी घुमक्कड़ी के महत्व के बारे में लिखा है कि, मेरी समझ में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वस्तु है घुमक्कड़ी। घुमक्कड़ से बढ़कर व्यक्ति और समाज का कोई हितकारी नहीं हो सकता। दुनिया दुख में हो चाहे सुख में, सभी समय यदि सहारा पाती है तो घुमक्कड़ों की ही ओर से। प्राकृतिक आदिम मनुष्य परम घुमक्कड़ था। आधुनिक काल में घुमक्कड़ों के काम की बात कहने की आवश्यकता है, क्योंकि लोगों ने घुमक्कड़ों की कृतियों को चुरा के उन्हें गला फाड़-फाड़कर अपने नाम से प्रकाशित किया। जिससे दुनिया जानने लगी कि वस्तुतः तेली के कोल्हू के बैल ही दुनिया में सब कुछ करते हैं। आधुनिक विज्ञान में चार्ल्स डार्विन का स्थान बहुत ऊंचा है। उसने प्राणियों की उत्पत्ति और मानववंश के विकास पर ही अद्वितीय खोज नहीं की, बल्कि कहना चाहिए कि सभी विज्ञानों को डार्विन के प्रकाश में दिशा बदलनी पड़ी। लेकिन, क्या डार्विन अपने महान आविष्कारों को कर सकता था, यदि उसने घुमक्कड़ी का व्रत न लिया होता। आदमी की घुमक्कड़ी ने बहुत बार खून की नदियां बहायी हैं, इसमें संदेह नहीं और घुमक्कड़ों से हम हरगिज नहीं चाहेंगे कि वे खून के रास्ते को पकड़ें। किन्तु घुमक्कड़ों के काफले न आते-जाते, तो सुस्त मानव जातियां सो जातीं और पशु से ऊपर नहीं उठ पातीं। उनके यात्रा साहित्य में योगदान को देखते हुए उनके नाम पर पर्यटन मंत्रालय ने 'राहुल सांकृत्यायन पर्यटन पुरस्कार' शुरू किया। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष पर्यटन विकास से सम्बंधित श्रेष्ठ कृतियों के लिए मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाता है।

पर्यटन क्षेत्र में हो सुधार

जब भी कोई पर्यटक घूमने के लिए आए वह अपने साथ मीठी यादें और सकारात्मक अनुभव लेकर जाए तो निश्चित ही पर्यटन बढ़ेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका को लेकर किए गए एक विश्लेषणात्मक अध्ययन में एक रिसर्च जर्नल में अर्जुन सिंह बघेल ने बताया है कि, देश के पर्यटन को सचमुच बढ़ाना हो तो हमें इसके लिए ठोस उपाय करने होंगे। पर्यटन स्थलों को साफ-सुथरा रखना, पर्यटन स्थलों तक पहुंच को सुगम एवं आकर्षक बनाना, लोगों के निवास, भोजन आदि की उत्तम व्यवस्था करना, पर्यटन स्थलों को मनोरंजन से भरपूर बनाना, सड़क एवं संचार व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखना, लोगों को आकर्षित करने के लिए प्रचार करना आदि कुछ ऐसे उपाय हैं, जिन्हें करके देश के पर्यटन उद्योग को विकसित किया जा सकता है। इसके साथ ही पर्यटन क्षेत्र में निजी उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है, क्योंकि केवल सरकारी प्रयास कारगर नहीं हो सकते हैं। एक विदेशी पर्यटक कार्ल एलीकॉट ने भारत में पर्यटन के दौरान अपने अनुभव एक ब्लॉग पर साझा करते हुए कुछ सुझाव भारत में पर्यटन के सुधार के लिए दिए। उनके मुताबिक महिलाएं चाहें भारतीय हों या विदेशी उनका सम्मान करना चाहिए। कई बार हम महसूस करते हैं कि पर्यटन स्थलों पर लोग महिलाओं को देखकर घूरने लगते हैं जिससे उन्हें असुविधा होती है। उन्होंने लिखा है कि ताजमहल एक भारतीय पर्यटक यदि 20 रुपये में देखता है, जबकि विदेशी पर्यटक को 750 रुपये देने होते हैं, जबकि कई भारतीय भी अधिक धनवान होते हैं। संसद की एक स्थायी समिति ने 2018 में पर्यटन मंत्रालय को आधारभूत ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) पर अधिक व्यय करने का सुझाव दिया था। साथ ही मंत्रालय को विज्ञापन के जरिये पर्यटकों की आकांक्षाएं बढ़ाने तथा वास्तविकता में वह अनुभव नहीं होने के बारे में आगाह किया था। समिति ने कहा था कि विदेशी पर्यटकों के भारत आने के रुझान बढ़ाने एवं प्रचार के तहत आवंटित धन का उपयोग निष्ठा से किया जाना चाहिए ताकि अधिक विदेशी पर्यटक आकर्षित हो सकें। इसमें कहा गया, 'हमें आधारभूत ढांचे पर अधिक व्यय करना होगा और विज्ञापन पर कम। ऐसा न हो कि हमारे अभियान के जरिये ऊंची उम्मीदें जता दी जाएं और उसके अनुसार अनुभव न हो।'

महिला पर्यटकों की हो रही वृद्धि

एक वक्त था जब देश दुनिया में महिलाएं घर की चार-दीवारों में कैद थीं लेकिन अब महिलाएं आर्थिक मोर्चे पर सक्षम हैं। वह देश-दुनिया में आर्थिक योगदान भी करती हैं। ऐसे में पर्यटन को महिलाओं की दृष्टि से भी दुरुस्त करने की आवश्यकता है। कई बार विदेशी या देशी महिला पर्यटकों के साथ यौन हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं, महिलाओं के साथ होने वाले यह अपराध भी देश की छवि खराब करते हैं। इससे पर्यटक अकेले आने से घबराते हैं। इसलिए देश में पर्यटन को बढ़ावा देना है तो उसके लिए महिलाओं के प्रति संवेदनशील और सम्मानजनक रवैये को चुनना होगा। दुनिया में कुछ देश सिर्फ इसलिए पर्यटन के लिए प्रसिद्ध हैं जहां महिलाएं खुद अकेले घूमना पसंद करती हैं। भारत को भी इस तरह विकसित करने के लिए अपराध से मुक्त करना होगा। दुनिया के सबसे सुरक्षित वे देश जहां महिलाएं पर्यटन अकेले कर सकती हैं उनमें कनाडा, फिनलैंड, चिली, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड और उरुग्वे शामिल हैं।

पर्यटन के नए स्वरूप

पिछले कुछ वर्षों में देखा जाए तो पर्यटन में भी कई बदलाव दिखाई दिए हैं जैसे पहले लोग सिर्फ देश में ऐतिहासिक स्थल घूमने आते थे लेकिन अब इको टूरिज़्म, रूरल टूरिज़्म, मेडिकल टूरिज़्म जैसे कई क्षेत्र विकसित हो गए हैं। भारत में अमेरिका की तुलना में स्वास्थ्य सुविधाएं 80 फीसदी सस्ती हैं, इसलिए अब विदेशों से भी लोग चिकित्सा के लिए यहां आने लगे हैं। शहरों की आवोहवा में रहने वाले लोगों के लिए इको टूरिज़्म या रूरल टूरिज़्म बेहतर है। बिहार के पत्रकार और लेखक गिरिन्द्रनाथ झा ने हिंदी के महान साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु के जन्म स्थान औराही हिंगना गांव, जो पूर्णिया जिले में स्थित है, उसके करीब स्थित अपने गांव चनका को ग्रामीण पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया है। वह इस यात्रा के दौरान पर्यटकों को रेणु की नगरी की भी यात्रा कराते हैं। यानी अपने आसपास स्थित साहित्यिक केंद्र, धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्र को स्थानीय स्तर पर भी पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

डेस्टिनेशन वेडिंग से बढ़ता पर्यटन

एक दौर था जब शादी बेटी के अपने शहर या गांव से होती थी, लेकिन अब लोग इस दिन को यादगार बनाने के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग भी करते हैं। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उदयपुर, गोवा, हैदराबाद, जयपुर, अंडमान तथा निकोबार द्वीप और जोधपुर काफी मशहूर हैं। लेकिन इन जगहों पर शादी करने में अधिक खर्च होता है। इसलिए लोग सीमित बजट में भी डेस्टिनेशन वेडिंग करने के लिए मांडू, वाराणसी, नैनीताल या मसूरी, पुष्कर, अलीबाग जैसी जगहों को भी चुन रहे हैं। इस तरह डेस्टिनेशन वेडिंग भी स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन के माध्यम से रोज़गार का एक विकल्प बन रहा है।

(फोटो गूगल से साभार)

HIGH COURT OF MADHYA PRADESH : JABALPUR

ADVERTISEMENT

M.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE (DISTRICT JUDGE - ENTRY LEVEL) DIRECT RECRUITMENT FROM BAR, EXAM-2020

Advertisement No. /Exam/DRHJS/2020 **Dated - 16.01.2020**

Starting Date for submission of Online Application Form – 28.01.2020 (12.00 Noon)
Last Date for submission of Online Application Form – 07.02.2020 (Midnight-11.59PM)
Period of Correction of Online Application – 11.02.2020 to 13.02.2020 (Midnight-11.59PM)
Date of Preliminary Examination – 16.03.2020 (Monday)
Date of Main Examination – Continuous Two days to be notified later.

Only Online applications through **Service Provider (www.mphc.gov.in)** are being invited for **47 posts** in Madhya Pradesh District Judge (Entry Level) in the pay scale of Rs. 51550-1230-58930-1380-63070 (Pre revised) in the cadre of Higher Judicial Service by Direct Recruitment from amongst the eligible advocates under Rule 5(1)(c). Recruitment to these posts and conditions of service will be governed by the M.P. Higher Judicial Service (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 2017, as amended upto date.

Number of Vacancies to the post, Category-wise are as under–

	Total Posts	Schedule Castes	Schedule Tribes	OBCs	Unreserved
Vacancies for the year, 2020	14	2	3	2	7
Carry forward Posts from year 2019 (backlog)	33	5	6	5	17
Total	**47**	**07**	**09**	**07**	**24**

Note:- Out of total 47 (Forty Seven) aforesaid vacancies, 2% posts are reserved for Physically Handicapped (Specially abled) candidates, which shall be free from the reservation roster. It is made clear that no grace marks or concession marks shall be given to such candidates, he / she has to secure minimum marks at each stage provided for respective category.

It is made clear that all candidates who are not bonafide domicile of State of Madhya Pradesh shall be treated as Unreserved category irrespective of their categories in their own States and they are required to fill up their category as Unreserved (UR) in the application forms and wherever required during Process of Examination and Selection.

If such reserved posts or any of them are not filled in a given recruitment year due to non-availability of suitable candidates, they shall be re-advertised for respective categories once more. If any such posts remain vacant due to the same reason, they shall be treated as un-reserved posts.

The number of aforesaid vacancies are likely to be varied, depending upon the requirement of the High Court and exigency of the situation as and when necessary.

Hon'ble the Supreme Court vide order dated 10.05.2019 passed in SLP No. SLP No. 14156/2015 (**Dheeraj Mor Vs. The High Court of Delhi**) has been pleased to direct that "no new appointments be made from now onwards of in-service candidates against quota reserved for Bar."

Selection process is subject to decision of Hon'ble the Apex Court / High Court and decision may affect selection under under Rule 5(1) (c) of M.P. Higher Judicial Service (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 2017.

2. Eligibility/Qualifications:-

No person shall be eligible for appointment to the post of District Judge (Entry Level) in Higher Judicial Service by direct recruitment from Bar unless:-

(a) He/she is citizen of India;
(b) He/she has attained the age of 35 years and has not attained the age of 45 years, as on 1st January, 2020.
(c) (i) He/she has practiced as an Advocate for not less than seven years on continuous basis as on 1st January, 2020 (certificate of competent authority is required).
(ii) Prosecution Officers/Addl./Assistant Prosecution Officer will be treated to be an Advocate and eligible as per judgment of Hon'ble Supreme Court in Civil Appeal No. 561/2013 Deepak Aggarwal Vs. Keshav Kaushik & Others.
(d) He/she has good character and is of sound health and free from any bodily defects, which render him, unfit for such appointment.

The aforesaid fact of practice may be prima facie seen by one or more of the following modes:-

(1) By Income-tax return of candidate (at least three previous years) in which her/his income should be shown from the profession of an advocacy being an advocate. (Detail has to be furnished by the candidate.)
(2) The candidate shall also has to give **detail/list of atleast 10 cases and detail of court concerned Courts/Tribunal in which the candidate is claimed appearance being an advocate, together with the self attested copy of the Judgments/Final orders.**

Note - Candidates interested in and who are eligible for being considered for the post, should submit their applications as per the Online Application-format available on **www.mphc.gov.in** by filling in all details relating to the all certificates/testimonials relating to their date of birth, caste, category, qualifications, domicile, experience, standing at the Bar etc.

3. Disqualifications :-

In any of the following cases, Applicants/Candidates may be liable for prosecution and/or cancellation of their candidature for selection may be canceled and he/she may be prohibited, temporarily or for any specific time period, to appear in any Examination conducted by M.P. High Court :-

(a) has more than one spouse living ;
(b) has been dismissed or removed from service by any High Court, Central or State Government, Statutory Body or Local Authority ;
(c) has been convicted of an offence involving moral turpitude or has been permanently debarred or disqualified by any High Court or Union Public Service Commission or any State Public Service Commission or any Services Selection Board or Staff Selection Commission constituted under statutory provisions by the Government ;
(d) has been involved in such other criminal case which in the opinion of the Appointing Authority is not suitable to discharge the functions as Judicial Officer ;
(e) has been found guilty of professional misconduct under the provisions of the Advocates Act, 1961 or any other law for the time being in force ;
(f) has more than two living children on of whom is born on or after 26.01.2001 in terms of sub-rule (6) of Rule 6 of The Madhya Pradesh Civil Services (General Conditions of Services) Rules, 1961 ;
Explanation :- For the purpose of this Sub Rule, child born within 280 days from the date of 26.01.2001 shall not constitute disqualification;
(g) if he has accepted or accepts dowry at the time of his marriage ;
Explanation :- In this clause, the word "dowry" shall have the same meaning as assigned to it in Dowry Prohibition Act, 1961 (No. 26 of 1961).
(h) if he or she does not fulfill the provisions of M.P. Higher Judicial Service (Recruitment & Conditions of Service) Rules, 2017 and M.P. Civil Services (General Conditions of Service) Rules 1961 and any other Rules/Order(s) prescribed for Cadre of Higher Judicial Service.

Note:- Permission to appear in the exam is provisional and if at any stage, it is found that the candidate does not fulfill the conditions of advertisement or certificates are found false then his/her candidature shall be rejected without assigning any reason.

(i) If he/she takes or attempts to take any favour in any form at any stage of Examination, or,
(j) Impersonation by or for the candidate/applicant, or,
(k) Making or submitting any forged document in support of his or her candidature, or,
(l) If he/she conceals any material information or provides any false information, at any stage of selection process or appointment, or,
(m) If he/she uses or attempts to use, improper or illegal means, either for purpose of being permitted to appear in examination or at any stage of Examination in Examination Room/Hall, or,
(n) If he/she, during Examination or Interview, harasses or threatens or causes physically injury to or misbehaves with, any Officer or employee or person engaged there for, or,
(o) If he/she, disobeys any directions relating to Examination including oral directions by the Invigilator or Observer or any other Officer or Employee engaged in conduction of Examination.
(p) If he/she uses or attempts to use unfair means or brings any prohibited item within the campus or in examination room/hall of online preliminary exam or Main exam or Interview, or causes any harm to the computer or any wire, peripherals attached thereto or to any furniture, buildings or any other thing of any Examination Centre, or talks with any candidate or other person or peeps on the computer-screen, table or answer-sheets of other candidates, during Examination.
(q) Mobile Phones, pagers or any electronic & communication devices/ calculators are banned & not allowed inside the main gate of premises where the examination, either online preliminary or main written Exam, shall be conducted. Any infringement of these instructions shall entail action of cancellation of the candidature and expelling of the candidates from Examination including ban from future examinations.
(r) In all or any of aforesaid case, in addition to the cancellation of candidature/selection/appointment, the candidate may be prosecuted for an offence punishable under M.P. Recognized Examination Act, for which the punishment is up to 3 years of Imprisonment or/and under other relevant Law.
(s) Candidates are advised not to bring any banned items and any valuable/costly items to the examination centre, as there may not be any arrangement for safe-keeping for the same. High Court or Service Provider or Examination Center will not be responsible for any loss in this regard.
(t) Canvassing in any form, at any stage of process, will also be a disqualification. Similarly, any attempt on the part of a candidate to enlist support for his candidature/selection/appointment through persons of influence or officers of Government will also disqualify him for candidature/selection/appointment.

4. Procedure and Direction for submitting Online Application Form :-

(i) By Self Using Internet –

Candidates are required to log on website of **www.mphc.gov.in** and to click on "Recruitment" tab, then click on Online Application for M.P. H.J.S. (Direct Recruitment from Bar) Exam-2020. Now the candidate can see Four links - (1) Advertisement
(2) Registration
(3) Application
(4) Edit Application.

Click on Advertisement/Instructions and read carefully instructions contained in Advertisement/Instructions, thereafter click on "Registration" link and after filling the required information candidate will get the User ID and Password on their Registered Mobile No. and E-mail ID to fill up the Application Form and to upload signature and recent Colour Photo in the last "Document Upload" tab and after preview the form details click on "Submit" button and pay the Application Fee.

Mode of Payment – After completing form details and uploading photo and signature candidate can preview the form by clicking on Preview button then click on Submit button to make the payment by – Debit Card or Internet Banking. After making payment successfully, the candidates are required to take a print out of Application Form by clicking on "Print" tab and keep safely with them for further requirement if and when needed.

Notes :- Before Calling for any help read Advertisement carefully –
(i) For any help regarding Online Application candidate may call on Helpline No. 022-61306271.
(ii) For any help regarding Advertisement candidate may call on Helpline No. 0761-2622395.

5. Examination Fees –

1. For Unreserved (UR) and candidates from the state other then Madhya Pradesh.	**Rs. 795.30/-** [Examination Fee Rs. 400/- + Portal Charge Rs. 395.30/- (335/- + 18% GST for Service Provider)]
2. For Candidates of **Reserved categories** (O.B.C., S.C., S.T. & Specially abled).	**Rs. 395.30/-** [Examination Fee Rs. 0/- + Portal Charge Rs. 395.30/- (335/- + 18% GST) for Service Provider]

Note:- Any Candidate, who is not bonafide resident (domicile) of State of Madhya Pradesh, shall be treated as Unreserved (UR) in all respect for the purpose of selection process and he/she also have to pay Examination fee, accordingly.

6. Travelling Expenses –

No Travelling Expenses or allowances will be payable to any candidate for appearing in Preliminary Examination, Main Examination or Interview.

7. Admit Cards –

Admit Cards/Hall Tickets at each stage of Selection Process (Online Preliminary Exam, Main Written Exam & Interview) Containing necessary instructions shall be generated by Service Provider and the candidate may download the same and take print of Admit Card by login with same User Id and Password. It shall be ensured that Admit Cards are generated by Service Provider atleast **07 days prior** to the date of Examination/Interview.

8. Selection/Recruitment Process-

The Selection/Recruitment process shall be completed in Three Stages-

A. Preliminary/Screening Exam,
B. Main Written Exam and
C. Interview

A- Preliminary/Screening Examination

(1) Date, time, Shifts and Centres -

Online Preliminary Examination, for the purpose of screening, may be held on **16.03.2019**. However, due to any exigency, number of candidates, availability of nodes, technical difficulty or any other reason, the Preliminary Examination may be conducted in two or more shifts either on the same day or on different date(s), though the duration of online Exam of each shift shall be same i.e. Two Hours (120 Minutes). Online Examination, scheduled for any date/Shift, at all or any one or more Center(s), may be cancelled, for any reason including technical snag, calamity, disaster etc. and in case of such cancellation of Exam, the online Examination of all candidates scheduled for that date/shift at such center(s) concerned, may be re-scheduled for other suitable date/shift, time and place(s)/center(s). In such case, the Set of Question Paper shall be different from previous date or shift and any candidate/applicant of Online Examination on any date(s)/ shift(s) and Center(s) shall have no right to raise any sort of objection in this behalf.

Centres - The Online Preliminary Examination shall be held in Jabalpur, Bhopal, Indore, and Gwalior (at all or one or more places) in different Institutions/Colleges as may be identified by the Service Provider for such purpose by keeping in mind the number of candidates appearing in exam.

Though the Candidates may be given option to opt District/City/ Center/shift for Online Preliminary Examination but the District/City/Centre/shift for the candidates, shall be allotted by the Service Provider which shall be final and the candidates shall not have any right to make any objection regarding allotment of District/City/Centre/shift/date.

(2) Practice/Mock Test -

A Mock Test/exam link will be hosted by Service Provider on its website **(www.mphc.gov.in)** for the candidates before sufficient reasonable period from Preliminary Examination in order to make them familiar with the exam pattern and procedure to be adopted by them during examination.

(3) Pattern and Syllabus of Online Preliminary Exam-

The Online Preliminary (Screening) Examination shall be conducted online, through the portal, website and system of Service Provider and there shall be objective multiple choice Questions wherein the candidates shall have 4 options to select the most appropriate/right answer to be given in online Examination.

The Questions of the Question Paper shall be accessible only on the date and at the provided time of online Examination, on the screen of Machine/computer of the candidates and after second logging by using Unique I.D. & Password provided to each candidate. The Keyboard of such computers/machines shall remain inactive during whole examination period.

During Online Examination there shall be shuffling of Questions as well as options of Question, on each computer screen so that there may not be any possibility of same question in same serial no. and same sequence of options of question on other computer screens of any examination Hall/room at any particular time. During Examination, at any point of time, only one question and its shuffled options will appear on screen of computer of any of the candidates of that Exam Hall/Room which may be different question on the other candidates' computer, at any particular point of time.

Once the candidate gives the answer of one question and seal the option by applying Save & Next button, the next question with options, will appear on the computer screen and so on, till the last question of the question paper and unless the opted answer of any question is marked for review, after the answer opted and Save and Next button is applied, the next question with its options will appear on the screen and thereafter, no change in options of the question so answered, may be made. After completing online examination, the candidates shall be required to seal/submit the answered Question Paper, thereafter no addition or amendment of answer/ option can be made .The Data and activity of each candidate taking online examination shall be stored in the server of the Service Provider.

Question paper for Online Preliminary Examination shall contain **150 multiple choice objective type questions** to be **solved within a period of Two hours (120 Minutes).**

The Syllabus with proportionate marks shall be as given hereinafter :-

S.N.	Subject	No. of Ques.	Marks
1.	I.P.C., Cr.P.C. & Evidence Act	30	30
2.	C.P.C.,T.P. Act & Contract Act	20	20
3.	Constitution of India	10	10
4.	Specific Relief Act	5	5
5.	N.D.P.S. Act	4	4
6.	Limitation Act	3	3
7.	Negotiable Instrument Act	3	3
8.	M.P. Land Revenue Code	5	5
9.	M.P. Accommodation Control Act	5	5
10.	Hindu Marriage Act, Hindu. Succession Act & Hindu Adoption & Maintenance Act only)	7	7
11.	SC & ST (Prev. Of Atrocity) Act	3	3
12.	Motor Vehicle Act (Chapter X, XI & XII only)	3	3
13.	Court Fees Act, Indian Registration Act & Indian Stamp Act)	7	7
14.	General Knowledge	15	15
15.	Computer Knowledge	10	10
16.	General English	10	10
17.	Law Lexicon & Maxims	5	5
18.	Medical Jurisprudence	5	5
	Total	**150**	**150**

Note:- *Out of above there shall, also, be some questions based on leading/ latest Supreme Court Decisions and F.B. Decisions of M.P. High Court.*

(4) (i) Objections & Finalization of Model Answers -

After completion of Online Preliminary Examination, the proposed Model Answers/Keys intended to be used for generating result and valuation of online answer-sheet of online Preliminary Exam shall be ported on the website of the M.P. High Court along-with notice, to invite from the candidates objection/clarification etc. regarding any Model Answer/Key. Such objection/clarification may be submitted by the candidate in writing & signed by him or by email to the Principal Registrar/Registrar (Exam) M.P. High Court, Jabalpur, within 07 days during working hours from the date of porting of the proposed Model Answers/Keys. The candidate(s) who raised objection/ clarification must have mentioned his/her name & application number alongwith self attested photo copies of source document(s)/proof on the basis he/she has submitted the objection/ clarification.

Objections received within aforesaid time and in aforesaid manner shall be taken into consideration. However, any objection/clarification received without any authentic proof/source or without signature or any objection/clarification received after aforesaid stipulated period/time shall not be entertained/considered on any ground whatsoever and may be rejected without assigning any reason.

Objections/clarification received in aforesaid manner and mode and within aforesaid time limit along with self attested copies of the source/proof document shall be considered and the model Answers shall be finalized. The Model Answer so finalized shall be used as Keys/model Answer for the generation of result/valuation of the answer-sheets of the candidates of Online Preliminary Exam. After declaration of result of Online Preliminary Exam, no representation regarding any objection/ clarification of any model answer/questions, shall be entertained on any ground, whatsoever it may be, and such representations, if any, received after declaration of the result, shall stand rejected, without assigning any reason.

(ii) Valuation, Minimum marks & Result of Online Preliminary Exam by Service Provider-

After completion of Online Preliminary Examination, the valuation shall be made by the software and system of Service Provider, as early as possible by the Service Provider. The Result shall be uploaded by Service Provider on its website and copy of the Result provided by the Service Provider shall, also, be uploaded on the website of the M.P. High Court.

Minimum Marks -

7. परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण: भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अ.जा./अ.ज.जा./एक्सएस/धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निम्न केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है.

8. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार: (वापस न करने योग्य):

क्र.	श्रेणी	शुल्क/सूचना प्रभार
1.	अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/एक्सएस	नहीं
2.	सामान्य/अपिव/ईडब्ल्यूएस	₹750/-

शुल्क/सूचना प्रभार भुगतान करने पर न तो उसे वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

पूर्ण विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 03.01.2020

महाप्रबंधक
(सीआरपीडी)

इंडियनऑयल

IndianOil

इंडियनऑयल

IndianOil

(भारत सरकार का उपक्रम) सीआईएन - L 23201 MH 1959 GOI 011388

रिफ़ाइनरीज़ प्रभाग के लिए चिकित्सा अधिकारियों (ग्रेड ए) की आवश्यकता

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक महारत्न और अखिल भारतीय स्तर पर मौजूदगी के साथ फॉर्च्यून की प्रतिष्ठित 'ग्लोबल 500' में भारत में सबसे ऊँचे रैंक के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में सूचीबद्ध है तथा 'भारत की ऊर्जा' है। इंडियन ऑयल के व्यावसायिक हितों में संपूर्ण हाइड्रोकार्बन मूल्य शृंखला शामिल है।

इंडियन ऑयल, जिसका विज़न एक विश्वस्तरीय पसंदीदा कंपनी बनना है, अपने रिफ़ाइनरीज़ प्रभाग में चिकित्सा अधिकारियों के पद पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिक्तियों की संख्या: 25

आरक्षण की स्थिति: अनारक्षित-11, अनुसूचित जाति-4, अनुसूचित जनजाति-1, ओबीसी-7, पीडब्ल्यूबीडी-1, ईडब्ल्यूएस-2

तैनाती रिफ़ाइनरीज़ प्रभाग में होगी और यह गुवाहाटी, बरौनी, गुजरात, हल्दिया, मथुरा, पानीपत, डिगबोई, बोंगाईगांव और पारादीप रिफ़ाइनरियों में से किसी एक स्थान पर होगी। पदधारियों को उनके सेवा काल के दौरान केवल इन स्थानों में से किसी भी स्थान पर और नई दिल्ली स्थित मुख्यालय पर तैनात/ स्थानांतरित किया जा सकता है। किसी अन्य प्रभाग में स्थानांतरण की अनुमति नहीं होगी।

क) योग्यता

क1

क्र. सं.	विशेषज्ञता	न्यूनतम योग्यता	अपेक्षित पद
1	स्त्री रोग और प्रसूति	एमडी/ एमएस/(स्त्री रोग और प्रसूति)	7
2	जनरल फिजीशियन	एमडी (जनरल मेडिसिन)	5
3	जनरल सर्जन	एमएस (जनरल सर्जरी)	2
4	पैथोलॉजी	एमडी (पैथोलॉजी)	1
5	पिडियाट्रिक्स	एमडी (पिडियाट्रिक्स)	6
6	ऑर्थोपेडिक	एमएस (ऑर्थोपेडिक)	1
7	एनेस्थीसिया	एमडी (एनेस्थीसिया)	3

संबंधित विषयों में पीजी डिप्लोमा वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं और ऐसे उम्मीदवारों पर स्नातकोत्तर डिग्री के उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने की स्थिति में विचार किया जाएगा।

क2 किसी भी औद्योगिक अस्पताल/ प्रतिष्ठित अस्पताल/ नर्सिंग होम में जनरल मेडिसिन में 4 वर्ष के अनुभव सहित एमबीबीएस डिग्री वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं और ऐसे उम्मीदवारों पर स्नातकोत्तर डिग्री/ डिप्लोमा के उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने की स्थिति में विचार किया जाएगा जैसा कि ऊपर क1 में वर्णित है।

क3 व्यावसायिक स्वास्थ्य में योग्यता/ अनुभव वांछनीय होगा।

क4 एमडी/ एमएस योग्यता रखने वाले चयनित उम्मीदवारों को न्यूनतम मूल वेतन पर 5 वेतन वृद्धि तक का प्रस्ताव दिया जा सकता है। इसी प्रकार, स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एमबीबीएस पश्चात्) योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को 2 वेतन वृद्धि तक का प्रस्ताव दिया जा सकता है।

ख) <u>कार्य की जिम्मेदारियां (सांकेतिक)</u>

- रिफ़ाइनरी अस्पतालों, प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में सभी रोगियों को देखना और उनका इलाज करना।
- आवश्यकतानुसार/ निर्देशानुसार आपातकालीन ड्यूटी करना।
- आवश्यकतानुसार दुर्घटना/ चोट के मामलों का प्रबंधन और उपचार करना।
- स्वास्थ्य जांच करने में अस्पताल प्रशासन/ओएचसी की सहायता करना।
- नर्सिंग, पैरा-चिकित्सा और प्रशासनिक कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों को निर्वहन करने में सुपरवाइज करना।
- समय-समय पर विशेषज्ञता वाले क्षेत्र/सौंपे गए क्षेत्रों में ड्यूटी करना।
- रिफ़ाइनरी अस्पतालों/ प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में चिकित्सा उपकरणों, सहायक उपकरणों और मांग-सूची की निगरानी, रखरखाव और उचित उपयोग सुनिश्चित करना।
- समय-समय पर सीएमओ/ प्रबंधन के निर्देशानुसार किसी भी कार्य को करना।

ग) आयु - सामान्य/ ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए ऊपरी आयु-सीमा 35 वर्ष होगी।

<u>रियायतें/ छूट</u>

1. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/ भू.पू.सै./ पीडब्ल्यूबीडी (संबंधित श्रेणी में विकलांगता की सीमा 40% या उससे अधिक)/ ईडब्ल्यूएस के लिए पदों में आरक्षण सरकारी निर्देशों के अनुसार होगा।
2. अनुसूचित जाति/ जनजाति के लिए आयु में 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 3 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष छूट है।
3. जम्मू और कश्मीर में 1.1.1980 और 31.12.1989 के बीच स्थायी निवास करने वाले उम्मीदवारों के लिए आयु में 5 वर्ष की छूट।
4. केवल ऐसे ओबीसी उम्मीदवार जिनकी जाति/ समुदाय ओबीसी की केंद्रीय सूची में शामिल हैं और जो क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं, वे ओबीसी के लिए लागू आरक्षण का लाभ पाने के पात्र होंगे।
5. ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार जो क्रीमी लेयर में आते हैं (समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संदर्भ में) ओबीसी आरक्षण लाभ के पात्र नहीं हैं। तदनुसार, ऐसे उम्मीदवार पदों के लिए आवेदन करने का विकल्प चुन सकते हैं बशर्ते कि वे अनारक्षित उम्मीदवारों के लिए लागू आयु मानदंडों को पूरा करते हों और अपनी श्रेणी को "यूआर" के रूप में दर्शाएं। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा केवल उन्हीं समुदायों, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित ओबीसी की सामान्य सूची में उल्लेख किया गया है, को आरक्षण के लिए ओबीसी माना जाएगा।
6. ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.01.2019 के का.ज्ञा. सं. 36039/1/2019-स्था. (आरक्षण) के बिंदु सं. 5 के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। इसके प्रारूप को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि उम्मीदवार आवेदन के साथ आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, तो इस संबंध में एक वचनपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए। वचनपत्र का प्रारूप वेबसाइट से सीधे डाउनलोड किया जा सकता है।
7. भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन अधिकारी सहित; ईसीओ/ शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी; एसएससीओ) के मामले में:
   - निर्धारित ऊपरी आयु-सीमा मिलिट्री सेवा की अवधि की छूट के साथ तीन वर्ष तक बढ़ा दी जाएगी (अर्थात् 5 वर्ष की सैन्य सेवा के लिए 34 वर्ष की आयु 3 वर्ष तक बढ़ाई जाएगी; कुल 8 वर्ष; यदि निर्धारित ऊपरी आयु सीमा 26 वर्ष है), बशर्ते कि सशस्त्र बलों में सत्यापन के बाद प्रदान की गई लगातार सेवा अवधि 6 माह से कम न हो, और अलग होने का कारण अन्यथा बर्खास्तगी या कदाचार या अक्षमता के कारण कार्यमुक्ति या स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति न हो।
8. अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी श्रेणियों से संबंधित पीडब्ल्यूबीडी/भू.पू.सै. उम्मीदवार श्रेणियों के तहत संचयी आयु में छूट के लिए पात्र होंगे।
9. भूतपूर्व सैनिकों/ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए आरक्षण समान स्तर पर प्रदान किया जाएगा। विकलांगता की स्वीकार्य श्रेणी पीएल-मस्कुलोस्केलेटल (ओएच-केवल निचले लिम्ब) है। एक खतरनाक उद्योग होने के नाते, अन्य विकलांगता के साथ पीडब्ल्यूबीडी की तैनाती उन्हें ऐसे जोखिम में डाल सकती है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा रहा है।
10. **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016** - धारा 2(आर) 'बेंचमार्क दिव्यांगजनों' को परिभाषित करता है, जैसे कि किसी व्यक्ति को प्रमाणित प्राधिकारी द्वारा निम्न के अनुसार विधिवत प्रमाणित किया गया हो:
    - निर्दिष्ट दिव्यांगता 40% से कम न हो, जहां निर्दिष्ट दिव्यांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित नहीं किया गया है, और
    - ऐसी दिव्यांगता जहां निर्दिष्ट दिव्यांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित किया गया है।
11. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एक दिव्यांगता प्रमाणपत्र (40% या उससे अधिक की दिव्यांगता सहित) प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न कर पाने की स्थिति में पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के रूप में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. केवल आयु छूट (साक्षात्कार योग्यता अंक में कोई छूट नहीं) का लाभ लेने वाले पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को किसी आरक्षित सीट पर विचार करने से पहले अनारक्षित रिक्ति के लिए चयनित सूची में मैरिट के क्रम पर विचार किया जाएगा।
13. बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों को उपयुक्त सहायक उपकरणों का उपयोग करके उन्हें सौंपे गए कार्य को करने और निर्देश लेने में सक्षम होना चाहिए।
14. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम के मानदंड पर जोर नहीं दिया जाएगा, बशर्ते कि उनके पास एक आवश्यक समकक्ष योग्यता हो जो सेवा अवधि के दौरान प्राप्त की गई हो और संबंधित प्राधिकारी द्वारा मान्यता-प्राप्त हो।
15. योग्यता में समानता का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को संबंधित मंत्रालय द्वारा समतुल्य प्रमाण-पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करना होगा।
16. अ.जा./अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी/ भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट।
17. उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए सबसे छोटे मार्ग से एसी सेकेंड क्लास के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी, बशर्ते यात्रा की गई दूरी 30 कि.मी. से कम न हो।

<u>चयन प्रक्रिया</u>

- उम्मीदवारों को (क) पूर्वोत्तर रिफ़ाइनरियों (गुवाहाटी, डिगबोई या बोंगईगांव) (ख) पूर्वोत्तर रिफ़ाइनरियों के अलावा (बरौनी, गुजरात, हल्दिया, मथुरा, पानीपत या पारादीप) (ग) कोई भी रिफ़ाइनरी लोकेशन के दिए गए विकल्पों में से विचार हेतु एक का चयन करना है।

  पूर्वोत्तर क्षेत्र की रिफ़ाइनरियों का चयन करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंध रखने वाले उम्मीदवारों का चयन होने पर प्रारंभिक तैनाती के लिए इनमें से किसी एक रिफ़ाइनरी जैसे गुवाहाटी, डिगबोई या बोंगाईगाँव के लिए विचार किया जा सकता है।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र की रिफ़ाइनरियों का चयन करने लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्रों से संबंध न रखने वाले उम्मीदवारों का चयन होने पर प्रारंभिक तैनाती के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र की रिफ़ाइनरियों सहित किसी भी रिफ़ाइनरी लोकेशन के लिए विचार किया जा सकता है।
- चयन प्रक्रिया में केवल व्यक्तिगत साक्षात्कार होगा।

- चयन हेतु उपयुक्त होने के लिए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार में न्यूनतम 50% योग्यता अंक (अ.जा./अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल), पीडब्ल्यूबीडी/भू.पू.सै. उम्मीदवारों के लिए 40%) प्राप्त करने होंगे।
- न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने का अभिप्राय यह नहीं है कि उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के अंतिम चयन का अधिकार या दावा प्राप्त हो जाएगा, क्योंकि यह प्रत्येक श्रेणी के लिए लागू पदों, संबंधित समग्र योग्यता और विज्ञापन में विनिर्दिष्ट शर्तों से संबंधित है।
- यदि एक से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं, तो मैरिट सूची में उम्मीदवार का स्थान निर्धारित करने के लिए वांछित योग्यता/ अनुभव के बाद जन्म तिथि को ध्यान में रखा जाएगा।

शारीरिक योग्यता

- चयनित उम्मीदवारों को 'रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा' से गुजरना होगा और उन्हें इंडियन ऑयल के पूर्व-नियोजित चिकित्सा मानक के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किया जाना चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे 'पूर्व नियोजन चिकित्सा परीक्षा के लिए शारीरिक योग्यता के दिशानिर्देश और मानदंड' को पढ़ें। यह दिशानिर्देश वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

घोषणा करने की जिम्मेदारी

1. कथित बीमारियों, कमियों या असामान्यता वाले उम्मीदवार और जो उपर्युक्त शारीरिक योग्यता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें अपना आवेदन प्रस्तुत करते समय इस आशय की घोषणा करनी होगी।
2. किसी भी रिफ़ाइनरी यूनिट द्वारा की गई मेडिकल परीक्षा के दौरान यदि कोई उम्मीदवार पूर्व में नियमित रोजगार पाने के लिए अयोग्य पाया गया, तो उसे अयोग्य घोषित होने के कारणों को बताना आवश्यक होगा।
3. उम्मीदवारों को आवश्यक रूप से यह घोषित करना होगा कि उन्हें विधि न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए गिरफ्तार करने, उन पर मुकदमा चलाने, हिरासत में रखने या उन पर जुर्माना लगाए जाने के कारण किसी भी लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें प्रतिबंधित किया गया है/अयोग्य ठहराया गया है।

वेतन और भत्ते

- चयनित उम्मीदवारों को 60,000 -1,80,000/- रुपए के वेतनमान में रखा जाएगा।
- अन्य भत्ते/ लाभ कॉर्पोरेशन के नियमों के अनुसार डीए (आईडीए पैटर्न)/ एचआरए/ रियायती आवास (तैनाती के स्थान पर आधारित), चिकित्सा सुविधाएं, ग्रेच्यूटी, अंशदायी भविष्य निधि, कर्मचारी पेंशन योजना, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना, अवकाश नकदीकरण, छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी)/ एलएफए, अंशदायी अधिवर्षिता लाभ निधि योजना, वाहन अग्रिम/ रखरखाव प्रतिपूर्ति, कार्य-निष्पादन से संबंधित वेतन (पीआरपी), नॉन-प्रैक्टिसिंग भत्ता (एनपीए) और पूर्वोत्तर भत्ता आदि, जैसा भी मामला हो, शामिल है।
- वर्तमान में कार्य-निष्पादन से संबंधित वेतन को मिलाकर कंपनी की लागत लगभग 20 लाख रुपए है।

सेवा देयता

- चयनित उम्मीदवारों को कॉर्पोरेशन में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए तीन लाख रुपए (अ.जा./अ.ज.जा. ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए रु.50000/-) का बॉन्ड निष्पादित करना होगा।

सामान्य

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. अनुभव और आयु संबंधी आवश्यकता **31.12.2019** के अनुसार होगी।
3. जन्म तिथि का उल्लेख करते हुए मैट्रिक उत्तीर्ण करने के लिए माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज होगा।
4. विदेशी संस्थानों/विश्वविद्यालयों से प्राप्त योग्यता के मामले में, इसे भारतीय संस्थानों/विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की जाने वाली योग्यताओं के समकक्ष माना जाएगा, बशर्ते कि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से ऐसी योग्यता के लिए समकक्ष प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकें।
5. सरकारी विभाग/ पीएसयू/ स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित चैनल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा, ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. गलत/झूठी सूचना प्रदान करने या तथ्यात्मक सूचना को छिपाना अयोग्यता मानी जाएगी। चूंकि सभी आवेदनों की व्यक्तिगत साक्षात्कार से पहले जांच की जाएगी, इसलिए उम्मीदवार जिस पद के लिए वे आवेदन कर रहे हैं, उसकी उपयुक्तता से स्वयं को पूरी तरह से संतुष्ट होना चाहिए। यदि चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण पर यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार ने गलत या झूठी जानकारी दी है या तथ्यात्मक जानकारी को छिपाया है या पात्रता के किसी भी मापदंड के संबंध में अयोग्य पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा। यदि पात्रता मापदंडों, गलत/ झूठी सूचना प्रस्तुत करने और या किसी भी सामग्री तथ्य को छिपाने संबंधी उपर्युक्त किसी भी विसंगति का नियुक्ति के बाद भी पता चलता है, तो उनकी सेवाएं आगे कोई सूचना दिए बिना समाप्त कर दी जाएंगी। उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मुकदमा भी चलाया जा सकता है।
7. आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और यह बाद में प्रमाण-पत्र/ प्रशंसापत्र, चिकित्सा फिटनेस आदि का सत्यापन किए जाने के अधीन होगी।
8. एक से अधिक विकल्प देने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को फौरन ही खारिज कर दिया जाएगा।
9. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान किसी भी रूप में पैरवी करने से उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
10. प्रबंधन के पास बिना कोई नोटिस जारी किए या बिना कोई कारण बताए, भर्ती/ चयन प्रक्रिया को रद्द करने/ सीमित करने/ विस्तार करने/ संशोधित करने/ बदलने का अधिकार है।
11. उम्मीदवार वेबसाइट www.iocl.com में **'What's New'**>click on **"Recruitment of Medical Officers – 2020" (विज्ञापन सं. आरडी-2020 दिनांक 04.01.2020)** पर क्लिक करके चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार वेबसाइट से आवेदन-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
12. इस विज्ञापन के संबंध में, शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट आदि, यदि कोई हो, केवल **www.iocl.com** पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। उम्मीदवारों को अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए समय-समय पर उपर्युक्त वेबसाइट को देखने की सलाह दी जाती है।
13. शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनके आवेदन-पत्रों में दी गई ई-मेल आईडी के माध्यम से सूचित किया जाएगा।
14. आवेदन जमा करने की तारीख तक **परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों को पात्र नहीं माना जाएगा।**
15. निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द कर दी जाएगी।
16. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों को **साधारण डाक से 31.01.2020 तक** या उससे पहले **'विज्ञापनदाता, पोस्ट बॉक्स नं.3096, प्रधान डाकघर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेजा जाना चाहिए।**
17. निर्धारित तिथि तक प्राप्त न होने वाले या अधूरे आवेदनों अर्थात् फोटो/ उचित दस्तावेज/ शुल्क भुगतान रसीद (जहां भी लागू हो) आदि के बिना प्राप्त आवेदन आगे कोई सूचना दिए बिना रद्द कर दिए जाएंगे।
18. किसी भी जानकारी के लिए उम्मीदवार इंडियन ऑयल को recruitmentMO2019@indianoil.in पर लिख सकते हैं।
19. कृपया ध्यान दें कि सभी दृष्टि से पूर्ण आवेदन केवल **साधारण डाक** द्वारा ऊपर उल्लिखित पते पर भेजे जाने चाहिए। अन्य किसी माध्यम अर्थात् कूरियर/ पंजीकृत पोस्ट/ स्पीड पोस्ट आदि द्वारा या क्र.सं. 16 में ऊपर उल्लिखित पते के अलावा अन्य किसी पते पर भेजे गए आवेदन फौरन **रद्द** कर दिए जाएंगे।
20. गुवाहाटी और नई दिल्ली में व्यक्तिगत साक्षात्कार **फरवरी 2020 के तीसरे सप्ताह** में आयोजित किए जाने की संभावना है।
21. विवाद, यदि कोई हो, तो वे नई दिल्ली न्यायलयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।

आवेदन पत्र भरने से पहले अपेक्षाएं

- निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार वेबसाइट **www.iocl.com** में **'What's New'>click on "Recruitment of Medical Officers – 2020 (विज्ञापन सं. आरडी-2020 दिनांक 04.01.2020)"** पर क्लिक करके आवेदन-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र भरने से पहले शैक्षिक योग्यता और अन्य पात्रता मानदंड का विवरण जानने के लिए पूरा विज्ञापन पढ़ने की सलाह दी जाती है।
- आवेदन प्रपत्र में शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति/ उप-जाति का विवरण देना होगा, जिसमें जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा जारी करने की तारीख एवं पदनाम, मूल राज्य आदि का विवरण शामिल होना चाहिए।
- आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को निम्नलिखित को तैयार रखना चाहिए।
  - एक सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नं. जो कम से कम एक वर्ष के लिए वैध होना चाहिए। उम्मीदवारों के साथ समस्त पत्राचार केवल ईमेल/ एसएमएस अलर्ट के माध्यम से किए जाएंगे। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के न पहुंचने के लिए आईओसीएल ज़िम्मेदार नहीं होगा।
  - संबंधित प्रमाण-पत्र/ प्रशंसापत्र/ दस्तावेज/आयु, जाति, शैक्षिक योग्यता, पद-योग्यता अनुभव (यदि लागू हो), दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो), सेवा कार्यमुक्त प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) आदि।
- उम्मीदवार राज्य चिकित्सा परिषद/ मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण-पत्र और पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रतियां भी संलग्न करें।
- सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी उम्मीदवारों को 300/- रुपए (तीन सौ रुपए) के अप्रतिदेय आवेदन शुल्क का केवल भारतीय स्टेट बैंक ई-कलेक्ट (**https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm**) के माध्यम से ही भुगतान करना होगा। इसके भुगतान की प्रक्रिया निम्नानुसार है:
  - क्लिक फॉर पेमेन्ट लिंक पर 'क्लिक करने पर, उम्मीदवारों को पहले ***'अखिल भारतीय'*** और फिर ***'पीएसयू'*** चुनना होगा, उसके बाद **'इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड'** चुनना होगा। उम्मीदवार द्वारा चुना गया अंतिम विकल्प ***'चिकित्सा अधिकारी 2020-रिफ़ाइनरीज़ प्रभाग' (विज्ञापन सं. आरडी-2020 दिनांक 04.01.2020)*** होगा। अंतिम विकल्प पर क्लिक करने पर, भुगतान विंडो खुल जाएगी और उम्मीदवार भुगतान कर सकते हैं। भुगतान के बाद, कृपया रिकॉर्ड के लिए भुगतान की पुष्टि का प्रिंट लें और उसे आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें।
  - आवेदन शुल्क का भुगतान करने की सुविधा ***25.01.2020 (17.30 बजे)*** तक उपलब्ध होगी, ताकि उम्मीदवारों के पास भुगतान प्राप्ति की पुष्टि पर्ची सहित उसे उपर्युक्त पते पर 31.01.2020 को या उससे पहले भेजने के लिए पर्याप्त समय हो।
- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी/भू.पू.सै. श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।
- उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र भरने और उसे अंतिम रूप से भेजने से पहले प्रत्येक जानकारी/ विवरण की सटीकता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए। उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी/ विवरण के लिए पूरी तरह से/ विशेष रूप से जिम्मेदार होंगे।

महत्वपूर्ण तिथियां

आईओसीएल वेबसाइट में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि/ आवेदन-पत्र की उपलब्धता
04.01.2020 (10.00 बजे)।

एसबीआई ई-कलेक्ट के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करने की तिथि
04.01.2020 (10.00 बजे) - 25.01.2020 (17.30 बजे)।

साधारण डाक द्वारा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि
31.01.2020

व्यक्तिगत साक्षात्कार के बारे में सूचना की संभावित तारीख
फरवरी 2020 का दूसरा सप्ताह

गुवाहाटी और नई दिल्ली में व्यक्तिगत साक्षात्कार की संभावित तिथि
फरवरी 2020 का तीसरा सप्ताह।

नोट: किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी वर्जन मान्य होगा।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

आवेदन-पत्र

विज्ञापन सं.: आरडी-2020
आवेदन तिथि:

चिकित्सा अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए आवेदन

:: व्यक्तिगत सूचना विवरण ::

जिसके लिए आवेदन किया (1) पूर्वोत्तर की रिफ़ाइनरियों के लिए ☐
(2) पूर्वोत्तर की रिफ़ाइनरियों के अलावा ☐
(3) कोई भी रिफ़ाइनरी ☐

उम्मीदवार का नाम		अपना हाल का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएँ	
पिता/ पति का नाम			
जन्म तिथि	दिन/ माह/ वर्ष		
31.12.2019 को आयु	..... वर्ष..... महीने..... दिन		
लिंग	पुरुष/ महिला/ अन्य		
वैवाहिक स्थिति	अविवाहित/ विवाहित		
अधिवास की स्थिति	राज्य का नाम	क्या जम्मू-कश्मीर के स्थायी निवासी हैं	हां/ नही
धर्म	हिंदू / मुस्लिम / सिख / ईसाई / पारसी / जैन / अन्य		
राष्ट्रीयता			
क्या आप वर्तमान में आईओसीएल में कार्यरत हैं	हां/नहीं यदि हां, रिफ़ाइनरी लोकेशन का नाम		
ई-मेल आईडी		वैकल्पिक ई-मेल आईडी	
मोबाइल नं.		वैकल्पिक मोबाइल नं.	

स्थाई पता	पत्राचार का पता

निकटतम रेलवे स्टेशन	

:: अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस के मामले में ::

वर्ग	अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस
उप-जाति / समुदाय का नाम:	
जाति, आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने की तिथि	दिन/ माह/ वर्ष
प्रमाण-पत्र जारी करने वाला प्राधिकारी	

:: पीडब्ल्यूबीडी के मामले में (बेंचमार्क दिव्यांगजन) ::

क्या पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के हैं	हां/ नही		
यदि हाँ, तो बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणी		% / यथा परिभाषित	

:: भूतपूर्व सैनिकों के मामले में ::

क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं	हां/ नही
क्या आपने सशस्त्र बल में 6 महीने की सेवा की है?	हां/ नही
भूतपूर्व सैनिक के सेवा वर्ष की अवधि	

मुझे सेवा से नियुक्ति की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद, अन्यथा मेरे द्वारा अनुरोध किए जाने पर कार्यमुक्त किया गया था या कदाचार या अक्षमता के कारण बर्खास्त या डिस्चार्ज किया गया था, और मुझे ग्रेच्युटी दी गयी थी।

:: आवेदित पद और योग्यता के बारे में सूचना ::

योग्यता	स्कूल/कॉलेज/ विश्वविद्यालय का नाम	डिग्री का नाम	विशेषज्ञता	प्रवेश का वर्ष (----)	उत्तीर्ण वर्ष (----)	द्वारा मान्यता-प्राप्त पाठ्यक्रम
10वीं						
12वीं						
स्नातक डिग्री						
स्नातकोत्तर डिग्री						

:: अनुभव का विवरण (केवल योग्यता प्राप्ति के बाद) ::

क्र.सं.	संगठन का नाम	पदनाम / धारित पद	अवधि (दिन /माह/ वर्ष)		अनुभव की अवधि			कार्य का स्वरूप
			(से)	(तक)	वर्ष	माह	दिन	
31.12.2019 तक कुल संगत अनुभव		... वर्ष ... माह						

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मुझे मेरे पिछले रोजगार से बर्खास्त/ सेवामुक्त/निलंबित नहीं किया गया है।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं। मैं समझता हूं कि किसी भी जानकारी के गलत/ झूठा पाए जाने की स्थिति में या मेरे द्वारा पात्रता मानदंड को पूरा न करने पर, चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई भी कारण बताए बिना मेरी उम्मीदवारी रद्द/ समाप्त कर दी जाएगी। मैंने विज्ञापन की सभी विषय-वस्तु को पढ़ा है और मैं आवेदन किए गए पद के नियमों, विनियमों और प्रक्रिया का पालन करने के लिए सहमत हूं।

मैंने आईओसीएल वेबसाइट पर दी गई 'रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा के लिए शारीरिक योग्यता के दिशानिर्देश और मानदंड' पढ़े हैं।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

उम्मीदवार कृपया ध्यान दें:

1. आपको अपने रिकॉर्ड और भावी संदर्भ के लिए इस आवेदन-पत्र की एक फोटोकॉपी रखने की सलाह दी जाती है।
2. कृपया उपलब्ध कराए गए स्थान पर नवीनतम अच्छी गुणवत्ता वाली हाल की रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएँ । आपको सलाह दी जाती है कि भावी उपयोग के लिए अपने पास उसी प्रकार का एक फोटोग्राफ रखें।
3. कृपया इस मूल आवेदन प्रपत्र को जांच-सूची में उल्लिखित सभी सहायक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों के साथ **साधारण डाक** से **31.01.2020** तक निम्नलिखित पते पर भेजें:

   विज्ञापनकर्ता

   पोस्ट बॉक्स नं.: 3096 प्रधान डाकघर, लोधी रोड

   नई दिल्ली - 110003
4. कृपया नवीनतम जानकारी के लिए अपने ई-मेल की जाँच करते रहें और आगामी अपडेट के लिए हमारी वेबसाइट www.iocl.com देखते रहें।
5. किसी भी जानकारी के लिए आप recruitmentMO2019@indianoil.in पर लिख सकते हैं।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

संलग्न दस्तावेजों की जाँच-सूची (सभी दस्तावेज स्वप्रमाणित होने चाहिए)

(संलग्न दस्तावेजों पर सही का निशान लगाएं)

		टिक करें (✓)
जन्म तिथि का प्रमाण ((जन्म तिथि का उल्लेख करते हुए मैट्रिक उत्तीर्ण करने के लिए माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण-पत्र)		
फोटो पहचान प्रमाण (ड्राइविंग लाइसेंस/ वोटर आईडी/ पैन कार्ड /आधार कार्ड / पासपोर्ट)		
अनिवार्य योग्यता (सभी मार्कशीट (सभी सेमेस्टर) और डिग्री प्रमाण-पत्र की प्रतियां)		
(चिकित्सा अधिकारी)	एमडी/ एमएस / डिप्लोमा	
	एमबीबीएस	
	इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण-पत्र	
	स्टेट मेडिकल काउंसिल / मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से पंजीकरण प्रमाण-पत्र	
	समकक्ष योग्यता प्रमाणपत्र, यदि लागू हो	
मैट्रिक और हायर सेकंडरी सहित संबंधित बोर्ड/ विश्वविद्यालय द्वारा जारी सभी मार्कशीट / उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र / डिग्री की प्रतियां		
अनुभव का प्रमाण (अनुभव प्रमाण-पत्र)		
जाति प्रमाण-पत्र (हमारी वेबसाइट में उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र)		
भूतपूर्व सैनिक (सेवा प्रमाण-पत्र)		
बेंचमार्क दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (हमारी वेबसाइट में उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में)		
आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र (हमारी वेबसाइट में उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में)		
सरकारी/ अर्ध-सरकारी/ पीएसयू/ स्वायत्त निकाय में सेवारत हो तो नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी)		

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमेर)

JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION AND RESEARCH (JIPMER)

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान), धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी

(An institution of National Importance under the Ministry of Health & Family Welfare), Dhanvantri Nagar, Puducherry - 605 006

दूरभाष/Phone: 0413 – 2296022 वेबसाइट/Website: www.jipmer.edu.in फैक्स/Fax: 0413 – 2272067 - 2272735

जिपमेर प्रशा. I/के.के.एल./सी.भ./1(1)/2019 दिनांक : **21.12.2019**

निदेशक, जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी–605 006 द्वारा पात्र उम्मीदवारों से नीचे दिए गए विवरणानुसार कारैक्काल–609 602 में स्थित जिपमेर कारैक्काल कैंपस के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्रम सं.	पद कोड	पद का नाम	पदों की संख्या व आरक्षण					
			कुल पद	यू.आर.	ई.डब्ल्यू.एस.	ओ.बी.सी.	एस.सी.	एस.टी.
		वर्ग – 'ख' पद						
1	212019	नर्सिंग अधिकारी	150	59	15	41	23	12
2	222019	चिकित्सा समाज सेवक	2	1	-	1	-	-
3	232019	कनिष्ठ अभियंता (सिविल)	1	1	-	-	-	-
4	242019	कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल)	1	1	-	-	-	-
		कुल	**154**	**62**	**15**	**42**	**23**	**12**
		वर्ग – 'ग' पद						
5	252019	आशुलिपिक ग्रेड-II	8	3	1	2	1	1
		कुल	**8**	**3**	**1**	**2**	**1**	**1**
		वर्ग 'ख' + वर्ग 'ग'–कुल पद	**162**	**65**	**16**	**44**	**24**	**13**

टिप्पणी : पदों की संख्या अनंतिम है और इस संस्थान की आवश्यकता के आधार पर इसमें बदलाव भी हो सकता है। यदि परीक्षा के आयोजन से पहले पद की संख्या में कोई परिवर्तन होता है, तो इसे जिपमेर वेबसाइट **www.jipmer.edu.in** पर अपलोड किया जाएगा।

अनुप्रस्थ आरक्षण :

उपरोक्त पदों में संकेतित रिक्तियों की संख्या में निम्नलिखित अनुप्रस्थ आरक्षण भी शामिल है :

पद कोड संख्या	पद का नाम	विकलांगता की श्रेणी जिसे पी.डब्ल्यू.डी.एस. (विकलांग व्यक्ति) के पद के लिए उपयुक्त पहचाना जाता है।
212019	नर्सिंग अधिकारी	06 ओ.एच. (ओ.एल. – (सिर्फ एक पैर)

टिप्पणी : अनुप्रस्थ आरक्षण यानी पी.डब्ल्यू.डी.एस. कोटा के तहत नियुक्त उम्मीदवारों को अ.जा./अ.ज.जा./ई.डब्ल्यू.एस/अ.पि.जा./अनारक्षित (यू.आर) के संबंधित श्रेणियों की रिक्तियों के विरुद्ध समायोजित किया जाएगा।

वर्ग – 'ख' पद

पद कोड सं.	**212019**
पद का नाम	**नर्सिंग अधिकारी**
अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सामान्य नर्सिंग एवं मिड्वाइफरी में डिग्री या डिप्लोमा या उसके समानक अर्हता। (ii) भारतीय नर्सिंग परिषद अधिनियम 1947/किसी राज्य नर्सिंग परिषद के अधीन नर्स एवं मिड्वाइफ के रूप में पंजीकृत।
वेतनमान	7 वें सी.पी.सी. पे मैट्रिक्स के स्तर 7 वेतन रु.44,900/- (संशोधन पूर्व रु.9300-34800 + जी.पी. रु.4600/-)
आयु सीमा	**35 वर्ष तक**

पद कोड सं.	**222019**
पद का नाम	**चिकित्सा समाज सेवक**
अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव	**अनिवार्य :** i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से चिकित्सा समाज सेवा में विशेषज्ञता के साथ समाज सेवा में स्नातकोत्तर डिग्री या उसके समानक अर्हता। ii) समाज कार्य में दो वर्ष का अनुभव।
वेतनमान	7 वें सी.पी.सी. पे मैट्रिक्स के स्तर 6 वेतन रु.35,400/- (संशोधन पूर्व रु.9300-34800 + जी.पी. रु.4200/-)
आयु सीमा	**35 वर्ष तक**

पद कोड सं.	**232019**
पद का नाम	**कनिष्ठ अभियंता (सिविल)**
अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव	**अनिवार्य :** i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और ii) अधिमानतः चिकित्सालय वातावरण में सिविल परियोजनाओं के डिजाइन और इंजीनियरिंग में दो वर्ष का अनुभव। **या** i) मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा और ii) अधिमानतः चिकित्सालय वातावरण में सिविल परियोजनाओं के डिजाइन और इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का अनुभव।
वेतनमान	7 वें सी.पी.सी. पे मैट्रिक्स के स्तर 6 वेतन रु.35400/- (संशोधन पूर्व रु.9300-34800 + जी.पी. रु.4200/-)
आयु सीमा	**30 वर्ष तक**

पद कोड सं.	**242019**
पद का नाम	**कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल)**
अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव	**अनिवार्य :** i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग में स्नातकय और ii) अधिमानतः चिकित्सालय वातावरण में इलेक्ट्रिकल संस्थापनों की योजना, निष्पादन और रखरखाव में दो वर्ष का अनुभव। **या** i) मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमाय और ii) अधिमानतः चिकित्सालय वातावरण में इलेक्ट्रिकल संस्थापनों की योजना, निष्पादन और रखरखाव में तीन वर्ष का अनुभव।
वेतनमान	7 वें सी.पी.सी. पे मैट्रिक्स के स्तर 6 वेतन रु.35400/- (संशोधन पूर्व रु.9300-34800 + जी.पी. रु.4200/-)
आयु सीमा	**30 वर्ष तक**

वर्ग – 'ग' पद

पद कोड सं.	**252019**
पद का नाम	**आशुलिपिक ग्रेड II**
अनिवार्य अर्हता एवं अनुभव	i) मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण या उसके समानक अर्हता। ii) कौशल परीक्षण मानदंड श्रुतलेख : 10 मिनट @ प्रति मिनट 80 शब्द प्रतिलेखन : 50 मिनट (अंग्रेजी) (कंप्यूटर पर)
वेतनमान	7 वें सी.पी.सी. पे मैट्रिक्स के स्तर 4 वेतन रु.25500/- (संशोधन पूर्व रु.5200-20200 + जी.पी. रु.2400/-)
आयु सीमा	**27 वर्ष तक**

1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
2. उम्मीदवार को पंजीकरण की अंतिम तिथि यानी **27.01.2020** तक न्यूनतम **आयु 18 वर्ष** होनी चाहिए।
3. प्रत्येक पद से संबंधित आयु, अर्हता, अनुभव, शुल्क, परीक्षा प्रणाली/भुगतान माध्यम और पात्रता/अन्य शर्तें आदि विवरण जिपमेर वेबसाइट : **https://www.jipmer.edu.in** पर उपलब्ध है।
4. अनंतिम रूप से ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक **23.12.2019** (सोमवार) से शुरू होता है।
5. ऑनलाइन में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **27.01.2020 (सोमवार) शाम 4.30 बजे** तक है।

टिप्पणी : यदि हिंदी रूपांतर को समझने में किसी भी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में अंग्रेजी रूपांतर सर्वमान्य होगा।

निदेशक

मंत्रियों की स्वेच्छानुदान राशि बढ़कर हुई एक करोड़ रुपये

भोपाल, राज्य शासन ने मंत्री और राज्यमंत्री द्वारा दी जाने वाली स्वेच्छानुदान की वार्षिक राशि में बढ़ोत्तरी की है। अब प्रत्येक मंत्री को 50 लाख रुपये के स्थान पर एक करोड़ रुपये और राज्य मंत्री को 35 लाख रुपये के स्थान पर 60 लाख रुपये वार्षिक स्वेच्छानुदान राशि की पात्रता रहेगी। मंत्रिपरिषद् द्वारा गत् 4 जनवरी 2020 को लिये गये निर्णय के पालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 8 जनवरी 2020 को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्री स्वेच्छानुदान राशि से एक वर्ष में किसी एक मामले में 20 हजार रुपये तक और राज्यमंत्री 16 हजार रुपये तक अनुदान दे सकेंगे। यह राशि प्राकृतिक-आकस्मिक आपदा से प्रभावित परिवार के व्यक्तियों, हाट-बाजार तथा मेलों में घटना में घायलों/मृतकों के परिवारों को, बिजली के करंट से घायल/मृत व्यक्तियों के परिवार को, रेल-बस आदि दुर्घटना, डकैतों/चोरों द्वारा लूट करने के दौरान मृतकों-घायलों के परिवारों को, खान दुर्घटना, डूबने से मृत्यु में आर्थिक सहायता दी जा सकेगी।

इसी के साथ चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में तथा ईमानदारी और वीरतापूर्ण कार्य के लिये पुरस्कार, पाठशाला के योग्य तथा निर्धन बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार, विधवा स्त्री, मुक्त बंधुआ मजदूर, गरीब-अनाथ लड़कियों की शादी, अत्यंत गरीब व्यक्ति, अनाथ या अपंग व्यक्ति की सहायता के लिये भी मंत्री अपने स्वेच्छानुदान से मदद कर सकेंगे। स्वच्छेनुदान राशि राजनीतिक एवं धार्मिक कार्यों के लिये स्वीकृत नहीं की जा सकेगी।

नई रेत खनन नीति लागू होने से रेत व्यापार में आएगी पारदर्शिता

भोपाल, मध्यप्रदेश में नई रेत खनन नीति लागू होने के बाद अब रेत व्यापार में पारदर्शिता आएगी और अवैध रेत उत्खनन पर पूरी तरह से रोक लग सकेगी। यह बात खनिज साधन मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल ने भोपाल में 37 जिलों के सफल निविदाकारों के स्वीकृति-पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुये कही।

श्री जायसवाल ने कहा कि अब न्याय-संगत और पर्यावरण नियमों के अंतर्गत ही रेत उत्खनन का कार्य होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 200 रेत खदानें तत्काल शुरू होंगी। शेष खदानें निर्धारित मानकों को सुनिश्चित करने और नियमों का पालन करते हुए आने वाले डेढ़ से दो माह में शुरू होंगी। खनिज साधन मंत्री ने बताया कि नई रेत नीति से राज्य सरकार को लगभग 1400 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि नई रेत खनन नीति में पर्यावरण के साथ आम नागरिकों के हितों का भी पूरा ख्याल रखा गया है।

इस अवसर पर सिया अध्यक्ष श्री राकेश श्रीवास्तव ने सफल निविदाकारों को आश्वस्त किया कि आवेदन प्रस्तुति के बाद पर्यावरण संबंधी प्रमाण-पत्र शीघ्र जारी किये जाएंगे और हस्तांतरण संबंधी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य वैज्ञानिक श्री संजीव सचदेवा ने निविदाकारों को नियमों की जानकारी दी। सचिव खनिज श्री नरेन्द्र सिंह परमार और खनिज विकास निगम के कार्यपालक संचालक श्री दिलीप कुमार ने निविदाकारों को प्रक्रिया के बारे में बताया।

अपेक्स बैंक के ग्राहकों को मिलेगी मोबाइल बैंकिंग सुविधा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल स्थित अपेक्स बैंक की वर्ष 2020 की डायरी और कैलेण्डर का विमोचन करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में पहली बार व्यावसायिक एवं राष्ट्रीय बैंकों के समान मोबाइल बैंकिंग सुविधा का भोपाल स्थित मंत्रालय में लोकार्पण किया। उन्होंने इस मौके पर अपेक्स बैंक की वर्ष 2020 की डायरी और कैलेण्डर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने सहकारी बैंकों के ग्राहकों के लिए मोबाइल बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करवाने की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी बैंकों को व्यावसायिक बैंकों की तरह सक्षम बनाने की आवश्यकता है। सहकारी बैंक आम ग्राहकों के अलावा बड़ी संख्या में किसानों से जुड़े हैं। इसलिए उन्हें बैंकिंग की हर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

मोबाइल बैंकिंग

अपेक्स बैंक द्वारा पहली बार शुरू की गई मोबाइल बैंकिंग सेवा से एक लाख ग्राहक लाभान्वित होंगे। इसके लिए एप तैयार किया गया है। इस सुविधा के लागू होने से बैंक के ग्राहकों को अपेक्स बैंक की सभी शाखाओं में मोबाइल के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ग्राहकों को गूगल प्ले स्टोर अथवा एप्पल स्टोर से एमपी अपेक्स एम-बैंकिंग एप को डाउनलोड करना होगा। संचालित बैंकिंग संव्यवहार में द्विस्तरीय सुरक्षा प्रणाली है, जिसमें ओटीपी एवं टी पिन के उपयोग से ही संव्यवहार हो सकेगा।

डायरी-कैलेंडर का विमोचन

मुख्यमंत्री द्वारा विमोचित अपेक्स बैंक की डायरी और कैलेण्डर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष पर केन्द्रित है। कैलेंडर में महात्मा गांधी के विचारों को रेखांकित किया गया है। साथ ही स्वाधीनता आंदोलन के छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. गोविंद सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री सचिन यादव, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक के प्रशासक श्री अशोक सिंह, विधायक श्री सुरेश धाकड़ और श्री बैजनाथ कुशवाहा, प्रमुख सचिव सहकारिता, किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री अजीत केसरी, आयुक्त सहकारिता डॉ. एन.के. अग्रवाल एवं अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री प्रदीप नीखरा उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

डॉक्टर्स, एनएचएम और डैंटिस्ट के सभी खाली पदों पर शीघ्र होगी नियुक्ति की प्रक्रिया

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवायें देने वाले डॉक्टरों को किया जायेगा सम्मानित

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भोपाल में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, जिलों में डॉक्टर्स, एनएचएम और डेंटिस्ट के 5 हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। भोपाल के शासकीय जे.पी. अस्पताल और इंदौर के पी.सी. सेठी अस्पताल को आदर्श अस्पताल बनाने की प्रक्रिया शुरू करें। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स के लिये प्रदेश-स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाए। जिला और सिविल अस्पतालों में सप्ताह में एक दिन सीएमएचओ और बीएमओ अनिवार्य रूप से स्वच्छता अभियान चलायें। ये निर्देश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भोपाल स्थित मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।

श्री सिलावट ने कहा कि जिन डॉक्टर्स के विरुद्ध लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज है, उन्हें तुरंत हटाया जाए। अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को तत्परता से निपटायें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारी संभाग स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करें और सभी अस्पतालों का निरीक्षण भी करें।

2 हजार से अधिक डॉक्टर्स की भर्ती

प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश में 2 हजार से अधिक डॉक्टर्स की भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा रही है। इसके साथ ही 2 हजार से अधिक एएनएम की भर्ती भी शुरू की जा रही है। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने बताया कि 17 जनवरी से राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित 547 डॉक्टर्स की पदस्थापना शुरू की जा रही है। यह प्रक्रिया एक सप्ताह में पूर्ण की जायेगी। आयुष्मान प्रभारी ने बताया कि आगामी अप्रैल माह से जिला स्तर पर इस योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि अभी तक केवल 21 जिलों में आयुष्मान योजना वाले अस्पताल सूचीबद्ध थे। आगामी मार्च माह से सभी जिलों में कम से कम 3 बड़े अस्पताल आयुष्मान सूची में शामिल किये जायेंगे।

30 दिन में मिलेगा मेडिकल स्टोर का लायसेंस

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि मेडिकल स्टोर्स को लायसेंस देने की कार्यवाही अधिकतम 30 दिन में पूरी करें। इसमें किसी भी तरह की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। श्री सिलावट ने निर्देश दिये कि नकली दवाओं की बिक्री रोकने के लिये सख्त कदम उठायें। ऐसी दवाओं के सैम्पल की जांच अधिकतम 20 दिन में पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं का निरंतर निरीक्षण करें और वहां आने वाले मरीजों से मिलें तथा उनसे स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त करें। स्वास्थ्य सेवाओं को हर स्तर पर बेहतर बनाने के प्रयास करें।

पर्यटन स्थल परसापानी के लिये ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे पर्यटक

भोपाल, सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व के बफर क्षेत्र में स्थित खूबसूरत पर्यटन स्थल परसापानी के लिये ईको पर्यटन विकास बोर्ड ने ऑनलाइन बुकिंग सुविधा शुरू कर दी है। कोर एरिया में स्थित होने के कारण पर्यटक सीमित मात्रा में ही मुश्किल पहुंच पाते हैं। ऐसे में उनके पास सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व के बफर जोन में परसापानी के ईको जंगल कैम्प के रूप में एक शानदार विकल्प मौजूद है। परसापानी में बाघ, तेन्दुआ, चीतल सहित जैव-विविधता की भरमार है। पर्यटक पोर्टल mpecotourism.org या mponline.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

परसापानी पर्यटन स्थल एक समय में टाईगर रिजर्व के अन्दर गांव हुआ करता था। लगभग 4-5 साल पहले गांव विस्थापित कर यहां ग्रासलैण्ड विकसित किया गया। यहां चारे की बहुतायत होने से शाकाहारी पशुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। बाघ, तेन्दुआ आदि मांसाहारी पशु भी आहार उपलब्धता के कारण परसापानी का रुख कर रहे हैं।

ईको टूरिज़्म बोर्ड पर्यटकों की यात्रा को रोमांचक बनाने के लिये पक्षी दर्शन, ट्रैकिंग, जिप्सी सफारी, लेट एक्जिट सफारी, ग्राम भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियां करवा रहा है। सघन जंगल में बसे परसापानी में स्थानीय भोजन की उपलब्धता और वन्य-जीवों का आसानी से दर्शन पर्यटक को आनन्दित कर देता है। परसापानी पिपरिया से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

मध्यप्रदेश में 68 वर्ग किलोमीटर से अधिक बढ़ा वन क्षेत्र

भोपाल, भारतीय वन स्थिति प्रतिवेदन 2017-19 के अनुसार मध्यप्रदेश में 68.49 वर्ग किलोमीटर में वन आवरण बढ़ा है। अति सघन वन 113 वर्ग किलोमीटर और खुले वन 185 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बढ़े हैं। सामान्य सघन वन 230 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कम हुए हैं। वन मंत्री श्री उमंग सिंघार ने मंत्रालय में विभागीय समीक्षा के दौरान सघन वन क्षेत्र कम होने वाले जिलों की रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्बन स्टॉक बढ़ाया जाए।

प्रदेश में वर्ष 2017 में 77 हजार 414 वर्ग किलोमीटर वन आवरण था, जो वर्ष 2019 में बढ़कर 77 हजार 482 वर्ग किलोमीटर हो गया है। इस दौरान प्रदेश के चार जिलों में वनावरण बढ़ा है। इनमें से पन्ना जिले में 75.71 वर्ग किलोमीटर, खंडवा में 57.12, शहडोल में 48.71 और सीधी जिले में 37.16 वर्ग किलोमीटर वनावरण की वृद्धि हुई है। प्रदेश के कुछ जिलों में वनावरण में जीरो से 50 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है, जिसमें बड़े भाग पर राजस्व क्षेत्र भी शामिल है।

कार्बन स्टॉक के मामले में दूसरे स्थान पर है मध्यप्रदेश

बैठक में बताया गया कि अरुणाचल प्रदेश के बाद कार्बन स्टॉक में प्रदेश देश में 110 मिलियन स्टॉक के साथ दूसरे स्थान पर है। वन मंत्री ने वन्य प्राणी, उत्पादन, विकास, वानिकी, कार्य आयोजना, विभाग की भावी योजनाओं, बांस उत्पादन, ईको पर्यटन से स्थानीय लोगों को रोज़गार और सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से वन संरक्षण आदि कार्यों की भी समीक्षा की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

हेल्पलाइन उमंग

किशोर बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करेगी 'उमंग'

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल में हेल्पलाइन उमंग का शुभारंभ किया।

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में उमंग किशोर हेल्पलाइन 14425 एवं परामर्श केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे किशोर बच्चों की शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि परामर्श केंद्रों में बच्चों की पहचान को गुप्त रखा जायेगा, ताकि वे निडर होकर अपनी बात कह सकें।

डॉ. चौधरी ने बताया कि किशोर बच्चों को अज्ञानतावश गलत कदम उठाने से रोकने के लिये यह हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र स्थापित कर राज्य सरकार ने नवाचार को प्रोत्साहित किया है। 'उमंग' हेल्पलाइन 14425 निरंतर कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि एक राज्य-स्तरीय सहित 313 विकासखण्डों पर परामर्श केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर एक ही समय में 16 से 20 कॉल अटेंड किये जायेंगे। परामर्श केंद्र सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक काम करेंगे। प्रत्येक केंद्र में दो परामर्शदाताओं के हिसाब से कुल 626 परामर्शदाताओं को नियुक्त किया गया है। यह केंद्र 9228 हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के बच्चों को परामर्श देंगे।

38 लाख से अधिक किशोर-किशोरी और अभिभावक होंगे लाभान्वित

प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने बताया कि स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पुलिस और न्याय विभाग के सहयोग से 'उमंग' हेल्पलाइन और परामर्श केंद्रों का संचालन किया जायेगा। हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र 38 लाख से भी अधिक किशोर बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याओं का समाधान करने में मदद करेंगे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सिद्धांतों पर आधारित है हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र

आयुक्त स्कूल शिक्षा श्रीमती जयश्री कियावत ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताये गये 10 जीवन-कौशल को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र का मॉड्यूल तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, यूएनएफटीए, भारतीय ग्रामीण महिला संघ, इंदौर और आरईसी फाउण्डेशन के सहयोग से 'उमंग' हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र की स्थापना की गई है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी किशोर बालक-बालिकाओं के लिये अलग-अलग मार्गदर्शिका बनाई गई है।

मार्गदर्शिका, फ्लिप बुक और सफलता की कहानियों का विमोचन

स्कूल शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर उमंग परामर्श कौशल प्रशिक्षण मार्गदर्शिका और फ्लिप बुक तथा कक्षा 12वीं के किशोर-किशोरियों के लिये सफलता की कहानियों का विमोचन किया।

परामर्श केंद्र की विशेषता

यू.एन.एफ.पी.ए. (संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष) के राज्य कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निलेश देशपाण्डे ने पी.पी.टी. के माध्यम से बताया कि 'उमंग' किशोर हेल्पलाइन एवं परामर्श केंद्रों में उच्च तकनीकी का प्रयोग किया गया है। इसमें लैंड-लाइन नंबर को मैप किया जाता है। डाटा से संबंधित सूचनाओं को रिकॉर्ड करके मासिक रिपोर्ट बनाई जा सकती है। क्लाइंट के साथ लाइव चैट की जा सकेगी तथा ईमेल द्वारा भी परामर्श दिया जा सकेगा। परामर्शदाता ने कितने कॉल अटेंड किये तथा कितना समय लिया यह भी रिकॉर्ड रहेगा। प्रत्येक कॉलर की उम्र, लिंग, स्थान, कॉल का प्रकार आदि का भी रिकॉर्ड रहेगा।

विकासखण्ड स्तरीय परामर्श केंद्रों में एक महिला एवं एक पुरुष परामर्शदाता की नियुक्ति की गई है, जिनका विशेषज्ञों द्वारा साइकोमेट्रिक टेस्ट लिया गया है। परामर्शदाताओं को टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस मुम्बई में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया गया। साथ ही, विषय-विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। सभी परामर्शदाताओं को प्रत्येक 6 माह में प्रशिक्षण दिया जायेगा। साप्ताहिक मॉक सेशंस भी होंगे। कार्यस्थल पर परामर्शदाताओं के लिए भी साईको थेरेपी एवं रिलेक्सेशन जोन का प्रावधान किया गया है फोन कॉल पर बात करने की कोई सीमा नहीं है। परामर्शदाता मानसिक एवं शारीरिक बदलाव, मानसिक स्वास्थ्य, नशे की लत, गैर-संचारी रोग, भावनात्मक समस्या, पोषण, शैक्षणिक एवं कॅरियर परामर्श, आपसी रिश्ते एवं आत्महत्या की रोकथाम आदि पर परामर्श देंगे।

रीजनल सरस मेले का शुभारंभ

स्व-सहायता समूहों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा ऋण

भोपाल, स्व-सहायता समूहों को राज्य सरकार शून्य प्रतिशत ब्याज पर 30 हजार रुपये तक का ऋण मुहैया कराएगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पृथक से एक फंड बनाया जा रहा है। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल ने भोपाल हाट बाजार में आयोजित रीजनल सरस मेले के उद्घाटन समारोह में कही। सरस मेले का आयोजन 15 जनवरी से 27 जनवरी 2020 तक किया जाएगा। इस मेले में 15 राज्यों के 194 स्व-सहायता समूह अपने उत्पादों का विक्रय कर रहे हैं।

श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अधिकाधिक साधन मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले शिल्पियों को सरस मेले के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराने का काम राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिल्प मेलों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

समारोह में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को समूह के रूप में संगठित कर उन्हें रोज़गार के बेहतर अवसर मुहैया कराए जा रहे हैं।

समूहों को बैंकिंग संस्थाओं के माध्यम से आसान किस्तों पर ऋण मुहैया कराने का काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय सामग्री से बनाए गए उत्पादों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार मुहैया कराने का प्रयास पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है।

शुद्ध के लिये युद्ध अभियान

लगातार मिलावट कर रहे खाद्य व्यापारियों के विरुद्ध करें रासुका की कार्यवाही

भोपाल, लगातार मिलावट कर रहे खाद्य व्यापारियों के विरुद्ध रासुका की कार्यवाही की जाए। शुद्ध के लिये युद्ध अभियान में अभी तक लिये गये नमूनों में से 35 प्रतिशत से अधिक नमूने अमानक स्तर के पाये गये हैं। इन नमूनों से संबंधित मिलावटखोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन तक की कार्यवाही करें। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने खाद्य सुरक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुये कहीं। श्री सिलावट ने निर्देश दिये कि मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रत्येक माह की गतिविधियों का कैलेण्डर बनाकर कार्यवाही करें और अमानक पाये गये खाद्य पदार्थों के नमूनों में की गई दण्डात्मक कार्यवाही की जानकारी आम जनता को भी दें।

श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश में संभाग एवं जिला स्तर पर शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के अन्तर्गत जन-जागरूकता रैली आयोजित की जाए। रैली में जिले के प्रभारी मंत्री के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों और आमजनों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पहले संभाग स्तर पर रैली का आयोजन किया जाए उसके बाद जिला स्तर पर रैली निकाली जाए। श्री सिलावट ने समीक्षा के दौरान ग्वालियर में 31 जनवरी, जबलपुर में 2 फरवरी और रीवा में 3 फरवरी को जन-जागरूकता रैली आयोजित करने के निर्देश दिए।

श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि आम आदमी के हित में अशुद्ध खाद्य पदार्थों के निर्माण और बिक्री को रोकना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसलिये अभियान को सफल बनाने के लिये विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभायें। उन्होंने निर्देश दिये कि बड़े-बड़े संस्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच को प्राथमिकता दें। सभी तरह के पैकेज्ड फूड, दूध, पनीर, मावा आदि की लगातार जांच जारी रहे।

41 मिलावटखोरों के विरुद्ध हुई रासुका की कार्यवाही

खाद्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव दुबे ने समीक्षा बैठक में बताया कि शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के अन्तर्गत अभी तक 41 मिलावटखोरों के विरुद्ध रासुका की कार्यवाही की गई है। मिलावटखोरी में दोषी पाये गये शेष मामलों में प्रकरण संबंधित न्यायालयों में प्रस्तुत किये गये हैं।

राज्य-स्तरीय उद्योग पुरस्कारों के लिये 31 जनवरी तक प्रविष्टियां आमंत्रित

भोपाल, राज्य शासन ने प्रदेश की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाईयों से वर्ष 2018-19 के राज्य-स्तरीय पुरस्कार के लिये 31 जनवरी तक प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इच्छुक औद्योगिक इकाईयां निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक सह-पत्रों के साथ विभागीय पोर्टल www.mpmsme.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। प्रविष्टियां केवल ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। योजनांतर्गत निर्धारित प्रपत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

पंचायत मंत्री ने सीतापुर में किया गौ-शाला का लोकार्पण

रीवा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल ने रीवा जिले की मऊगंज जनपद अन्तर्गत सीतापुर में 27.62 लाख रुपये लागत की गौ-शाला का लोकार्पण किया। श्री पटेल ने सुदूर ग्राम सड़क योजनान्तर्गत 57 लाख की 5 सड़कों का लोकार्पण तथा अन्य 20 ग्राम पंचायतों में विभिन्न सड़कों का भूमि-पूजन भी किया।

श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की उन्नति और गायों की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है।

मंत्रिपरिषद् के निर्णय

भोपाल में शहरी विकास संस्थान की स्थापना को मिली मंजूरी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की अध्यक्षता में विधानसभा में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक में शहरी विकास संस्थान (अर्बन डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट) भोपाल में स्थापित करने की मंजूरी दी गई। संस्थान में शहरीकरण के सभी पहलुओं तथा चुनौतियों से संबंधित ज्ञान और हुनर सीखने तथा बहुउद्देशीय उत्कृष्ट अकादमिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। मंत्रिपरिषद् द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद् ने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना को निरंतर रखते हुये योजना के तृतीय चरण को लागू करने का निर्णय लिया। इसके लिये राज्य शासन ने 4 वर्षों के लिये 536 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की।
- योजना में राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों को 20 प्रतिशत अनुदान राशि तथा 80 प्रतिशत राशि ऋण प्राप्त कर उपलब्ध कराई जायेगी।
- योजनान्तर्गत नगरीय निकायों को मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा वित्तीय/शासकीय संस्थाओं/राष्ट्रीयकृत, अनुसूचित अथवा निजी बैंकों/हुडको से ऋण प्राप्त कर उपलब्ध करवाया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद् ने वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं आगामी वर्षों के लिये मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद के लिये निर्धारित वार्षिक सीमा 150 करोड़ रुपये की।
- मंत्रिपरिषद् ने जिला भिण्ड में 6 जनवरी 2012 को हुई गोली चालन की घटना की न्यायिक जांच के लिये गठित जांच आयोग के प्रतिवेदन पर कार्यवाही करने के संबंध में मंत्रिपरिषद् की समिति बनाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद् ने नये जिला निवाड़ी में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की स्थापना के लिये जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक, लेखापाल, कार्यालय सहायक के एक-एक पद कुल तीन पदों का सृजन संविदा आधार पर करने का निर्णय लिया।
- जिला निवाड़ी में ई-दक्ष केंद्र की स्थापना करते हुये प्रशिक्षक, प्रशिक्षण के एक-एक पद कुल दो पद संविदा आधार पर सृजन करने की भी मंजूरी दी गई।
- प्रदेश की जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी अंतर्गत 17 ग्रामीण तहसील में सहायक ई-गवर्नेंस मैनेजर के 17 पद संविदा आधार पर सृजन करने की स्वीकृति मंत्रिपरिषद् ने दी।
- शहरी क्षेत्र में बालाघाट एवं भिण्ड जिला चिकित्सालय का 300 से 400 बिस्तरीय, इन्दौर के खजराना एवं जबलपुर के नयागांव में 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की स्थापना, 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नलखेड़ा, सुसनेर, बदनावर, सरदारपुर, हरई और सोनकच्छ का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नयन/स्थापना की मंजूरी मंत्रिपरिषद् द्वारा दी गई।
- मंत्रिपरिषद् ने शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य संस्थाओं के स्थापना प्रस्तावानुसार 470 पदों की स्वीकृति एवं भवन निर्माण उपकरण/फर्नीचर संस्थापना की मंजूरी दी।
- मंत्रिपरिषद् द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 4 शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा 116 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना पर प्रावधानित 1156 पदों की सक्षम स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद् ने मध्यप्रदेश में सड़कों के संधारण, ऑपरेशन, मेंटेनेंस एंड ट्रांसफर (ओ.एम.टी.) की योजना अंतर्गत पब्लिक-प्रायवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) पद्धति से 12 सड़कों के निर्माण एवं संधारण की मंजूरी दी।
- मंत्रिपरिषद् ने लाइम स्टोन, डोलोमाइट, फायर क्ले, मैग्नीज (अयस्क), कॉपर (अयस्क), रॉक फास्फेट, पायरो-फिलाइट, डायास्पोर, ऑकर, बॉक्साइट, आयरन (अयस्क), केलसाइट, कोयला, क्वार्टस, सिलिका सेंड, शेल, स्लेट, सोप स्टोन की परिवहन अनुज्ञा शुल्क 57 रुपये प्रति टन और फ्लेग स्टोन, ग्रेनाइट, मार्बल एवं मिट्टी पत्थर 33 रुपये प्रति घनमीटर करने की मंजूरी दी है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विशेष लेख

कृषि उद्यमिता लायेगी कृषि आधारित अर्थ-व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन

'वैसे तो गुजर-बसर करने के लिए खेती करने से काम चल जाता है, लेकिन कृषि उद्यमिता वास्तव में मध्यप्रदेश की कृषि आधारित अर्थ-व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव ला सकती है।' यह कहना है प्रगतिशील किसान संतोष यादव का। वे खरगोन जिले के कसरावद ब्लॉक के अहीर धामनोद में रहते हैं। उन्होंने हाल ही में कर्नाटक के तुमकुर में प्रधानमंत्री के हाथों कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें 2016-17 के दौरान गेहूं उत्पादन के लिए यह पुरस्कार मिला है।

संतोष यादव के खेत से गेहूं का उत्पादन 44 क्विंटल प्रति एकड़ आंका गया था। धामनोद में उनकी खेती दस एकड़ में है। यह परिवार के चार सदस्यों के बीच विभाजित है। उनका बड़ा बेटा योगेश 10वीं कक्षा में पढ़ता है, जबकि बेटी तनुश्री 8वीं कक्षा में है। वे बताते हैं कि 'मेरे पास एक ट्यूबवेल और एक पारंपरिक कुआं है। मेरे खेत के लिए काफी है। इसके अलावा, तीन भैंस, दो बैल और एक गाय है। बैल अभी भी उपयोगी हैं, क्योंकि बरसात में मशीनें काम नहीं कर पातीं। इन्हीं से काम लेते हैं।'

खेती के विभिन्न आयामों के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, संतोष यादव ने बताया कि- 'खेती में कुशल श्रमिक मिलना कम होते जा रहे हैं। मुझे खुद खेती के कई श्रम साध्य काम करना पड़ता है।'

संतोष आगे बताते हैं कि 'मेरी मिट्टी की सेहत बिगड़ गई थी, लेकिन समय पर परीक्षण से बड़ी मदद हुई। पोटाश और जिंक की कमियों को समय रहते हटा दिया। मैंने कीटनाशकों का उपयोग नहीं करने की ठान ली है जब तक बहुत ज्यादा जरूरी नहीं हो जाये। हालांकि यह आसान नहीं है, लेकिन धीरे-धीरे शून्य स्तर हासिल किया जा सकता है।' जय किसान फसल ऋण माफी योजना के बारे में वे कहते हैं कि 'कसरावद में सभी कर्जदार किसान राहत महसूस कर रहे हैं। दो लाख रुपये तक के उनके फसली ऋण कमल नाथ सरकार ने माफ कर दिए हैं।'

वे आगे बताते हैं कि 'पिछले साल मैंने एक एकड़ से कम पर करेले की खेती की थी। मैंने 20 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 1.10 लाख रुपये कमाए।'

महिला प्रगतिशील किसान श्रीमती शिवलता मेहतो के परिवार में उनके नाम पर कुल 10 एकड़ में से 4.5 एकड़ जमीन है। बाकी उसके पति और दो बेटों के नाम है। बड़े बेटे ऋषभ मेहतो आरकेडीएफ कॉलेज भोपाल में एग्रीकल्चर में एमएससी कर रहे हैं, जबकि छोटा बेटा अर्जुन मेहतो सरदार वल्लभभाई पटेल गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान भोपाल में कंप्यूटर साइंस पढ़ रहा है। वे बताती हैं कि 'ऋषभ को फार्म मशीनरी में गहरी दिलचस्पी है और वह ट्रैक्टर इंजन की मरम्मत कर सकता है। हालांकि बच्चे अपनी पसन्द के कॅरियर को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन अगर वे हमारे साथ हैं तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।'

'मुझे 2017-18 के दौरान चने के उत्पादन के लिए पुरस्कार मिला। पैदावार का मूल्यांकन 18 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया। बाजार में चार हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से बड़ी राहत मिली। सबसे बड़ा फायदा यह है कि मेरा खेत पथरौटा गाँव में है। यह इटारसी तहसील मुख्यालय से सिर्फ 5 किलोमीटर दूर है। यह एक ग्राम पंचायत है जिसकी आबादी लगभग तीन हजार है। मेरे पति साहब लाल खेती की कई गतिविधियों के प्रबंधन में बहुत मदद करते हैं।'

इसी प्रकार श्रीमती कंचन वर्मा के परिवार के पास 70 एकड़ की एक बड़ी खेती है। वे होशंगाबाद के इटारसी में सोमलवाड़ा गाँव में रहती हैं। यह खेती दो परिवारों में बँटी है। वर्ष 2016-17 में गेहूं के उत्पादन के लिए उन्हें पुरस्कार मिला है। गेहूं के उत्पादन का मूल्यांकन 44 क्विंटल प्रति एकड़ रहा। श्रीमती वर्मा मिट्टी की जांच के बारे में अन्य किसानों को सजग रहने की सलाह देती हैं। वे कहती हैं कि- 'मिट्टी का परीक्षण हर मौसम से पहले फलदायी होता है। एक ही प्रकार की फसल लेकर हमेशा मोनोकल्चर से बचना चाहिए।' वे बताती हैं कि 'मेरी मिट्टी का परीक्षण जब किया गया तो जिंक की कमी की सूचना मिली। इसलिए बुवाई शुरू होने से पहले इसका इलाज किया।' वे आगे बताती हैं कि 'पिछले साल, हमने एक बड़े क्षेत्र में बल्लर फलियां लगाई थीं। उन्हें सीजन से कम से कम एक महीने पहले बाजार में लाये। इस प्रकार हमें 70 रुपये से लेकर 80 रुपये प्रति किलो तक की अच्छी कीमत मिल गई और मिट्टी भी सुधर गई।' लाभदायक खेती के तरीकों को साझा करते श्रीमती कंचन वर्मा कहती हैं कि 'खेती में हर पल सतर्कता की जरूरत है ताकि अग्रिम योजना बनाई जा सके। वे कहती हैं, 'साधारण बात यह है कि हमेशा ध्यान रखें कि आप खेत से दूर न रहें क्योंकि खेतों से आपके दूर रहने से कई चूक हो जाती है जो बड़ा नुकसान कर सकती है।' उनके परिवार में पांच गाय और दो जोड़ी बैल के अलावा अलग-अलग गतिविधियों के लिए चार ट्रैक्टर हैं।

खेती की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर श्रीमती कंचन ने बताया कि 'प्रतिकूल मौसम सबसे बड़ा खतरा है। चुनौती समय-प्रबंधन की है। इसमें विफलता से बड़ा नुकसान होता है।' वे मुख्यमंत्री कमल नाथ की कृषक समुदाय को कृषि उद्यमिता से जोड़ने की प्रशंसा करते हुए कहती हैं कि आय का आधार बढ़ाने के लिए यह एकमात्र विकल्प है।

- अवनीश सोमकुंवर

आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में बने 20 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास

भोपाल, मध्यप्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में पिछले एक वर्ष में 20 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाये गये। इस कार्य पर 1350 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। इसी तरह, निर्मल भारत अभियान के अन्तर्गत आदिवासी बहुल गांवों में 2 लाख 63 हजार से अधिक अनुसूचित जनजाति परिवारों के घरों में शौचालयों का निर्माण किया गया, जिस पर लगभग 172 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई।

राज्य सरकार ने आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्व-रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मात्र एक साल में 5 हजार 693 अनुसूचित जनजाति स्व-सहायता समूहों को 7 करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उपलब्ध कराई है। इसी के साथ 949 स्व-सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश के रूप में करीब साढ़े 6 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई। इन क्षेत्रों के 16 हजार 744 हितग्राहियों के स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज भी कराया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण

प्रदेश के 89 आदिवासी विकासखण्डों में पिछले एक वर्ष में 368 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 4521 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया गया।

इन क्षेत्रों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत 245 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च कर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 15 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. चौधरी ने लॉन्च किया 'एमपीएस्पायर' पोर्टल

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मंत्रालय में प्रदेश के स्कूली बच्चों के लिये 'एमपीएस्पायर' पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिये ऐसे प्लेटफार्म की लम्बे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जहां विद्यार्थियों को उनकी रुचि और जिज्ञासाओं के मुताबिक कॉलेज और कोर्स की पूरी जानकारी हासिल हो सके। डॉ. चौधरी ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने यूनीसेफ के सहयोग से यह पोर्टल तैयार किया है। इस पर कॅरियर विकल्पों के अलावा 6400 कॉलेज और 1050 से ज्यादा प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी भी मिलेगी। साथ ही पोर्टल पर 930 से ज्यादा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्तियों के साथ वोकेशनल ट्रेनिंग देने वाले संस्थानों की सूचना भी मिलेगी।

डॉ. चौधरी ने कहा कि हायर सेकेण्डरी परीक्षा पास करने के बाद बच्चों के मन में उठने वाले सवालों के जवाब अभी तक किसी एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध नहीं थे। एक सर्वे के मुताबिक करीब 40 प्रतिशत विद्यार्थी ऐसा प्लेटफार्म नहीं मिलने के कारण गलत विषय अथवा कॉलेज का चयन कर लेते थे और बाद में उन्हें पछताना पड़ता था।

डॉ. चौधरी ने कहा कि अब मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल से जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के लिये प्रत्येक स्कूल से 2 शिक्षकों का चयन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में शीघ्र ही देश में रोल मॉडल के रूप में उभरेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

R-43308/2020

R-43314/2020

R-43305/2020

R-43315/2020

अर्चना राव और दीपा अम्बेकर

न्यूयॉर्क सिटी के क्रिमिनल एंड सिविल कोर्ट की जज बनीं

भारतीय मूल की अर्चना राव और दीपा अम्बेकर को

न्यूयॉर्क के क्रिमिनल एंड सिविल कोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर बिल डी ब्लासियो ने जज अर्चना राव को क्रिमिनल कोर्ट में नियुक्त किया है और जज दीपा अम्बेकर को सिविल कोर्ट में पुनर्नियुक्ति दी है। यह नियुक्ति 1 जनवरी, 2020 से प्रभावी हो गयी है। अर्चना जनवरी 2019 में पहली बार सिविल कोर्ट में अंतरिम जज नियुक्त हुई थीं। उन्होंने न्यूयॉर्क काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ऑफिस में 17 साल तक सेवाएं दी हैं। दीपा पहली बार मई 2018 में सिविल कोर्ट में अंतरिम जज बनी थीं। वह कमिटी ऑन पब्लिक सेफ्टी में सीनियर लेजिस्लेटिव अटॉर्नी और काउंसेल रह चुकी हैं।

मिशेल ओबामा

नया इंस्टाग्राम शो करेंगी लॉन्च

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी

मिशेल ओबामा ने एक नये इंस्टाग्राम शो के शुभारंभ की घोषणा की, जो कॉलेज के चार छात्रों के जीवन पर आधारित है। इस सीरीज में कुल 6 एपिसोड होंगे जिसका शीर्षक है 'ए ईयर ऑफ फर्स्ट'। इस महीने के अंत में यह सीरीज प्रीमियर होगी और जून में समाप्त होगी। इस सीरीज का प्रोडक्शन एटीटीएन मीडिया कंपनी के साथ मिलकर किया जा रहा है। मिशेल ने कहा कि वो अपनी कहानियों को साझा करके दूसरों को यह समझाने में मदद करेंगी कि कॉलेज के पहले साल में कुछ ऐसे उतार-चढ़ाव होते हैं, जिनसे हर कोई गुजरता है।

शेन वॉर्न

'बैगी ग्रीन' कैप की नीलामी में लगभग पांच करोड़ रुपये की कीमत मिली

ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेन वॉर्न की 'बैगी ग्रीन' कैप

की नीलामी में लगभग पांच करोड़ रुपये की कीमत मिली है। यह रकम ऑस्ट्रेलिया में आग से प्रभावित पीड़ितों की मदद पर खर्च होगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वॉर्न ने पूरे टेस्ट कॅरियर के दौरान पहनी हरे रंग की 'बैगी कैप' को नीलाम करने की इच्छा जाहिर की थी। नीलामी शुरू होने के कुछ घंटों में बोली 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर को पार कर गई थी।

जसविंदर बिलन

भारतीय मूल की लेखिका को ब्रिटेन का बाल साहित्य पुरस्कार

भारतीय मूल की जसविंदर बिलन को हिमालय की

पृष्ठभूमि पर आधारित उनके पहले उपन्यास के लिये ब्रिटेन का प्रसिद्ध बाल साहित्य पुरस्कार प्रदान किया गया है। अपनी दादी के साथ मजबूत रिश्तों के आधार पर बिलन ने 'आशा एंड द स्पिरिट बर्ड' उपन्यास लिखा है, जो नौ साल या उससे अधिक उम्र के पाठकों के लिये है। प्रतिस्पर्धा में इस उपन्यास ने 2019 का कोस्टा चिल्ड्रन्स अवॉर्ड अपने नाम कर लिया। पुरस्कार के तहत बिलन को 5000 पाउंड की राशि मिलेगी। यह प्रतियोगिता ब्रिटेन और आयरलैंड में रहने वाले लेखकों के लिये थी।

आर्टिफिशियल ह्यूमन 'नियॉन'

गुजरात के वैज्ञानिक ने बनाया

दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स शो सीईएस-2020

लॉस वेगास में भारतीय वैज्ञानिक इंजीनियर प्रणव मिस्त्री के द्वारा बनाया गया आर्टिफिशियल ह्यूमन 'नियॉन' प्रदर्शित किया गया है। 'आर्टिफिशियल ह्यूमन' जिसे नियॉन नाम दिया गया है, तकनीक का मनुष्य रूप में अवतार है। नियॉन इंसानों जैसा दिखता है और असल लोगों की तरह हिंदी और अंग्रेजी में बात करने और सहानुभूति जताने में सक्षम है। इसे 'स्टार लैब' ने तैयार किया है। सैमसंग की सहायक कंपनी स्टार लैब के सीईओ प्रणव ने बताया कि ऑर्टिफिशियल ह्यूमन का मतलब तकनीकी मनुष्य होता है, इसलिये इसमें भावनाओं और संवेदनाओं के साथ तीव्रता से कार्य करने की तकनीक भी शामिल की गई है।

सादियो माने

सर्वश्रेष्ठ अफ्रीकी फुटबॉलर बने

सेनेगल और इंग्लिश क्लब लिवरपूल के स्टार खिलाड़ी

सादियो माने को मिस्र में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पहली बार अफ्रीका का वर्ष 2019 का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना गया है। सेनेगल के 27 साल के सादियो माने ने लिवरपूल टीम के अपने साथी मिस्र के मोहम्मद सालाह और मैनचेस्टर सिटी के अल्जीरिया के रियाद महरेज को पछाड़ा है।

केन तनाका

सबसे उम्रदराज महिला ने मनाया 117वां जन्मदिन

जापान की केन तनाका दुनिया की सबसे उम्रदराज

जीवित बन गई हैं। उन्होंने फुकुओका के नर्सिंग होम में दोस्तों, रिश्तेदारों और करीबियों के साथ अपना 117वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म 2 जनवरी 1903 को हुआ था। पिछले साल 9 मार्च को 116 साल 66 दिन पूरे करने के बाद उनका नाम सबसे उम्रदराज महिला के तौर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था। वे आठ भाई बहनों में सातवे नंबर की हैं।

फेसबुक

नये डिजाइन में हो रहा तैयार

अपने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिये फेसबुक खुद

को नये डिजाइन में पेश करने की तैयारी कर रहा है। अभी तो इसका बीटा वर्जन पेश किया गया है। हालांकि, आम उपभोक्ताओं के लिये यह कब पेश किया जायेगा, इसकी तिथि घोषित की जाना बाकी है। यह नया डिजाइन काफी आकर्षक है। इसमें बायीं तरफ यूजर का नाम और पेंडिंग रिक्वेस्ट दिखाई देंगी, दायीं तरफ कंटेंट, जन्मदिन और फ्रेंड्स की डिटेल ऑनलाइन मौजूद रहेगी। ऊपर की तरफ होम, वीडियो, मार्केट प्लेस, फ्रेंड्स सहित एक अन्य विकल्प दिया गया है।

जेमी क्लार्क

मोबाइल की लत छुड़ाने किया अनोखा प्रयोग

कनाडा के कैलगरी में रहने वाले जेमी क्लार्क के 18

वर्षीय बेटे खोबे को मोबाइल फोन की लत थी। वह हमेशा सोशल मीडिया पर समय बिताता था या ऑनलाइन गेम खेलकर समय बर्बाद करता था। जेमी ने खोबे को मोबाइल से दूर रखने के लिये कनाडा से 8000 किलोमीटर दूर मंगोलिया ले गये। यहां दोनों ने करीब 1 माह तक कई किलोमीटर यात्रा की। इस दौरान खोबे इंटरनेट से दूर रहा। इसी दौरान उसकी मोबाइल की लत पूरी तरह छूट गई।

इंडोनेशिया

दुनिया का सबसे बड़ा खिला हुआ फूल मिला

इंडोनेशिया के पश्चिम मध्य सुमात्रा के जंगलों में दुनिया

का सबसे बड़ा खिला फूल मिला है। वन्य जीव अधिकारियों के मुताबिक इसका नाम रेफलिसिया है। यह 4 वर्ग फीट में फैला है और अब तक दर्ज रेफलिसिया फूलों में सबसे बड़ा है। इससे पहले 2017 में 3 फीट चौड़ा और 12 किलो के फूल को देखा गया था। यह फूल केसरिया, आसमानी और सफेद रंग का होता है।

टूना फिश

जापान में नव वर्ष के मौके पर 18 लाख डॉलर में बिकी

टूना किंग के नाम से मशहूर जापान के कारोबारी

कियोशी कीमुरा ने नये साल के मौके पर हुई नीलामी में एक टूना मछली 18 लाख डॉलर (करीब 13 करोड़ रुपये) में खरीदी। कियोशी ने टोक्यो के मछली बाजार में 276 किलोग्राम की टूना की सबसे ऊंची बोली लगाई। टूना मछली की यह अब तक की दूसरी बड़ी बोली है। कियोशी ने ही पिछले साल 278 किलो की टूना 31 लाख डॉलर (करीब 22 करोड़ रुपये) में खरीदी थी। टूना मछली स्वाद के साथ सेहत के लिये भी फायदेमंद होती है।

'दे (THEY)'

चुना गया दशक का शब्द

अंग्रेजी भाषा के तटस्थ सर्वनाम 'दे (THEY)' को



अमेरिकी भाषा विशेषज्ञों ने दशक के शब्द के तौर पर चुना है। इस शब्द ने 'क्लाइमेट' और 'मेमे' समेत अपने सभी प्रतिद्वंद्वी शब्दों को पीछे छोड़ दिया। अमेरिकी डायलएक्ट (भाषिका) सोसाइटी की तरफ से यह घोषणा अमेरिकी शब्दकोष मेरियम वेबस्टर की तरफ से दिसम्बर में 'दे' को अपना साल का शब्द चुने जाने के बाद की गई। इससे पहले सोसायटी ने 'दे' को 2015 में साल के शब्द के तौर पर चुना था।

आइस म्यूजिक फेस्टिवल

इटली में माइनस 14 डिग्री में मनाया जा रहा है

इटली के आल्प्स पर्वत पर माइनस 14 डिग्री में आइस

म्यूजिक फेस्टिवल मनाया जा रहा है। यहां तापमान माइनस 25 तक पहुंच जाता है। 2600 मीटर ऊंचाई पर इग्लू (बर्फ के घर) में आइस म्यूजिक फेस्टिवल में हजारों की तादाद में लोग पहुंच रहे हैं। इसमें बर्फ के बने वाद्ययंत्र इस्तेमाल किये जाते हैं। एक बार में 200 लोग ही इन यंत्रों से प्रदर्शित म्यूजिक का मजा ले पाते हैं। यहां बैठने से लेकर बजाने तक के उपकरण बर्फ से तैयार किये जाते हैं और लोग बकायदा इस ठंड का लुत्फ उठाते नजर आते हैं।

लीसा नंदी

ब्रिटेन की मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी की प्रमख बनने की दौड़ में शामिल

भारतीय मूल की ब्रिटिश सांसद लीसा नंदी ब्रिटेन की

विपक्षी लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कॉर्बिन की जगह लेने की दौड़ में शामिल हो गयी हैं। उन्होंने इस पद के लिये बकायदा औपचारिक दावेदारी पेश कर दी है। ज्ञात रहे कि 12 दिसम्बर 2019 को हुये आम चुनाव में लेबर पार्टी की करारी हार के बाद कॉर्बिन ने यह ऐलान किया था कि वह आगामी चुनाव में पार्टी का नेतृत्व नहीं करेंगे। इसी के चलते पार्टी नेतृत्व के लिये चुनाव कराया जा रहा है। नंदी के अलावा क्लाइव लुईस, एमिली थॉर्नबेरी और जेस फिलिप भी अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं।

युसाकु मीजावा

अपने ट्वीटर फॉलोवर्स को बांटेंगे 64 करोड़ रुपये

जापान की फैशन कंपनी के मालिक युसाकु मीजावा

ट्वीटर पर उन्हें फॉलो करने वाले लोगों को 64 करोड़ रुपये की रकम बांटने जा रहे हैं। इसे वह समाज में खुशी बांटने के प्रयोग के तौर पर कर रहे हैं। मीजावा अपने फॉलोवर्स में से 1,000 लोगों को चुनेंगे और उनमें से प्रत्येक को जापानी मुद्रा में 10 लाख येन की रकम देंगे। इसके लिये उन्होंने 1 जनवरी 2020 को ट्वीट किया था और जिन लोगों ने उसे रिट्वीट किया उसमें से ही एक हजार लोगों को यह रकम दी जायेगी।

प्रिंस हेरी और मेगन मर्केल

राजपरिवार से होंगे अलग

ड्यूक ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी और डचेज ऑफ ससेक्स

मेगन मर्केल ने शाही परिवार की ओर से मिली वरिष्ठता छोड़ने की घोषणा इंस्टाग्राम पर की है। उन्होंने कहा कि वे अपना ज्यादा वक्त उत्तरी अमेरिका में बितायेंगे और कभी-कभार इंग्लैंड आयेंगे। उन्होंने कहा कि वे महारानी को पूरा समर्थन देंगे। गौरतलब है कि प्रिंस हैरी और मेगन अपने पदों को भी त्यागने और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की घोषणा कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि दोनों लंदन छोड़ कर कनाडा में बसेंगे। पिछले महीने हैरी और मेगन ने कनाडा में 6 हफ्ते की छुट्टियां बितायी थी और क्रिसमस पर भी राजपरिवार से दूरी बनाये रखी थी।

स्मृति शेष

ओमान के सुल्तान काबूस बिन सईद का निधन

ओमान के सुल्तान काबूस बिन सईद का 79 साल



की उम्र में निधन हो गया है। पश्चिमी समर्थित काबूस ने खाड़ी अरब राज्य पर शासन किया था। वर्ष 1970 में उन्होंने ओमान की पूर्व औपनिवेशिक सत्ता का ब्रिटेन की सहायता से तख्तापलट किया था। काबूस बिन सईद ओमान में सबसे ज्यादा समय तक सुल्तान रहे।

लेफ्टिनेंट जनरल हून का निधन

ऑपरेशन मेघदूत की अगुवाई करने वाले लेफ्टिनेंट

जनरल रिटायर्ड प्रेमनाथ हून का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। प्रधानमंत्री ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल हून ने देश को मजबूत एवं सुरक्षित बनाने के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे 1987 में पश्चिमी कमान के प्रमुख के तौर पर रिटायर हुये थे।

चित्रकार अकबर पदमसी का निधन

भारत के प्रभावशाली कलाकारों में से एक अकबर

पदमसी का 91 वर्ष की उम्र में कोयंबटूर में निधन हो गया। वे लंबे समय से ईशा योग केंद्र में रह रहे थे। वे प्रगतिशील आधुनिकतावादी आंदोलन के प्रणेता भी थे। कला में योगदान के लिये उन्हें 2010 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सफलता का एक ही मूलमंत्र है, लगातार प्रयास करते रहना – फेलिक्स केजेलबर्ग

(पृष्ठ 8 का शेष)

मोबाइल फोन :

(ण) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है. तट रक्षक ऐसे उपकरणों का रखना अनुचित साधन अपनाना मानता है. यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा घंटों के दौरान मोबाइल, ब्लूटूथ, किसी प्रकार के स्कैनिंग उपस्करों के साथ पकड़ा गया, तो उस पर एफआईआर दर्ज कराने सहित कानून के अनुसार तुरंत कार्रवाई की जाएगी.

(त) तट रक्षक किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान को सुरक्षित रखने की गारंटी नहीं लेता. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी कारण से परीक्षा स्थान/हॉल छोड़ने या टॉयलट जाने की अनुमति नहीं होगी.

(थ) परीक्षा स्थान में प्रवेश से पूर्व सभी उम्मीदवारों की जांच की जाएगी.

(द) सभी उम्मीदवारों से सावधान रहने का अनुरोध है और किसी उम्मीदवार द्वारा किसी संदिग्ध कार्रवाई को तुरंत अन्वेषक के नोटिस में लाएं.

15. **यात्रा व्यय :** अजा/अजजा के जो उम्मीदवार केंद्रीय/राज्य सरकार की सेवा में नहीं हैं, उन्हें लघुतम मार्ग का द्वितीय श्रेणी का साधारण रेल/सरकारी बस/स्टीमर का किराया टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जाएगा, बशर्ते कि गृह स्टेशन परीक्षा के स्थान से 30 किमी से अधिक दूर हो.

* उम्मीदवारों को ताजा जानकारियों के लिए तटरक्षक भर्ती वेबसाइट देखनी चाहिए. यह केवल एक सूचक विज्ञापन है.

चेतावनी : तट रक्षक में चयन निष्पक्ष एवं केवल मैरिट पर किया जाता है. उम्मीदवार, स्वयं को भर्ती एजेंट बताने वाले किसी बेईमान व्यक्ति की बातों में नहीं आएं. ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध शिकायत के लिए उम्मीदवार निदेशक (भर्ती) तट रक्षक मुख्यालय, भर्ती केंद्र, नोएडा से टेलीफोन-0120-2975817 पर संपर्क करें

स्पष्टीकरण : विज्ञापन में दिए गए नियमों एवं शर्तों में परिवर्तन किया जा सकता है और इसलिए उन्हें केवल दिशा-निर्देश मानना चाहिए. विवरण भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट **www.joinindiancoastguard.gov.in** पर भी उपलब्ध होंगे.

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख : 02 फरवरी, 2020

ऑनलाइन आवेदन करने हेतु इस क्यूआर कोड को स्कैन करें.

पुणेकर MPPEB
प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा
(संविदा शाला शिक्षक वर्ग 3)

उपयोगी नोट्स

CODE		
173	पुणेकर प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा नोट्स	300/-
034	पुणेकर प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रैक्टिस सेट	160/-
047	पुणेकर बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र नोट्स (माध्यमिक शिक्षक के हल प्रश्नो सहित)	200/-
278	पुणेकर पर्यावरण अध्ययन नोट्स	120/-
279	पुणेकर संस्कृत भाषा नोट्स (माध्यमिक शिक्षक के हल प्रश्नो सहित) -	160/-
299	पुणेकर माध्यमिक शिक्षक हिन्दी सॉल्वड पेपर्स (प्रथम/ द्वितीय भाषा)	160/-

म.प्र.पुलिस परीक्षा

065	पुणेकर म.प्र.पुलिस आरक्षक सॉल्वड पेपर्स	580/-
039	पुणेकर म.प्र.पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा सॉल्वड पेपर्स	560/-

पी.ई.बी. सॉल्वड पेपर्स
पी.ई.बी. द्वारा आयोजित परीक्षाओ के चेप्टर वाईज सॉल्वड पेपर्स
सामान्य गणित,सामान्य विज्ञान,अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी,कम्प्यूटर

आपकी सफलता का सहयोगी
पुणेकर पब्लिकेशन्स
208, म.गा. मार्ग, खजूरी बाजार-इन्दौर फोन : 2540704
VISHAL
R-43300/2020

चिर प्रतीक्षित
अर्द्ध-वार्षिकांक

प्रतियोगिता दर्पण
जनवरी 2020 मूल्य ₹ 90.00 हिन्दी मासिक
हल प्रश्न-पत्र
अर्द्ध-वार्षिकांक
• उ.प्र. प्रवक्ता भर्ती, 16
• बीपीएससी प्रारम्भिक, 19
• उत्तराखण्ड बी.एड. प्रवेश, 19
• यू.जी.सी.-नेट/जे.आर.एफ., 19
• एसबीआई पी.ओ. (प्रा.), 19
• आरबीआई (ग्रेड B) ऑफीसर, 18
• उत्तराखण्ड सिविल जज (प्रा.), 19
मॉडल हल
• उ.प्र. पीसीएस प्रा. परीक्षा 2019
अन्य आकर्षण
• फेड कप, डेविस कप (2019)
• 39वाँ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (नई दिल्ली)

ENGLISH EDITION ALSO AVAILABLE

Just Released
समसामयिक वार्षिकी 2020 कोड 870 ₹330/-
PANORAMA YEAR BOOK 2020 Code 801 ₹220/-

Head Office : AGRA : 0562 - 2530966, e-mail : care@pdgroup.in
To purchase online log on to : www.pdgroup.in
R-43299/2020

REQUIREMENTS FOR B.Ed.
Faculty required under college code 28
• PRINCIPAL • PROFESSORS • ASSOCIATE PROFESSORS • ASSISTANT PROFESSORS • LIBRARIAN • SPORTS INCHARGE
For Hindi, English, Sociology, Botany, Chemistry, Physical Science, Art & Craft, Economics, Computer/ IT, Mathematics, Commerce, Psychology, History, Social Science
Qualification : As per UGC / NCTE / DAVV Norms. | Salary : As per Norms
Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at institutes address within 7 days
SHIVA COLLEGE OF EDUCATION
College Campus: Village & Post Dudhia, Bypass, Opp. Sahara City, Near Pitambradham Temple Dudhia, Indore (M.P.)
Contact: 90749 47087, 93032 07945, 99075 57247
Sarali
R-43301/2020

SHRI REWA GURJAR BAL NIKETAN COLLEGE, SANAWAD
(Approved by Govt. of MP and Affiliated to DAVV, Indore)
Khargone Road, Sanawad-451111 Ph. No. 07280-233771
E-mail : srg.college@gmail.com,
Advertisement for Principal and Various Regular Faculty in the College
(under code 28 Norms)

Subjects :
Botany /Microbiology/ Biotechnology /Commerce/Management/ Sociology / Mathematics//Political Science/Seeds Technology / Compute/ Hindi / English Literature/ Chemistry/ Zoology/ Physics/ Horticulture/ Sports /Home Science
Posts :
Assistant Professor/Associate Professor/Professor.
For other Course : B.Ed. 16 Posts
*Candidate who are eligible under code 28 Norms of university can apply within 15 days.
R-43298/2020
PRINCIPAL

कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं, नंदानगर इंदौर
मेहमान प्रवक्ताओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत

म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अधीन इंदौर संभाग के अंतर्गत शासकीय आई.टी.आई. (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं) में संचालित विभिन्न व्यवसायों (ट्रेडों) एवं ड्राईंग/गणित में प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ता के रूप में [नियमित पदों की पूर्ति होने अथवा 11 माह (अधिकतम) या सत्र समाप्ति तक] प्रशिक्षण कार्य हेतु आवश्यकता है। मेहमान प्रवक्ता को रु. 110/- प्रति घंटा अथवा (एक माह में रु. 10000/- अधिकतम) मानदेय देय होगा। आमंत्रित किये जाने वाले पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता संबंधित व्यवसाय में आई.टी.आई./शिक्षु परीक्षा/संबंधित ब्रांच में डिप्लोमा/डिग्री होना आवश्यक है।

आयु सीमा 01.01.2020 को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए तथा अधिकतम आयु का कोई बंधन नहीं है। विभागीय भर्ती नियम अनुसार डिप्लोमा/डिग्री धारी उम्मीदवारों के प्रत्येक व्यवसाय में 50 प्रतिशत पद आरक्षित होंगे। म.प्र. के मूल निवासी एवं पात्र उम्मीदवार कौशल विकास संचालनालय के पोर्टल **www.mpskills.gov.in** पर **दिनांक 13.01.2020 से 22.01.2020 तक** ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा वेरिफिकेशन **दिनांक 13.01.2020 से दिनांक 27.01.2020 तक ऑनलाइन आवेदन करा** सकते हैं।

आई.टी.आई. एवं व्यवसायवार (ट्रेड) रिक्तियां आरक्षण एवं शैक्षणिक अर्हता एवं आवेदन पत्र का प्रारूप इत्यादि की विस्तृत जानकारी संचालनालय वेबसाइट **www.mpskills.gov.in** पर उपलब्ध है।

संयुक्त संचालक
जी-21603/43296/2020 कौशल विकास, इंदौर संभाग इंदौर

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
ईमेल : cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक 0755-2551403
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 04/सा/01/विविध/रा.प./2019-20 **भोपाल, दिनांक 09.01.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. रायसेन तिराहा (गोपालपुर तिगड्डा) से जेल पठारी मार्ग। लंबाई 6.60 कि.मी.।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2020_PWDRB_74068_1	रायसेन	प्लान	प्रथम	2278.63	कार्यालय मुख्य अभियंता रा.परि. लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन प्लाट 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल।
			कुल योग -	2278.63	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.01.2020, (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 03.02.2020, (17.30) बजे तक केवल स्पीड पोस्ट द्वारा उपरोक्तानुसार संबंधित कार्यालय में प्राप्त की जा सकेगी।

मुख्य अभियंता (राज.परि.)
जी-21633/43293/2020 लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय संयुक्त संचालक (कौ.वि.) क्षेत्रीय कार्यालय, बालाघाट (म.प्र.)
बालाघाट क्षेत्र की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत्

वेबसाइट www.mpskills.gov.in

क्रमांक/संसंचा/क्षेकाबा/स्थाप./मेप्रवि./जन.-2020/42 **बालाघाट, दिनांक 08.01.2020**

मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग के कौशल विकास संचालनालय अंतर्गत बालाघाट क्षेत्र में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में रिक्त प्रशिक्षण अधिकारियों के पद के विरुद्ध विभिन्न व्यवसायों में मेहमान प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया जाना है। आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट **www.mpskills.gov.in** पर **दिनांक 13.01.2020 से दिनांक 22.01.2020 तक** स्वीकार किये जावेंगे। आमंत्रित किये जाने वाले मेहमान प्रवक्ताओं के लिये शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता-संबंधित ट्रेड/ब्रांच में आई.टी.आई./डिप्लोमा अथवा डिग्री होना चाहिए। आयु-सीमा दिनांक 01.01.2020 को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए, अधिकतम आयु का कोई बंधन नहीं है।

आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक-एफ-2/2008/42-2 भोपाल, दिनांक 30.04.2014 के अनुसार मानदेय रुपये 110/- प्रति घंटे की दर से अधिकतम 05 घंटे प्रतिदिन, एक माह में अधिकतम रु. 10,000/- तथा रिसोर्स पर्सन को रु. 7200/- भुगतान किया जावेगा।

आमंत्रण अधिकतम 11 माह के लिए अथवा पद की पूर्ति नियमित प्रशिक्षण अधिकारी से होने पर/प्रवेश न होने पर/आवश्यकता न होने पर जो भी पहले हो तक होगा। आवेदन पत्र एवं अनुभव, शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, व्यवसायों के नाम एवं रिक्त स्थानों की विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.mpskills.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

संयुक्त संचालक (कौ.वि.)
जी-21623/43294/2020 क्षेत्रीय कार्यालय बालाघाट (म.प्र.)

संयुक्त संचालक, कौशल विकास, क्षेत्रीय कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, उज्जैन क्षेत्र उज्जैन (म.प्र.)

दूरभाष 0734-2517029, ई-मेल
jdofficeujjain@gmail.com

उज्जैन क्षेत्र स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण कार्य हेतु मेहमान प्रवक्ताओं हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत

मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन उज्जैन क्षेत्र में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त प्रशिक्षण अधिकारियों के पद के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ताओं के आवेदन आमंत्रित किया जाना है। आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र **www.mpskills.gov.in** वेबसाइट पर **दिनांक 13.01.2020 से 22.01.2020 तक** स्वीकार किये जावेंगे। आमंत्रित किये जाने वाले मेहमान प्रवक्ताओं के लिए शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता :- संबंधित ट्रेड/ब्रांच में आईटीआई/डिप्लोमा अथवा डिग्री होना चाहिए। आयु सीमा दिनांक 01.01.2020 को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। अधिकतम आयु का कोई बंधन नहीं है। आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। म.प्र. शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक :- एफ-2/2008/42-2, भोपाल दिनांक 30.04.2014 के अनुसार मानदेय रु. 110/- प्रति घंटे की दर से अधिकतम 05 घंटे प्रतिदिन, एक माह में अधिकतम रु. 10000/- भुगतान किया जावेगा। आमंत्रण अधिकतम 11 माह के लिये अथवा पद की पूर्ति नियमित प्रशिक्षण अधिकारी से होने पर/प्रवेश न होने पर/आवश्यकता न होने पर जो भी पहले हो तक होगा। आवेदन पत्र एवं अनुभव, शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, व्यवसायों के नाम एवं रिक्त स्थानों की विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.mpskills.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

संयुक्त संचालक, कौशल विकास,
जी-21604/43295/2020 उज्जैन क्षेत्र, उज्जैन (म.प्र.)

PSC (मुख्य) 2019
• विशेष क्रैश कोर्स
• डेली प्रेक्टिस पेपर व जांच
• विशाल लायब्रेरी (1000 बुक्स)
• फीस कम, डाउट रिमुवल क्लास
IAS (प्री/मुख्य)
2 वर्षीय गारंटी कोर्स
PSC (PRE / MAINS)
मुख्य के साथ प्रा. प्रशिक्षण फ्री
ESTD 1991
सक्सेस IAS अकादमी
फॉर्चून औरा, एप्पल हॉस्पिटल के पास भंवरकुआ, इंदौर
9993668152
7999068787
R-43302/2020

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
क्षेत्रीय केन्द्र – इन्दौर
प्रवेश सूचना
स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा कोर्स
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स)
नई बैच जनवरी 2020 से प्रारंभ
छात्रवृत्ति उपलब्ध
सफल उम्मीदवारों हेतु सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों के विभागों जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, रेलवे, बहुउद्देशीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों की संभावना
स्वच्छता निरीक्षक/स्वास्थ्य निरीक्षक पद के लिये अनिवार्य योग्यता
शासकीय कर्मचारियों के लिये हॉलिडे बैच की सुविधा
अवधि - 1 वर्ष, योग्यता-हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम-हिन्दी/अंग्रेजी
लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिप्लोमा (पत्राचार) LSGD(DLP)
नगरीय निकायो में राजस्व निरीक्षक पद के लिये अनिवार्य योग्यता
नई बैच जनवरी 2020 से प्रारंभ
योग्यता- 10/12 वीं कक्षा उत्तीर्ण, माध्यम- हिन्दी/अंग्रेजी
तृतीय मंजिल, महाराजा कॉम्पलेक्स, कोठारी मार्केट के पास, इन्दौर
फोन : 0731-2540101
Mo. 9826078003, 7000990616
प्रवेश एवं अधिक जानकारी हेतु शीघ्र संपर्क करें
R-43297/2020

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
(म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)
खण्ड-2, पंचम तल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

क्र. 861 **दिनांक : 16.01.2020**

विज्ञप्ति

प्राधिकरण की पीआईयू हेतु महाप्रबंधक के 7, प्राधिकरण मुख्यालय, विभिन्न पीआईयू, म.प्र. ग्रामीण सड़क अकादमी भोपाल एवं विभिन्न आरआरएनएमयू में **सहायक प्रबंधक के 40 पदों पर प्रतिनियुक्ति** आधार पर, चयन हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं।

पूर्णतः भरे हुये आवेदन पत्र जमा करने की **अन्तिम दिनांक 03.02.2020** है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति प्राधिकरण की वेबसाइट **www.mprrda.com/default.html** पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/96477/43290/2020 **मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-01
भोपाल, फोन नं. : 0755-4222322
ई-मेल : mpphc.bhopal@yahoo.com, Mobile No. : 9425601532
क्रमांक-म.प्र.पु.आ.एवं.अ.वि.नि/37/पयं/भोपाल-1/तशा/2019
भोपाल, दिनांक : 13.01.2020

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग क्रमांक-01, भोपाल द्वारा जिला न्यायालय परिसर भोपाल में पुलिस चौकी भवन का निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 32/2019-20 ऑनलाइन TENDER ID NO:-2020_MPPHC_74438_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 27.01.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/96436/43287/2020 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

NOTICE INVITING BIDs FOR DPR PREPARATION
(E-Procurement Notice)

No./790/22/D-12/DPR-Cons./PMGSY-III/MPRRDA/20
Bhopal, Date : 14.01.2020

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of rural roads/Bridge under PMGSY-III as per details given below :

- **District - Ratlam, Neemuch, & Shahdol.**
  Total Length-418 km.

1. Last date for purchase of bid document is **27.01.2020 upto 17:30 hrs.**
2. Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT, Tender Document for preparation of DPR of Roads/Bridges under PMGSY-III Sep. 2019 on E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/96448/43288/2020 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास वि./यां. संभाग क्र. 15, इन्दौर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन

निविदा सूचना क्र. 50-55/व.ले.लि./2019-20 **दिनांक 04.01.2020**

निम्न कार्य की ऑनलाइन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. मान परियोजना के अंतर्गत मान परियोजना 33 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र के 315 के.व्ही.ए. के 2 नग ट्रान्सफार्मर के मरम्मत, रख-रखाव कार्य।

ई-निविदा क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_NVDA_73291_1	रु. 88888 (रुपये अठासी हजार आठ सौ अठासी) मात्र	रु. 1778 (रु. एक हजार सात सौ अठोत्तर) मात्र	रु. 1000 (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. जोवट परियोजना पर स्थित 2 नग हाई मास्ट के विद्युत उपकरण बदलना एवं सुधार कार्य।

2020_NVDA_73304_1	रु. 161246 (रुपये एक लाख एकसठ हजार दो सौ छियालिस) मात्र	रु. 3225 (रु. तीन हजार दो सौ पच्चीस) मात्र	रु. 1000 (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'ब' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. जोवट परियोजना के 8 नग रेडियल गेट, स्ट्रीट लाईट एवं विद्युत सिस्टम के हेतु सामग्री की प्रदायगी एवं लगाने का पूर्ण कार्य।

2020_NVDA_73310_1	रु. 163524 (रुपये एक लाख तिरसठ हजार पांच सौ चौबीस) मात्र	रु. 3290 (रु. तीन हजार दो सौ नब्बे) मात्र	रु. 1000 (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. मान परियोजना पर स्थित हाईमास्ट नं. 2 के विद्युत उपकरण बदलना एवं सुधार का कार्य।

2020_NVDA_73323_1	रु. 113985 (रुपये एक लाख तेरह हजार नौ सौ पिचासी) मात्र	रु. 2280 (रु. दो हजार दो सौ अस्सी) मात्र	रु. 1000 (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'ब' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. जोवट परियोजना की डिवार्टरिंग गैलरी में 50 एच.पी. सबमर्सिवल मोटर पंप नं. 2 का मटेरियल सहित सुधार का पूर्ण कार्य।

2020_NVDA_73329_1	रु. 41000 (रुपये इकतालिस हजार) मात्र	रु. 820 (रु. आठ सौ बीस) मात्र	रु. 1000 (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. जोवट परियोजना के कन्ट्रोल रूम बिल्डिंग के आन्तरिक विद्युतीकरण के सामग्री प्रदाय व मरम्मत कार्य।

2020_NVDA_73334_1	रु. 71234 (रुपये इकहत्तर हजार दो सौ चौंतिस) मात्र	रु. 1425 (रु. एक हजार चार सौ पच्चीस) मात्र	रु. 1000 (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'ब' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की तिथि : **27.01.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)**
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 30.01.2020, 10.30 से 30.01.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज बिड खुलने की तिथि : 30.01.2020, 10.30 से 30.01.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)

निविदा प्रपत्र की उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है।
निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री
जी-21566/43272/2020 **न.वि. वि./यां. सं.क्र. 15, इन्दौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग रीवा
8 अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल- मध्यप्रदेश

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 40/2019-20/03 **भोपाल, दिनांक : 13.01.2020**

जिला खनिज निधि सतना से स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) (**http://mptenders.gov.in department Directorate of Health Services**) से टेण्डर नं. 74309 तीन लिफाफा एवं टेण्डर नं. 74310 दो लिफाफा पद्धति से प्रोजेक्ट डायरेक्टर, पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग, भोपाल द्वारा भवन एवं विद्युतीकरण एस.ओ.आर. 01.08.2014 निविदा सूचना जारी होने तक किये गये संशोधन सहित (भारत शासन द्वारा प्रावधानित जी.एस.टी. की शर्तें लागू होगी) प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा आमंत्रण सूचना 40 दिनांक 13.01.2020

1. कार्य का नाम : जिला सतना अंतर्गत 5 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों क्रमशः ग्राम सरिया एवं मिरगौती ब्लॉक रामनगर, ग्राम भेड़ा ब्लॉक मैहर, ग्राम गुढ़ा ब्लॉक उचेहरा एवं ग्राम बेला ब्लॉक अमरपाटन का निर्माण कार्य। (ग्रुप-1)

स.क्र.	टेण्डर आई.डी.	ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2020_DHS_74309	108.00	108000	12500	15 माह वर्षाऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार सिविल श्रेणी

2. कार्य का नाम : जिला सतना अंतर्गत 4 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों क्रमशः ग्राम इचोल एवं कोरवारा ब्लॉक उचेहरा, ग्राम ओइला ब्लॉक मैहर एवं ग्राम पिण्ड्रा ब्लॉक मझगवां का निर्माण कार्य। (ग्रुप-2)

2.	2020_DHS_74310	86.40	86400	10000	12 माह वर्षाऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार सिविल श्रेणी

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **15.01.2020 10.30 से 30.01.2020 17.30 सायं बजे तक** क्रय किये जा सकते हैं।
3. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं।
4. धरोहर राशि सचिव जिला स्वास्थ्य समिति जिला सतना के पक्ष में देय हो मूलतः एवं आवश्यक अभिलेख कार्यपालन यंत्री, रीवा संभाग, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन 8, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल के कार्यालय में समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक **03.02.2020 सायं 17.30 बजे तक** स्पीड/रजिस्टर्ड डाक कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।
5. कार्य से संबंधित संस्थाओं के नाम वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-21776/43282/2020 **संभाग रीवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, संभाग
अशोकनगर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 04/वर्ष 2019-20/का.यं. **अशोकनगर, दिनांक 07.01.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_73509_1	डिपॉजिट कार्य	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत शासकीय स्कूल धुर्रा में 5 नग अतिरिक्त कक्ष, 1 नग साइंस लैब, 1 नग आर्ट एवं क्राफ्ट रूम का निर्माण कार्य।	प्रथम	37.52	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र, ग्वालियर

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21.01.2020, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य समस्त दस्तावेज भौतिक रूप से दिनांक 23.01.2020, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार दर्शित कार्यालय में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-21673/43274/2020 **लो.नि.वि. संभाग, अशोकनगर**

कार्यालय कलेक्टर, जिला देवास (म.प्र.)
(आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग)

क्रमांक/आ.जा.क./निर्माण/2019-20/103 **देवास, दिनांक 9.1.2020**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ई-टेण्डरिंग क्रमांक TWD/Tender No..... तक के कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01.08.2014 अनुसूची एवं आज दिनांक तक किये गये संशोधन के आधार पर जिला संयोजक, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, जिला-देवास के कार्यालय में निर्धारित, निविदा समय सारणी (Key Dates) अनुसार आमंत्रित की जाती है।

01. उक्त निविदा में जिले में संचालित अनु. जाति/जनजाति के पृथक-पृथक विभागीय छात्रावास/आश्रम भवनों में सुदृढ़ीकरण/रंगाई-पुताई/विद्युत मरम्मत/ट्यूबवेल खनन/बाउन्ड्रीवॉल के कार्य सम्मिलित हैं जिसकी लागत राशि रु. - 34.52 लाख है। इसके अतिरिक्त यदि इसी वित्तीय वर्ष में छात्रावास भवनों में लघु निर्माण कार्य करवाये जाने हेतु आवंटन प्राप्त होता है तो इस हेतु पृथक से निविदा आमंत्रित नहीं की जावेगी। इस निविदा में प्राप्त दरों पर ही कार्य करवाये जावेंगे।
02. कार्य संबंधी विस्तृत विवरण एवं निविदा की शर्तें आदि वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** या जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, देवास के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।
03. उक्त निविदाओं को वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा प्रपत्र (Key Dates) वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से क्रय किया जावेगा।
04. निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 25.01.2020 सायं 5.30 बजे** होगी।
05. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.01.2020 समय सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है।
06. दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित छायाप्रति का लिफाफा जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला-देवास को दिनांक 27.01.2020 तक समय सांय 5.30 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। दस्तावेज निर्धारित दिनांक एवं समय के पूर्व फिजिकल रूप (हार्ड कॉपी) से प्राप्त न होने पर निविदाकार को अर्ह्य (Qualified) नहीं माना जावेगा एवं ऐसे निविदाकार की निविदा अमान्य की जावेगी।
07. निविदा में यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकेगा। पृथक से समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
08. समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रताधीघ्र बिड जमा करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

S. No.	Department Stage	Date	Time
01.	Purchase of Tender Start Date	20.01.2020	10.30 AM
02.	Purchase of Tender End Date	25.01.2020	5.30 PM
03.	Bid Submission End Date	25.01.2020	5.30 PM
04.	Phyasicaly Submission End Date	27.01.2020	5.30 PM
05.	Mandatory submission (Envedelop A) Open Date	28.01.2020	3.00 PM
06.	Financial Bid (Envelop C) Open Date	28.01.2020	5.00 PM

जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग
जी-21677/43276/2020 **जिला देवास, म.प्र.**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल :- apdpiuindore@gmail.com, फैक्स :- 0731-2491433

क्र. एफ -1/2020/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-01/132 इन्दौर, दिनांक 13.01.2020

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2020

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., म.प्र. द्वारा दिनांक 01.08.2014 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. भावगढ़ ब्लॉक धुघडकर जिला मंदसौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी. रु. लाख में)	अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2020_PWPIU_74109_1	मंदसौर	108.18	1,08,180/-	12,500/-	10

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. झारडा जिला उज्जैन में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_74033_1	उज्जैन	88.76	88,760/-	10,000/-	10

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. टकरावद ब्लॉक मल्हारगढ़, जिला मंदसौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_73429_1	मंदसौर	108.18	1,08,180/-	12,500/-	10

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. होल्कर कॉलेज, इन्दौर में प्रथम तल पर पुस्तकालय भवन का विस्तार का कार्य।

2020_PWPIU_74088_1	इंदौर	97.52	97,527/-	10,000/-	10

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. बालक क्रीडा परिसर, इन्दौर में 400 मीटर सिंथेटिक एथेलेटिक का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)।

2020_PWPIU_74082_1	इंदौर	743.20	7,43,201/-	20,000/-	18

क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. उज्जैन में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 75 सीटर छात्रावास का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)।

2020_PWPIU_74034_1	उज्जैन	307.83	3,07,830/-	15,000/-	12

क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. कन्या शिक्षा परिसर पेटलावद जिला झाबुआ में 8 नग कक्ष एवं 250 सीटर बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_74028_1	झाबुआ	691.83	6,91,830/-	20,000/-	18

क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. एम.वाय. अस्पताल में फायर फाईटिंग के स्थापन का कार्य। (तृतीय आमंत्रण)।

2020_PWPIU_74075_1	इन्दौर	178.43	1,78,440/-	12,500/-	12

क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. कन्या शिक्षा परिसर मेघनगर जिला झाबुआ में 8 नग कक्ष एवं 250 सीटर बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_74042_1	झाबुआ	691.83	6,91,830/-	20,000/-	18

क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. होल्कर कॉलेज, इन्दौर में कम्प्यूटर लैब भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_74037_1	इन्दौर	596.86	5,96,862/-	20,000/-	18

क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. रेंहदा ब्लॉक रामा जिला झाबुआ में 50 सीटर जूनियर छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_74012_1	झाबुआ	191.71	1,91,710/-	12,500/-	10

क्र. एवं कार्य का नाम :- 12. चैनपुरा ब्लॉक मेघनगर जिला झाबुआ में सीनियर बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_73980_1	झाबुआ	192.00	1,92,000/-	12,500/-	10

क्र. एवं कार्य का नाम :- 13. होल्कर कॉलेज, इन्दौर में 6 नग प्रयोगशाला भवन ब्लॉक का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_73981_1	इन्दौर	303.19	3,03,199/-	15,000/-	12

क्र. एवं कार्य का नाम :- 14. होल्कर कॉलेज, इन्दौर में केन्टीन ब्लॉक का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_73826_1	इन्दौर	149.71	1,49,716/-	12,500/-	12

क्र. एवं कार्य का नाम :- 15. जामनीगुर्जर जिला खण्डवा में 50 सीटेड कन्या छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_73343_1	खण्डवा	175.50	1,75,500/-	12,500/-	12

निविदा संबंधी तिथियां (Key-Dates) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - **13.01.2020**
2. विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - **17.01.2020**
3. विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **01.02.2020**
4. विड खोलने की तिथि - **03.02.2020**

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-21766/43281/2020 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इन्दौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 32/प्रोक्योरमेंट सेल/19-20 झाबुआ, दिनांक 09.01.20

निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का नाम :- झाबुआ जिले के विकासखण्ड झाबुआ, रामा, रानापुर में रैजिस्टीविटी सर्वे का कार्य।

ई-टेण्डर क्रमांक	ठेके की अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित	निविदा क्रय का अंतिम दिनांक
2020_PHED_73057	4.82	9640/-	2000/-	12 माह	**23.01.20**

कार्य का नाम :- झाबुआ जिले के विकासखण्ड थान्दला एवं मेघनगर में रैजिस्टीविटी सर्वे का कार्य।

2020_PHED_73058	3.21	6420/-	2000/-	12 माह	23.01.20

कार्य का नाम :- झाबुआ जिले के विकासखण्ड पेटलावद में रैजिस्टीविटी सर्वे का कार्य।

2020_PHED_74022	3.21	6420/-	2000/-	12 माह	23.01.20

शर्तें :- 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।
3. विस्तृत निविदा सूचना का प्रकाशन वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-21719/43273/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,
निर्माण भवन, प्लाट नं. 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं. 25/2019/निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ भोपाल, दिनांक 10.01.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2020_PWPIU_74258_1	जयप्रकाश चिकित्सालय के आदर्श जिला चिकित्सालय में उन्नयन निर्माण कार्य।	भोपाल	1611.53	1000000/-	30000/-	24 माह वर्षाकाल सहित
2.	2020_PWPIU_73725_1	कंस्ट्रक्शन ऑफ लायब्रेरी हॉल, एक्सटेंशन ऑफ जुबली हॉल एंड रेनोवेशन ऑफ ब्लॉक "ए" अंडर रूसा-2, कंपोनेंट-9 एट गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज पिपरिया, जिला होशंगवाद।	होशंगावाद	123.21	123210/-	12500/-	08 माह वर्षाकाल सहित
3.	2020_PWPIU_74101_1	कंस्ट्रक्शन ऑफ हाईस्कूल बिल्डिंग अंडर आर.आर.एम. एस.ए. ऑफ स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट एट गाड़ाघाट ब्लॉक पिपरिया, जिला होशंगवाद। (म.प्र.) (फॉर वर्क नॉट कम्पलीटेड)	होशंगावाद	78.32	78320/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 10.01.2020 समय 10.30 से दिनांक 27.01.2020 समय 17.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त परियोजना संचालक (मुख्य अभियंता)
जी-21768/43279/2020 लो.नि.वि., पी.आई.यू., भोपाल

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ceproc.encwrd.bpl@nic.in फोन-0755-2767635 फैक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 714/2019-20/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 16.01.2020

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेवसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.02.2020 को 17:30 बजे** तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

सं.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_74921_1	**टर्न की पद्धति पर** :- छीताखुदरी सिंचाई परियोजना अंतर्गत पुनर्वास कॉलोनी का निर्माण कार्य, 5 वर्षीय रखरखाव सहित विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	जबलपुर	814.97

जी-21778/43284/2020 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग रीवा

8 अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल- मध्यप्रदेश

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 41/2019-20/10 भोपाल, दिनांक : 17.01.2020

संभाग रीवा अंतर्गत राज्यमद से स्वीकृत मरम्मत कार्यों हेतु कार्यपालनयंत्री संभाग रीवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) (**http://mptenders.gov.in department Directorate of Health Services**) दो लिफाफा पद्धति से प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग, भोपाल द्वारा भवन एवं विद्युतीकरण एस.ओ.आर. 01.08.2014 निविदा सूचना जारी होने तक किये गये संशोधन सहित (भारत शासन द्वारा प्रावधानित जी.एस.टी. की शर्तें लागू होगी) प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीवद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा आमंत्रण सूचना 41 दिनांक 17.01.2020

1. कार्य का नाम : जिला शहडोल अंतर्गत सामु. स्वा. केन्द्र, गोहपारू में एन.आर.सी. भवन का मरम्मत कार्य एवं जिला उमरिया अंतर्गत 6 उप स्वा. केन्द्र भवनों क्रमशः बोदली, सलैया, बिलासपुर, बड़वाही, गोबर्दे एवं कल्दा का मरम्मत कार्य।

स.क्र.	टेण्डर आई.डी.	ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2020_DHS_75038	47.29	50000	5000	6 माह वर्षाऋतु सहित	

2. कार्य का नाम : जिला सीधी अंतर्गत 7 उप स्वा. केन्द्र भवनों क्रमशः चमरोह, शारदा, टरका, तेन्दुआ, चितवारिया, देवगावा एवं मायापुर का मरम्मत कार्य।

2.	2020_DHS_75039	31.61	50000	5000	6 माह वर्षाऋतु सहित	

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन 21.01.2020 10.30 से 05.02.2020 17.30 सायं बजे तक क्रय किये जा सकते हैं।
3. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं।
4. धरोहर राशि संचालक, स्वास्थ्य सेवाओं के पक्ष में देय हो मूलतः एवं आवश्यक अभिलेख कार्यपालन यंत्री, रीवा संभाग, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन 8, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल के कार्यालय में समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक **07.02.2020 सायं 17.30 बजे तक** स्पीड/रजिस्टर्ड डाक कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।
5. कार्य से संबंधित संस्थाओं के नाम वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-21779/43285/2020 संभाग रीवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल

कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र
पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल
प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिए
निःशुल्क कोचिंग हेतु विज्ञापन

आवेदन की अंतिम तिथि - 05 फरवरी, 2020

म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा आयोजित आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन-पत्र का प्रारूप विभाग की वेवसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर उपलब्ध हैं।

केन्द्र में प्रवेश हेतु कुल 100 स्थान उपलब्ध हैं। जिसमें से 80 स्थान पिछड़ा वर्ग हेतु तथा 20 स्थान अल्पसंख्यक वर्ग हेतु उपलब्ध होंगे। उम्मीदवारों का चयन स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक के आधार पर संकायवार मेरिट बनाकर किया जाएगा। महिला एवं विकलांग अभ्यार्थियों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान किया जावेगा। यह प्रशिक्षण माह-फरवरी, 2020 से प्रारंभ होकर 06 माह की अवधि अथवा परीक्षा की तिथि (जो पहले हो) तक होगा। प्रशिक्षण सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है। भोपाल से बाहर के प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार छात्रावास में स्थान की उपलब्धतानुसार आवास सुविधा उपलब्ध करायी जावेगी। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को रुपये 350/- मासिक की दर से शिष्यवृत्ति देय होगी।

प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की शर्तें -

1. आवेदक म.प्र. का मूल निवासी हो व म.प्र. शासन द्वारा घोषित पिछड़े वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के अभिभावक/पालक एवं स्वयं की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय क्रीमीलेयर की सीमा (रुपये 8.00 लाख) से अधिक न हो।
3. आवेदक म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा हेतु आवश्यक न्यूनतम अर्हताएं रखता हो एवं उसे आगामी राज्य सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।
4. पिछड़ा वर्ग हेतु जाति प्रमाण-पत्र केवल अधिकृत राजस्व अधिकारी के ही मान्य किये जावेंगे।
5. अल्पसंख्यक वर्ग हेतु अल्पसंख्यक वर्ग में सम्मिलित होने संबंधी स्वयं का घोषणा-पत्र मान्य होगा।
6. आय प्रमाण-पत्र के लिये स्वयं का घोषणा-पत्र मान्य होगा।
7. स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकेगी।
8. नियमानुसार छात्रावास में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।
9. प्रशिक्षणार्थी को भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
10. प्रवेश के समय कॉशनमनी रुपये 500/- जमा करना अनिवार्य होगा जो प्रशिक्षण समाप्ति पर रसीद जमा करने पर वापिस कर दी जावेगी।
11. आवेदक को आवेदन-पत्र के साथ अपने बैंक खाते की पासबुक के प्रथम पृष्ठ की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. अपूर्ण एवं अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
13. अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों में से चयन समिति द्वारा प्रशिक्षण हेतु चयनित आवेदकों को चयन की सूचना पृथक से एस.एम.एस./पत्र के माध्यम से दी जावेगी।
14. आवेदकों को प्रशिक्षण केन्द्र तक आने-जाने का किराया एवं अन्य व्यय स्वयं वहन करना होंगे।

आवेदन-पत्र कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र, पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल-462003 के पते पर दिनांक 05 फरवरी, 2020 तक कार्यालयीन समय में अनिवार्यतः पहुँच जाना चाहिए।

संचालक, राज्य स्तरीय रोज. एवं प्रशिक्षण केंद्र
(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.) भोपाल, दूरभाष-(0755) 2763284

आवेदन-पत्र का प्रारूप

प्रशिक्षण का नाम.....

1. आवेदक का नाम.....
2. पिता/पति का नाम.....
3. निवास का वर्तमान पता.....
4. स्थाई पता (पिनकोड सहित).....
5. दूरभाश/मोबाइल क्र.....
6. जन्मतिथि.....
7. मूल निवास स्थान.....
8. पिछड़ा वर्ग जाति/उपजाति.....
   अथवा अल्पसंख्यक वर्ग जाति/उपजाति.....
9. पारिवारिक वार्षिक आय (समस्त स्त्रोतों से).....
10. आवेदक के बैंक खाते का विवरण.....
11. **शैक्षणिक योग्यताएं -**

आवेदक का फोटो जो स्व-हस्ताक्षरित हो

क्र.	शैक्षणिक स्तर	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि.	श्रेणी	प्रतिशत	विशेष
1.	हाइस्कूल/हायर सेकेंडरी (जन्मतिथि हेतु)					
2.	स्नातक					

नोट - क्रमांक 06 से 11 के समर्थन में अभिलेखों की स्व-प्रमाणित सत्यप्रतियां संलग्न करें।

स्थान :- आवेदक के हस्ताक्षर
दिनांक :- पूरा नाम.....

घोषणा-पत्र

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि :-

1. मेरे द्वारा आवेदन-पत्र में दी गई जानकारी तथ्यों पर आधारित एवं सत्य है।
2. मेरे ऊपर न्यायालय में किसी प्रकार का आपराधिक प्रकरण नहीं चल रहा है।
3. प्रशिक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरा प्रवेश तत्काल निरस्त किया जा सकेगा।

स्थान :- आवेदक के हस्ताक्षर
दिनांक :- पूरा नाम.....

जी-21767/43280/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ./स.), सीधी संभाग, सीधी (म.प्र.)

नि.सू.क्र. 14/2019-20 सीधी, दिनांक 08.01.20

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर प्रपत्र-'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती हैं :-

ग्रुप क्र.	टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि
1.	2020_PWDRB_73737	उपसंभाग सीधी के अंतर्गत सी.जे.एम. बंगला के चारों तरफ बाउण्ड्रीवॉल का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.45	1. 8900 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
2.	2020_PWDRB_73738	उपसंभाग सीधी के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश बंगला के चारों तरफ बाउण्ड्रीवॉल का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.43	1. 8860 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
3.	2020_PWDRB_73739	उपसंभाग सीधी के अंतर्गत पी.आर.ओ. बंगला के के चारों तरफ बाउण्ड्रीवॉल का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.46	1. 8920 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
4.	2020_PWDRB_73740	उपसंभाग चुरहट के अंतर्गत पुराना कॉलेज भवन, चुरहट का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.46	1. 8920 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
5.	2020_PWDRB_73741	उपसंभाग चुरहट के अंतर्गत पुलिस थाना भवन, चुरहट का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	1.78	1. 3560 2. 1000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
6.	2020_PWDRB_73743	उपसंभाग चुरहट के अंतर्गत सिविल कोर्ट भवन रामपुर नैकिन का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.44	1. 8880 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
7.	2020_PWDRB_73744	उपसंभाग चुरहट के अंतर्गत लो.नि.वि. गैंगहट, कोलदहा चौकी का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.40	1. 8800 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
8.	2020_PWDRB_73746	उपसंभाग चुरहट के अंतर्गत बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल चुरहट का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.46	1. 8920 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
9.	2020_PWDRB_73747	उपसंभाग चुरहट के अंतर्गत विश्राम गृह चुरहट के गेटकीपर कक्ष का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.40	1. 8800 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह।
10.	2020_PWDRB_73748	उपसंभाग सीधी के अंतर्गत जिला न्यायालय भवन सीधी (गैर आवासीय) में रंगाई पुताई का कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	9.98	1. 19960 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. वित्तीय वर्ष 2019-20।
11.	2020_PWDRB_73749	उपसंभाग सीधी के अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट भवन सीधी (गैर आवासीय) में रंगाई पुताई का कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	9.97	1. 19940 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. वित्तीय वर्ष 2019-20।
12.	2020_PWDRB_73751	उपसंभाग सीधी के मुख्य सीधी प्रथम अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	8.68	1. 17360 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2. वित्तीय वर्ष 2019-20।
13.	2020_PWDRB_73752	उपसंभाग चुरहट के अंतर्गत विश्राम गृह चुरहट का विशेष मरम्मत कार्य। **लो.नि.वि. एस.ओ.आर. भवन 24.08.2017**	4.50	1. 9000 2. 2000	1. द्वितीय आमंत्रण 2. 03 माह।
		योग :-	**70.41 लाख**		

1. ऑनलाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 13.01.2020 सुबह 9.00 से **27.01.2020** शाम 6.00 तक है।
2. अमानत जमा राशि (**अमानत राशि, पी.डब्ल्यू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख**) (**लिफाफा-अ**), **कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग सीधी में केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 28.01.2020 शाम 5.30 बजे तक** प्राप्त किये जावेंगे। पोस्टल विलंब हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।
3. निविदा से संबंधित संशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी। 4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-21676/43275/2020 **लोक निर्माण विभाग, सीधी संभाग सीधी (म.प्र.)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग कमांक-03 भोपाल
Mobile No.-9425601545 ई-मेल :- mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/33/पर्य/तशा/2020 भोपाल, दिनांक 16.01.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

जिला विदिशा, हरदा, होशंगाबाद एवं बैतूल में पुलिस चौकी व महिला पृथक कक्ष निर्माण एवं विभिन्न मरम्मत कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-27.01.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/96486/43291/2020 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

तकनीकी संभाग, खरगोन
क्र./बोर्ड/तक.स./निविदा/2019-20/1702 खरगोन, दिनांक 09.01.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2020_MPSAM_73726, 2020_MPSAM_73727, 2020_MPSAM_73729, 2020_MPSAM_73730, 2020_MPSAM_73731 व 2020_MPAM_73732 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 03.02.2020 को शाम 5:30 बजे तक एवं भौतिक रूप से दिनांक 05.02.2020 को शाम 5:30 बजे तक जरिए स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से (वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/96430/43286/2020 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय संभागीय उपायुक्त वाणिज्यिक कर छिंदवाड़ा संभाग

पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने, ऊंटखाना, छिंदवाड़ा (म.प्र.) 480001, फोन : 07162-242421, 222194
ईमेल - dc.chw@mptax.mp.gov.in, वेबसाइट - https://mptax.mp.gov.in

क्रमांक वाक/उपा/3/स्था./2020 छिंदवाड़ा, दिनांक.....

दिव्यांगजनों (निःशक्तजन) दृष्टिबाधित के सहायक ग्रेड-3 एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

दिव्यांगजनों के पदों का विवरण निम्नानुसार है :-
पदनाम - तृतीय श्रेणी (अकार्यपालिक)/चतुर्थ श्रेणी (भृत्य/आदेशिका वाहक/रेग्यूलर फर्राश)

अ. क्र.	विज्ञापित पद का नाम एवं श्रेणी (दिव्यांगजनों (निःशक्तजन) हेतु	पदों की संख्या: दृष्टि-बाधित एवं कम दृष्टि-बाधित (1.5 प्रतिशत)	बहरे और कम सुनने वाले (1.5 प्रतिशत)	लोकोमोटर डिसेबिलिटी (सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी)	ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता	आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक एवं समय	कार्यालय का नाम जहां आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना है।
1.	सहायक ग्रेड-3 लिपिकीय वर्गीय (तृतीय श्रेणी अकार्यपालिक) **कुल पद 01**	00	01	00	00	**10.02.20**	कार्यालय संभागीय उपायुक्त वाणिज्यिक कर छिंदवाड़ा संभाग ऑफिस के सामने, ऊंटखाना छिंदवाड़ा (म.प्र.) 480001, फोन 07162-242421, 222194
2.	चतुर्थ श्रेणी संवर्ग (भृत्य/ आदेशिका वाहक/रेग्यूलर फर्राश) **कुल पद 04**	01	01	01	01		

(1) **वेतनमान** :- वेतनमान सहायक ग्रेड-3 (लिपिक वर्ग) हेतु मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017, के लेवल क्रमांक-4 रुपये 19500-62000 में वेतन रुपये 19500/- एवं नियमानुसार देय भत्ते। (छटवें वेतनमान में 5200-20200+1900 ग्रेड पे)

(2) **वेतनमान** :- वेतनमान भृत्य (चतुर्थ श्रेणी) हेतु मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के लेवल क्रमांक-1 रुपये 15500-49000 में वेतन रुपये 15500/- एवं नियमानुसार देय भत्ते। (छटवें वेतनमान में 4440-7440+1300 ग्रेड पे)

टीप :- उपरोक्त पदों पर नियुक्तियां संभागीय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर छिंदवाड़ा संभाग तथा उनके अधिनस्थ वृत्त कार्यालय वाणिज्यिक कर छिंदवाड़ा वृत्त-1, छिंदवाड़ा वृत्त-2, सिवनी तथा बालाघाट वृत्त के कार्यालयों के लिये की जानी है।

(अ) **शैक्षणिक योग्यता** :-
लिपिक वर्गीय (तृतीय श्रेणी) हेतु -

(i) लिपिक वर्गीय सहायक ग्रेड-3 हेतु हायर सेकेण्डरी परीक्षा (पुरानी प्रणाली) या हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) में उत्तीर्ण होना चाहिये।

(ii) विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) में कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी टायपिंग उत्तीर्ण होने का वैध प्रमाण-पत्र (स्कोर कार्ड)।

(iii) निम्नलिखित मान्यता प्राप्त संस्थाओं में से किसी एक संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है :-
(a) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा,
(b) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा,
(c) DOEACC से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा,
(d) शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेन्ट कोर्स,
(e) शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर असिस्टेंट (COPA) प्रमाण-पत्र,

(iv) क्रमांक-(2) (iii) में वर्णित अर्हता के अतिरिक्त निम्न अर्हता भी मान्य होगी -
(a) बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)/एम.सी.ए./एम.एससी.(आई.टी./सी.एस.ई.)/बी.एस.सी.(आई.टी./सी.एस.ई.)/एम.टेक./एम.ई. इत्यादि।
(b) AICTE से अनुमोदित पॉलीटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी इत्यादि।
(c) बी.एस.सी./बी.कॉम./डिग्रियां, जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है, मान्य नहीं होगी। उपरोक्त सभी अर्हताएं आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक तक धारित करना अनिवार्य हैं।

(ब) **शैक्षणिक योग्यता :- चतुर्थ श्रेणी संवर्ग (भृत्य/आदेशिका वाहक/रेग्यूलर फर्राश) हेतु - कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।**

(3) **आवेदन-पत्र के साथ अधोलिखित दस्तावेज एवं जानकारी संलग्न करें -**
(a) निर्धारित प्रारूप में आवेदन-पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण-पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियों की पठनीय छायाप्रतियाँ (स्वप्रमाणित) तथा पासपोर्ट साईज के दो फोटोग्राफ के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
(b) मध्यप्रदेश का मूल/स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
(c) आयु सीमा - 18 से 40 वर्ष। आयु सीमा में मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार छूट का लाभ दिया जाएगा। आयु सीमा की गणना दिनांक 01.01.2019 के आधार पर की जावेगी एवं शासन द्वारा निर्धारित अर्हताओं में छूट एवं देय सुविधाओं का लाभ प्रदाय किया जावेगा।
(d) अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र की सत्य प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
(e) शासन द्वारा जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड का विकलांग होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
(f) रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(4) विवाह के लिए नियम की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह करने वाले आवेदक नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। जिस आवेदक की दिनांक 26.01.2001 के बाद दो से अधिक संतानें होंगी, उन्हें आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसके पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26.01.2001 या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, पात्र होगा।

(5) आवेदन-पत्र निर्धारित अंतिम तिथि तक एवं उपरोक्त कार्यालय के पते पर स्वयं अथवा पंजीयत डाक द्वारा भेजे। किसी भी स्थिति में आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम दिनांक को कार्यालयीन समय के पश्चात् कार्यालय में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक में हुए विलंब को मान्य नहीं किया जावेगा। आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत नहीं करने/अपूर्ण होने/त्रुटिपूर्ण होने पर आवेदन-पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।

(6) चयन प्रक्रिया हेतु लिखित परीक्षा के संबंध में पात्र आवेदकों की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा की जाकर पृथक से भी सूचित किया जायेगा।

(7) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ट प्रकार के होंगे, जिसमें 50 प्रश्न पूछे जाएंगे।

(8) वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न विषयवस्तु सामान्य गणित, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, इतिहास, भूगोल, संविधान, खेलकूद, समसामयिकी एवं मध्यप्रदेश के सामान्य ज्ञान के अंतर्गत होंगे।

(9) पात्र/अपात्र आवेदन-पत्र के संबंध में अंतिम निर्णय संभागीय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर छिंदवाड़ा का होगा।

संभागीय उपायुक्त
वाणिज्यिक कर छिंदवाड़ा संभाग

जी-21726/43277/2020

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406, ई-मेल : enc.etendering.wrdmp@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक-411/2715001/ई.डी.पी./2018-19/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक: 16.01.2020
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 05.02.2020 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2019_WRD_67224	बाणसागर परियोजना के मुख्य बांध के बांयी तट पर स्थित 33 के.व्ही. सब स्टेशन का नवीनीकरण कार्य।	शहडोल	6.11
2.	2019_WRD_67225	महान परियोजना गुलाब सागर बांध के 33/0.440 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र के मरम्मत एवं कंट्रोल पैनल के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	शहडोल	4.07
3.	2019_WRD_72172	मोहनपुरा बांध राजगढ़ के गेस्ट हाउस में पेयजल प्रदाय हेतु दो हार्सपॉवर क्षमता के एक नग डीप वेल सबमर्सिबल पम्प सेट के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य।	भोपाल	0.48
4.	2019_WRD_72181	नयी पुनर्वास कॉलोनी, जीरापुर में एल.ई.डी. लाइट हेतु टाइमर पैनल लगाने का कार्य।	भोपाल	0.47
5.	2019_WRD_72190	कुन्डलिया में मौजूदा डी.यू.बी. 11 के.व्ही. सिंचाई हेतु खींची गई लाइन को धावला से धावला मिक्स लाइन से जोड़ने का कार्य।	भोपाल	2.47
6.	2019_WRD_72192	कोच बांध जिला अशोकनगर के आर.डी. 7712 पर स्थापित डी.वाय.1 सब मायनर केनाल का सुधार एवं मरम्मत का कार्य।	भोपाल	0.28
7.	2019_WRD_73257	सिंचाई कॉलोनी, मंदसौर स्थित ई-टाइप क्वार्टर में विद्युतीकरण का कार्य।	मंदसौर	1.99
8.	2019_WRD_73436	वि/यां भारी मशीनरी अनुविभाग, भोपाल हेतु 1 नग उपयोगिता वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	2.71
9.	2019_WRD_73970	कार्यालय अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मंडल, छतरपुर हेतु लेखन सामग्री का प्रदाय।	छतरपुर	0.58
10.	2019_WRD_74313	भूगर्भीय अन्वेषण अनुसार रमौआ बांध का पुनरुद्धार कार्य।	ग्वालियर	14.02
11.	2019_WRD_74418	गुण नियंत्रण शाखा की मुख्य प्रयोगशाला के दैनिक परीक्षण, रखरखाव, क्वालिटी कंट्रोल एवं डिविजन ऑफिस कम्पाउन्ड का कार्य।	रायसेन	4.84

जी-21777/43283/2020 मुख्य अभियंता (प्राक्योरमेंट)

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों (निःशक्तजनों) के उम्मीदवारों के लिये
आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व-प्रमाणित फोटो

प्रति,
संभागीय उपायुक्त
वाणिज्यिक कर छिंदवाड़ा संभाग (म.प्र.)

1. आवेदित पद का पूरा नाम :
2. आवेदक का नाम (श्री/श्रीमती/कुमारी/सुश्री) :
3. पिता/पति का नाम उपनाम सहित :
4. जन्मतिथि (प्रमाण-पत्र अनुसार) :
5. लिंग (पुरुष/महिला/अन्य) :
6. वर्तमान निवास का पता तथा पिनकोड :
7. स्थायी निवास का पूरा पता :
8. वर्ग (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य) :
9. विकलांग (बहरे और कम सुनने वाले/दृष्टिबाधित एवं कम दृष्टिबाधित/लोकोमोटर डिसेबिलिटी (सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी/ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता) :
10. रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक :
12. शैक्षणिक योग्यता -

क्र.	परीक्षा का नाम	संस्था/बोर्ड/वि.वि. का नाम	वर्ष	श्रेणी	प्राप्तांक

13. वैवाहिक स्थिति -
1. क्या आप विवाहित हैं - हां/नहीं
2. यदि हां, तो विवाह की तिथि

14. जीवित बच्चों का विवरण -

क्र.	नाम	लिंग	जन्मतिथि

15. अन्य विशेष योग्यताएं :
16. संलग्न प्रमाण-पत्रों/अंकसूचियों की प्रमाणित प्रतियों की सूची :

घोषणा-पत्र

मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापन को अच्छी तहर पढ़ व समझ लिया है उपरोक्त समस्त जानकारी मेरे ज्ञान व विश्वास के अनुसार सही व सम्पूर्ण है। यदि मेरा आवेदन विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप निर्धारित समय में आवेदन नहीं पहुंचता है अथवा किसी भी स्तर पर कोई भी जानकारी असत्य/अपूर्ण पाई जाती है तो मेरे विरुद्ध कार्यवाही की जाकर मेरा आवेदन-पत्र निरस्त किया जा सकता है अथवा मुझे इस पद से हटाया जा सकता है।

आवेदक के हस्ताक्षर व नाम.....
पूरा पता.....
मोबाइल नंबर.....

भारतीय टेनिस जगत के सुपरस्टार लिएंडर पेस लेंगे संन्यास

भारत खेलों के क्षेत्र में विश्व में तेजी से उभर रहा है। भारत में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने अपने खेल से भारत का नाम रोशन किया है। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं लिएंडर पेस। क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर, हॉकी में ध्यानचंद और मुक्केबाजी में एम.सी. मेरीकॉम का जो रुतबा है, वही टेनिस में लिएंडर पेस को मिला है। पेस भारतीय टेनिस जगत के सुपरस्टार हैं। अपने बेहतरीन खेल से विश्वभर में अनेक खिताब जीत चुके लिएंडर पेस टेनिस से संन्यास लेने जा रहे हैं। प्रोफेशनल सर्किट में लगभग 30 वर्षों तक भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पेस ने कहा कि एक प्रोफेशनल खिलाड़ी के तौर पर 2020 मेरा आखिरी साल होगा।

लिएंडर पेस ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि मैं वर्ष 2020 के टेनिस कैलेंडर का इंतजार कर रहा हूँ, जिसमें मैं कुछ चुनिंदा टूर्नामेंट्स में ही खेलूंगा। मैं दुनियाभर में अपने दोस्तों और प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करता हूं। आप सभी ने मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। पेस ने कुछ समय पहले पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप के दौरान संन्यास लेने के संकेत दिए थे। तब पेस ने कहा था कि मैं 46 साल का हो चुका हूं और मेरी जगह नई युवा पीढ़ी को टीम में लेना चाहिए। देश के लिए मजबूत युवा टीम बनाने की जरूरत है।

घर से मिली खेल की प्रेरणा

लिएंडर पेस का जन्म एक खेल पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। पेस को खेलों के प्रति प्रेरणा अपने घर से ही मिली है। लिएंडर पेस के पिता वेस पेस हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। वेस पेस मिडफील्डर रहे और वर्ष 1972 के म्यूनिख ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। पेस की मां जेनिफर पेस भारतीय बास्केटबॉल टीम की कप्तान रह चुकी हैं। जेनिफर ने वर्ष 1980 में एशियन बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में भारत की कमान संभाली थी। पेस ने 7 साल की उम्र में ही टेनिस खेलना शुरू कर दिया था। वर्ष 1985 में पेस ने चेन्नई की ब्रिटेनिया अमृतराज टेनिस अकादमी में प्रवेश लेकर खेल की बारिकियों को सीखा।

ओलिंपिक में कांस्य पदक जीत रचा इतिहास

लिएंडर पेस के टेनिस कैरियर की शुरुआत बेहद शानदार रही। पेस ने वर्ष 1991 में जूनियर यूएस ओपन और जूनियर विम्बलडन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के खिताब अपने नाम कर भारतीय खेल जगत को हैरत में डाल दिया था। वर्ष 1992 के बार्सिलोना ओलिंपिक में पेस ने रमेश कृष्णन के साथ जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने पुरुष युगल वर्ग में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। इसके बाद पेस वर्ष 1996 के अटलांटा ओलिंपिक में पुरुष एकल वर्ग में उतरे। पेस ने इस ओलिंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। सेमीफाइनल में पेस को अमेरिका के दिग्गज खिलाड़ी आंद्रे अगासी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में पेस ने ब्राजील के फर्नांडो मेलिगनी को 3-6, 6-2, 6-4 से हराया और भारत को कांस्य पदक दिलाया। ओलिंपिक खेलों की टेनिस स्पर्धा में भारत के लिए पदक जीतने वाले वे पहले खिलाड़ी हैं।

भूपति के साथ बनाई इंडियन एक्सप्रेस

ओलिंपिक में कांस्य पदक को छोड़कर पेस पुरुष एकल मुकाबलों में ज्यादा सफल नहीं हो पाये। पेस ने इसके बाद पुरुष युगल वर्ग में अपना ध्यान केंद्रित किया। पेस ने पुरुष वर्ग में कई खिलाड़ियों के साथ जोड़ी बनाई, लेकिन उनके सबसे मजबूत जोड़ीदार महेश भूपति साबित हुए। पेस और भूपति वर्ष 1996 में एक साथ आये थे, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के कारण दोनों अलग हो गए। दोनों खिलाड़ी वर्ष 1998 में दोबारा साथ आये। इन दोनों खिलाड़ियों की जोड़ी बेहद सफल रही। इस जोड़ी ने 6 बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई थी, इनमें से 3 बार यह जोड़ी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रही है। इसके अलावा इस जोड़ी ने डेविस कप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। इसके बाद से

ही यह जोड़ी इंडियन एक्सप्रेस के नाम से दुनियाभर में मशहूर हो गई। वर्ष 2004 के एथेंस ओलिंपिक में भी पेस और भूपति की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन वे चौथे स्थान पर रहे और पदक जीतने से चूक गए थे।

युगल वर्ग में रहे हैं सफल

लिएंडर पेस ने अपने टेनिस कैरियर में कुल 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, इनमें 8 पुरुष युगल वर्ग में तथा 10 मिश्रित युगल वर्ग में जीते हैं। पेस ने महेश भूपति के साथ वर्ष 1999 में फ्रेंच ओपन तथा विम्बलडन और वर्ष 2001 में फ्रेंच ओपन जीता है। पेस ने मार्टिन डैम के साथ मिलकर वर्ष 2006 में यू एस ओपन जीता है, वहीं लुकास डलोही के साथ जोड़ी बनाकर पेस ने वर्ष 2009 में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीता था। इसके बाद पेस ने रोडेक स्टेपानेक के साथ मिलकर वर्ष 2012 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और वर्ष 2013 में यूएस ओपन जीता था। पुरुष युगल वर्ग के साथ-साथ पेस मिश्रित युगल वर्ग में भी सफल रहे हैं। मिश्रित युगल वर्ग में पेस ने सबसे ज्यादा खिताब मार्टिना हिंगिस के साथ जीते हैं। इस जोड़ी ने 4 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। पेस ने कारा ब्लैक के साथ 3, मार्टिना नवरातिलोवा के साथ 2 तथा लिसा रेमंड के साथ 1 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है।

डेविस कप इतिहास के सबसे सफल युगल खिलाड़ी

टेनिस का विश्वकप कहे जाने वाले डेविस कप टूर्नामेंट में भी लिएंडर पेस का ट्रैक रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। वे डेविस कप के सबसे सफल युगल खिलाड़ी हैं। पेस ने डेविस कप में 57 युगल मुकाबले खेले हैं, इनमें से 44 मुकाबलों में उन्हें जीत मिली है। लिएंडर पेस और महेश भूपति की जोड़ी ने डेविस कप में लगातार 24 युगल मुकाबले जीते हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इस जोड़ी ने डेविस कप में कुल 25 मुकाबले जीते और 3 मुकाबले हारे हैं। इसके अलावा पेस ने डेविस कप में 48 एकल मुकाबले भी जीते हैं। पेस ने डेविस कप में कुल 127 मैच खेले हैं, इनमें उन्हें 92 में जीत और 35 में हार मिली है। डेविस कप के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने की सूची में लिएंडर पांचवें स्थान पर हैं।

आसान नहीं होगा पेस की जगह भरना

लिएंडर पेस इस साल निश्चित तौर पर डेविस कप और ओलिंपिक खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। वर्ष 2020 के बाद वे टेनिस कोर्ट में दिखाई नहीं देंगे। भारतीय खेल जगत में लिएंडर पेस जैसे चैम्पियन खिलाड़ी की जगह भर पाना आसान नहीं होगा। पेस के दौर में सोमदेव देवबर्मन, रोहन बोपन्ना, साकेत मिनेनी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी आये, लेकिन इनमें से कोई भी पेस और भूपति जैसा प्रदर्शन नहीं कर सका। पिछले कुछ वर्षों में रामकुमार रामनाथन, प्रजनेश गुणेश्वरन और सुमित नागल जैसे युवा खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन करके उम्मीदें जगाई हैं। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय टेनिस जगत को लिएंडर पेस ने जिन आयामों तक पहुंचाया है, उसे ये खिलाड़ी आगे बढ़ायेंगे।

पेस के कैरियर की उपलब्धियां और सम्मान

- ओलिंपिक खेलों में व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं पेस। इससे पहले के डी जाधव ने कुश्ती में जीता था कांस्य पदक।
- लिएंडर पेस ने 55 एटीपी और 26 चैलेंजर्स टूर्नामेंट जीते हैं।
- पेस पुरुष युगल और मिश्रित युगल वर्ग में कैरियर स्लैम पूरा कर चुके हैं।
- पेस एशियाई खेलों में 5 स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।
- पेस के नाम सबसे अधिक समय (29 वर्ष) तक डेविस कप खेलने का रिकॉर्ड है।
- पेस को वर्ष 1990 में अर्जुन पुरस्कार, 1997 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार और 2001 में पद्म श्री पुरस्कार मिल चुका है।
- खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पेस को वर्ष 2014 में पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया है।

- मोहन सिंह पाल
(लेखक, खेल एवं सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **रियो ओलिंपिक 2016 में पुरुष हॉकी वर्ग का स्वर्ण पदक किसने जीता है?**
   (अ) नीदरलैंड्स (ब) अर्जेंटीना
   (स) जर्मनी (द) बेल्जियम
2. **वर्ष 2019 में सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?**
   (अ) विराट कोहली
   (ब) रोहित शर्मा
   (स) केन विलियमसन
   (द) मार्नस लाबुशेन
3. **हाल ही में किस टूर्नामेंट की इनामी राशि में वृद्धि हुई है?**
   (अ) यू.एस. ओपन
   (ब) फ्रेंच ओपन
   (स) ऑस्ट्रेलियन ओपन
   (द) विम्बलडन
4. **वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी को एटीपी प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है?**
   (अ) नोवाक जोकोविच
   (ब) राफेल नडाल
   (स) एंडी मरे
   (द) डोमिनिक थिएम
5. **भारतीय महिला ट्वेंटी-20 क्रिकेट टीम की कप्तान हैं?**
   (अ) मिताली राज
   (ब) स्मृति मंधाना
   (स) हरमन प्रीत कौर
   (द) झूलन गोस्वामी
6. **फीफा ने किस टीम को वर्ष 2019 की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना है?**
   (अ) फ्रांस (ब) स्पेन
   (स) क्रोएशिया (द) बेल्जियम
7. **विश्व के बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी आर्थर वान डोरेन किस देश के लिए खेलते हैं?**
   (अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) जर्मनी
   (स) बेल्जियम (द) अर्जेंटीना
8. **हाल ही में किस भारतीय गेंदबाज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है?**
   (अ) इरफान पठान
   (ब) पीयूष चावला
   (स) प्रवीण कुमार
   (द) हरभजन सिंह
9. **हाल ही में बूमेन वर्ल्ड चैम्पियनशिप किसने जीती है?**
   (अ) लेई टिंगजी (ब) हौ थीफैन
   (स) कनेरू हंपी
   (द) इनमें से कोई नहीं
10. **एन.बी.ए. लीग किस खेल से संबंधित है?**
    (अ) बैडमिंटन (ब) बास्केटबॉल
    (स) वॉलीबॉल (द) बेसबॉल
11. **विजडन द्वारा जारी दशक के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सूची में किस भारतीय खिलाड़ी का नाम शामिल है?**
    (अ) महेन्द्र सिंह धोनी
    (ब) जसप्रीत बुमराह
    (स) विराट कोहली
    (द) रविचंद्रन अश्विन
12. **वर्ष 2019 में इटैलियन सुपर कप का खिताब किस क्लब ने जीता है?**
    (अ) लाजिओ (ब) नेपोली
    (स) जुवेंट्स
    (द) इनमें से कोई नहीं
13. **हाल ही में किस खिलाड़ी ने संन्यास के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है?**
    (अ) शेन वॉटसन
    (ब) ड्वेन ब्रावो
    (स) रंगना हेराथ
    (द) इनमें से कोई नहीं
14. **वन-डे क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज हैं?**
    (अ) इरफान पठान
    (ब) कुलदीप यादव
    (स) मोहम्मद शमी
    (द) चेतन शर्मा
15. **धनराज पिल्ले ने किस खेल में भारत का नेतृत्व किया है?**
    (अ) तीरंदाजी (ब) हॉकी
    (स) फुटबॉल (द) टेनिस
16. **इनमें से कौन-सा भारतीय क्रिकेटर आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शमिल नहीं है?**
    (अ) सचिन तेंदुलकर
    (ब) सुनील गावस्कर
    (स) राहुल द्रविड़
    (द) महेन्द्र सिंह धोनी
17. **वर्ष 1992 में ओलिंपिक खेल किस शहर में आयोजित किए गये थे?**
    (अ) लंदन (ब) मेड्रिड
    (स) बार्सिलोना (द) मॉस्को
18. **इनमें से कौन-सा खिलाड़ी फॉर्मूला-वन से नहीं जुड़ा है?**
    (अ) फर्नांडो
    (ब) सबेस्टियन वेटल
    (स) जेमी बेकर
    (द) नारायण कार्तिकेयन
19. **हाल ही में मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के विजेता हैं?**
    (अ) केंटो मोमोटा
    (ब) विक्टर एक्सेलसन
    (स) लिन डैन
    (द) ली चोंग वेई
20. **वर्ष 2018 में शीतकालीन ओलिंपिक खेल कहां आयोजित किए गये थे?**
    (अ) सोच्चि (ब) वैंकुवर
    (स) प्योंगचांग (द) बीजिंग
21. **इस वर्ष अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप में कितनी टीमें हिस्सा ले रही हैं?**
    (अ) 16 (ब) 12
    (स) 14 (द) 10
22. **फीफा के अध्यक्ष जिआनी इन्फैनटिनो किस देश के नागरिक हैं?**
    (अ) जर्मनी (ब) स्विट्जरलैंड
    (स) सर्बिया (द) इटली
23. **सबसे ज्यादा बार फीफा विश्वकप जीतने वाला देश है?**
    (अ) ब्राजील (ब) इटली
    (स) जर्मनी (द) फ्रांस
24. **हाल ही में नाइटहुड से नवाजे गये क्लाइव लॉयड किस देश के पूर्व क्रिकेटर हैं?**
    (अ) न्यूजीलैंड (ब) इंग्लैंड
    (स) ऑस्ट्रेलिया (द) वेस्टइंडीज
25. **भारत में किस वर्ष ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप आयोजित किया गया था?**
    (अ) 2007 (ब) 2016
    (स) 2012 (द) 2014

उत्तरमाला

1. ब, 2. अ, 3. स, 4. ब, 5. स, 6. द, 7. स, 8. अ, 9. स, 10. ब, 11. स, 12. अ, 13. ब, 14. द, 15. ब, 16. द, 17. स, 18. स, 19. अ, 20. स, 21. अ, 22. ब, 23. अ, 24. द, 25. ब

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य ज्ञान

1. मैकाल पर्वत श्रेणी किन दो राज्यों की सीमा पर स्थित है?
(अ) मध्यप्रदेश - महाराष्ट्र
(ब) मध्यप्रदेश - उत्तरप्रदेश
(स) मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़
(द) मध्यप्रदेश - राजस्थान

2. इनमें से कौन नर्मदा की सहायक नदी है?
(अ) सुखतवा
(ब) शक्कर
(स) वेलन
(द) मालिनी

3. किस नदी का प्राचीन नाम वेत्रवती है?
(अ) पार्वती
(ब) तवा
(स) बेतवा
(द) क्षिप्रा

4. दलहनी फसलों में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन योजना को किस नाम से जाना जाता है?
(अ) दलहन विकास ए-1 पी योजना
(ब) दलहन विकास ए-2 पी योजना
(स) दलहन विकास ए-3 पी योजना
(द) दलहन विकास ए-4 पी योजना

5. मध्यप्रदेश में वृक्षारोपण हेतु 'सामाजिक वानिकी योजना' का प्रारंभ कब किया गया?
(अ) 1975
(ब) 1976
(स) 1977
(द) 1978

6. मध्यप्रदेश राज्य में प्रथम बायोस्फियर रिज़र्व क्षेत्र इनमें से किसे घोषित किया गया?
(अ) डिंडोरी
(ब) श्योपुर
(स) पचमढ़ी
(द) पन्ना

7. मध्यप्रदेश राज्य में सबसे अधिक महिला साक्षरता किस जिले में है - (जनगणना 2011 के अनुसार)?
(अ) इंदौर
(ब) भोपाल
(स) जबलपुर
(द) ग्वालियर

8. मध्यप्रदेश राज्य के 52वें जिले निवाड़ी की स्थापना कब की गई?
(अ) 1 नवम्बर, 2018
(ब) 1 अक्टूबर, 2018
(स) 1 अक्टूबर, 2019
(द) 1 अक्टूबर, 2017

9. मध्यप्रदेश राज्य में सर्वाधिक पवन चक्कियाँ कौन से जिले में हैं?
(अ) सागर
(ब) इंदौर
(स) ग्वालियर
(द) भोपाल

10. महात्मा गाँधी ने 1939 में मध्यप्रदेश के किस जिले में अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की?
(अ) इंदौर
(ब) सागर
(स) जबलपुर
(द) ग्वालियर

11. मध्यप्रदेश स्थित 'गिन्नौरगढ़ दुर्ग' का निर्माण किसने कराया था?
(अ) राजा राजवसंती
(ब) महाराजा उदयवर्मन
(स) राजा अजय पाल
(द) राजा नरेश कीर्तिपाल

12. 'मटकी' किस स्थान का एक सामुदायिक नृत्य है?
(अ) बघेलखंड
(ब) बुन्देलखंड
(स) मालवा
(द) निमाड़

13. मध्यप्रदेश खनिज निगम की स्थापना कब हुई?
(अ) 1960
(ब) 1961
(स) 1962
(द) 1963

14. मध्यप्रदेश राज्य की हलाली परियोजना का नया नाम क्या है?
(अ) इंदिरा सागर परियोजना
(ब) रानी लक्ष्मीबाई सागर परियोजना
(स) राजीव गाँधी सागर परियोजना
(द) सम्राट अशोक सागर परियोजना

15. मध्यप्रदेश का प्रथम लोकायुक्त कौन है?
(अ) रिपुसूदन दमल
(ब) श्रीनिवास तिवारी
(स) पी.वी. दीक्षित
(द) राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल

16. मध्यप्रदेश राज्य में जनगणना 2011 के अनुसार न्यूनतम साक्षरता वाला जिला कौन-सा है?
(अ) श्योपुर
(ब) झाबुआ
(स) बड़वानी
(द) अलीराजपुर

17. मध्यप्रदेश राज्य में ग्रामीण जनसंख्या की दर इनमें से कौन-सी है - (जनगणना - 2011)?
(अ) 68.4%
(ब) 70.2%
(स) 72.4%
(द) 74.2%

18. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति वाला जिला कौन-सा है - (जनगणना - 2011)?
(अ) झाबुआ
(ब) अलीराजपुर
(स) डिंडोरी
(द) मंडला

19. मध्यप्रदेश राज्य में प्रथम बार राष्ट्रपति शासन कब लागू हुआ था?
(अ) सन् 1975
(ब) सन् 1977
(स) सन् 1979
(द) सन् 1981

20. नोबल पुरस्कार से सम्मानित श्री कैलाश सत्यार्थी का किस आंदोलन से संबंध रहा है?
(अ) चिपको आंदोलन
(ब) बचपन बचाओ आंदोलन
(स) जल सत्याग्रह आंदोलन
(द) इनमें से कोई नहीं

21. चंदेरी का किला इनमें से किसके लिए प्रसिद्ध है?
(अ) जौहर कुण्ड
(ब) हवा महल
(स) नौखण्डा महल
(द) उपरोक्त सभी के लिए

22. मध्यप्रदेश में शिक्षा गारण्टी योजना कब लागू हुई?
(अ) 1 जनवरी, 1998
(ब) 1 जनवरी, 1999
(स) 26 जनवरी, 1998
(द) 26 जनवरी, 1999

23. मध्यप्रदेश राज्य का पहला ग्राम न्यायालय कहाँ पर स्थित है?
(अ) नान्दवा
(ब) रर्न्हाइ
(स) झातना
(द) मुलताई

24. कंदरिया महादेव का मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(अ) खजुराहो
(ब) माण्डू
(स) विदिशा
(द) उज्जैन

25. राजा भोज द्वारा निर्मित प्रसिद्ध 'सरस्वती मंदिर' किस स्थान पर स्थित है?
(अ) इंदौर
(ब) रतलाम
(स) धार
(द) उज्जैन

26. गैलेना नामक अयस्क किस धातु का अयस्क है?
(अ) ताँबा
(ब) एल्यूमिनियम
(स) हीरा
(द) सीसा

27. मध्यप्रदेश के किस स्थान में जीवाणु खाद बनाने का संयंत्र स्थापित किया गया है?
(अ) सागर
(ब) दमोह
(स) भोपाल
(द) नीमच

28. मध्यप्रदेश राज्य में औद्योगिक संवर्धन नीति कब बनी?
(अ) 2003
(ब) 2004
(स) 2005
(द) 2006

29. कच्छपघात स्थापत्य कला कहाँ पर देखने को मिलती है?
(अ) खजुराहो
(ब) उज्जैन
(स) ग्वालियर
(द) अमरकंटक

30. एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP) कब प्रारंभ किया गया?
(अ) 2 अक्टूबर, 1980
(ब) 12 अक्टूबर, 1980
(स) 15 अगस्त, 1980
(द) 26 जनवरी, 1980

31. संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य को ग्राम पंचायतों की स्थापना का निर्देश दिया गया?
(अ) अनुच्छेद 352
(ब) अनुच्छेद 39
(स) अनुच्छेद 51
(द) अनुच्छेद 401

32. काली सिंध नदी के किनारे कौन-सा नगर बसा है?
(अ) उज्जैन
(ब) सोनकच्छ
(स) बीना
(द) कटनी

33. सन् 1939 में सुभाषचंद्र बोस "त्रिपुरी" नामक स्थान से कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये थे, त्रिपुरी मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है?
(अ) इंदौर
(ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर
(द) सागर

34. भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनीमल प्रयोगशाला ने किसका टीका विकसित किया है?
(अ) बर्ड फ्लू का टीका
(ब) हैजे का टीका
(स) चेचक का टीका
(द) रिन्डर पेस्ट का टीका

35. यूनेस्को द्वारा मेगा यूनिवर्सिटी का दर्जा किस विश्वविद्यालय को दिया गया?
(अ) डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
(ब) राजा भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल
(स) अवधेश प्रताप सिंह विश्व-विद्यालय, रीवा
(द) राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्व-विद्यालय, भोपाल

36. पिथौरा भित्ति चित्रकला किसमें प्रचलित है?
(अ) गोंड़
(ब) भील
(स) बैगा
(द) भारिया

37. खेड़ी नामा पुरातात्विक स्थल कहाँ पर स्थित है?
(अ) होशंगाबाद
(ब) हरदा
(स) जबलपुर
(द) सागर

38. हिन्दी का पहला नाटक "आनन्द रघुनन्दन" किसने लिखा?
(अ) पं. रामचंद्र शुक्ल
(ब) नरेश विश्वनाथ सिंह
(स) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(द) माधव मुक्ति बोध

39. मध्यप्रदेश में सबसे अधिक उपज इनमें से किस खाद्यान्न की होती है?
(अ) धान
(ब) गेहूं
(स) बाजरा
(द) सोयाबीन

40. मध्यप्रदेश में कृत्रिम रेशा बनाने का कारखाना कहाँ पर स्थित है?
(अ) नीमच
(ब) पीथमपुर
(स) नागदा
(द) सिंगरौली

41. वाकाटक वंश का शासक विन्ध्यशक्ति प्रथम किस जगह का शासक था?
(अ) उज्जैन
(ब) रतलाम
(स) उज्जयिनी
(द) विदिशा

42. आदिवासियों के 'जन नायक' व 'रॉबिन हुड' के नाम से प्रसिद्ध टंट्या भील ने किस क्षेत्र से 1857 के दौरान अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठायी थी?
(अ) खंडवा
(ब) बुन्देलखण्ड
(स) निमाड़
(द) इनमें से कोई भी नहीं

43. इंदिरा सागर परियोजना के तहत पूर्ण रूप से डुबान में आने वाला ऐतिहासिक नगर हरसूद निम्न में से कौन से जिले का नगर था?
(अ) होशंगाबाद
(ब) हरदा
(स) खंडवा
(द) मंदसौर

44. मध्यप्रदेश के किस कवि को 'बुनी हुई रस्सी' के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(अ) सुभद्रा कुमारी चौहान
(ब) डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन
(स) भवानी प्रसाद मिश्र
(द) कवि पद्माकर

45. मध्यप्रदेश में कपास अनुसंधान केन्द्र कहाँ पर स्थित है?
(अ) विदिशा
(ब) खरगौन
(स) रतलाम
(द) देवास

46. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के अंतर्गत अपराध का विचारण किस न्यायालय द्वारा किया जाता है?
(अ) हाईकोर्ट
(ब) प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट
(स) विशेष न्यायालय
(द) इनमें से कोई नहीं

47. राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति इनमें से किसके द्वारा की जाती है?
(अ) मुख्यमंत्री
(ब) मुख्य न्यायाधीश
(स) राज्यपाल
(द) राष्ट्रपति

48. मध्यप्रदेश के कौन-से नेता 'नेहरू कैबिनेट' में पहले रक्षा मंत्री रह चुके थे?
(अ) अर्जुन सिंह
(ब) कैलाश नाथ काटजू
(स) सुंदर लाल पटवा
(द) प्रकाश चंद्र सेठी

49. मध्यप्रदेश निर्यात निगम की स्थापना कब की गई?
(अ) 1972
(ब) 1975
(स) 1977
(द) 1978

50. किस वर्ष मध्यप्रदेश का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया गया?
(अ) 1 नवम्बर, 2007
(ब) 1 नवम्बर, 2008
(स) 1 नवम्बर, 2009
(द) 1 नवम्बर, 2010

उत्तरमाला

(1) स (2) ब (3) स (4) स
(5) ब (6) स (7) ब (8) ब
(9) ब (10) स (11) ब (12) स
(13) स (14) द (15) स (16) द
(17) स (18) ब (19) ब (20) ब
(21) द (22) ब (23) स (24) अ
(25) स (26) द (27) स (28) ब
(29) स (30) अ (31) द (32) ब
(33) स (34) अ (35) ब (36) ब
(37) अ (38) ब (39) द (40) स
(41) द (42) स (43) स (44) स
(45) ब (46) ब (47) स (48) ब
(49) स (50) अ

- सुभाष पाण्डेय

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

हमेशा समग्र प्रयास करें, तब भी जब परिस्थितियां आपके अनुकूल न हों

नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती | 23 जनवरी

स्वतंत्रता के लिए खून का बलिदान मांगने वाले अजेय सेनानी सुभाषचंद्र बोस

है समय नदी की बाढ़ कि जिसमें सब बह जाया करते हैं
है समय बड़ा तूफ़ान प्रबल पर्वत झुक जाया करते हैं
अक्सर दुनिया के लोग समय में चक्कर खाया करते हैं
लेकिन कुछ ऐसे होते हैं, इतिहास बनाया करते हैं
यह उसी वीर इतिहास-पुरुष की अनुपम अमर कहानी है।
जो रक्त कणों से लिखी गई, जिसकी जयहिन्द निशानी है।
प्यारा सुभाष, नेता सुभाष, भारत भू का उजियारा था।
पैदा होते ही गणिकों ने जिसका भविष्य लिख डाला था।

यह वीर चक्रवर्ती होगा, या त्यागी होगा संन्यासी
जिसके गौरव को याद रखेंगे, युग-युग तक भारतवासी
सो वही वीर नौकरशाही ने, पकड़ जेल में डाला था ।
पर क्रुद्ध केहरी कभी नहीं फंदे में टिकने वाला था।
बाँधे जाते इंसान, कभी तूफ़ान न बाँधे जाते हैं।
काया ज़रूर बाँधी जाती, बाँधे न इरादे जाते हैं।
वह दृढ़-प्रतिज्ञ सेनानी था, जो मौका पाकर निकल गया।
वह पारा था अंग्रेज़ों की मुट्ठी में आकर फिसल गया।

जिस तरह धूर्त दुर्योधन से, बचकर यदुनन्दन आए थे।
जिस तरह शिवाजी ने मुग़लों के, पहरेदार छकाए थे ।
बस उसी तरह यह तोड़ पिंजरा, तोते-सा बेदाग़ गया।
जनवरी माह सन् इकतालिस, मच गया शोर वह भाग गया
वे कहाँ गए, वे कहाँ रहे, ये धूमिल अभी कहानी है।
हमने तो उसकी नयी कथा, आज़ाद फ़ौज से जानी है।

वरिष्ठ कवि गोपाल प्रसाद व्यास की यह कविता अजेय स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व को काफी प्रभावी ढंग से व्याख्यायित करती है। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे कालजयी नारे से लाखों भारतीयों में देशप्रेम का जज्बा जगाने वाले सुभाषचंद्र बोस भारतीय स्वाधीनता संग्राम के उन योद्धाओं में से एक थे, जिनका नाम और जीवन आज भी हमें मातृभूमि के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। वे सर्वकालिक नेता थे, जिनकी जरूरत कल थी, आज है और आने वाले कल में भी होगी। उनमें नेतृत्व के चमत्कारिक गुण थे, जिनके बल पर उन्होंने सीमित साधनों में आज़ाद हिन्द फौज जैसी सेना बनाकर अंग्रेजों को भारत से निकालने के लिए एक मज़बूत सशस्त्र प्रतिरोध खड़ा करने में सफलता हासिल की थी। उन्होंने अपने परिवार के बारे में न सोचकर पूरे देश के बारे में सोचा। वे एक सफल संगठनकर्ता थे। उनके भाषणों में एक कशिश थी, जो उनकी बात सुनता वो मंत्रमुग्ध हो उनका अनुसरण करने लगता था। वैचारिक मतभिन्नता होने के बावजूद भी वे अपने साथियों के प्रति हमेशा सम्मान रखते थे। उनकी व्यापक सोच आज की राजनीति के लिए भी सोचनीय विषय है। सुभाष उग्र विचारों के समर्थक थे। गांधी जी ने भी उनकी देश की आज़ादी के प्रति लड़ने की भावना देखकर ही उन्हें देशभक्तों का देशभक्त कहा था। वहीं सबसे पहले गांधी को 'राष्ट्रपिता' कहने वाले नेताजी ही थे। उन्होंने 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' एवं 'यूथ कांग्रेस' के अध्यक्ष के रूप में भी सक्रियता से अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

बचपन से ही चुभता था अंग्रेजों का दुर्व्यवहार

आमतौर पर बच्चों को दुनियादारी से कोई लेना-देना नहीं होता है, लेकिन सुभाषचंद्र बोस तो आम बच्चों से काफी अलग थे उन्हें बचपन से अंग्रेजों का अपने देश में होना नहीं सुहाता था। उन्हें यह बात भी चुभती थी कि उनकी कक्षा में अंग्रेज बच्चे आगे की सीटों पर बैठते हैं, जबकि भारतीय बच्चों को पीछे की बैंच पर बैठना पड़ता है। बोस जो भी करते, आत्मविश्वास से करते थे। अंग्रेज अध्यापक बोस के अंक देखकर हैरान रह जाते थे। कक्षा में सबसे अधिक अंक लाने पर भी जब छात्रवृत्ति अंग्रेज छात्र को मिली तो वह उखड़ गए और मिशनरी स्कूल को छोड़ दिया। उस समय महर्षि अरविन्द ने बोस से कहा था- हम में से प्रत्येक भारतीय को डायनमो बनना चाहिए, जिससे कि हममें से यदि एक भी खड़ा हो जाए तो हमारे आस-पास हज़ारों व्यक्ति प्रकाशवान हो जाएं। अरविन्द के शब्द बोस के मस्तिष्क में गूँजते थे। सुभाष सोचते- 'हम अनुगमन किसका करें?' भारतीय जब चुपचाप कष्ट सहते तो वे सोचते थे कि ऐसे लोगों से क्या आशा की जा सकती है?

नमक सत्याग्रह को दी थी 'नेपोलियन की पेरिस यात्रा' की संज्ञा

भारत की स्वतंत्रता के लिए सुभाषचंद्र बोस ने करीब-करीब पूरे यूरोप में अलख जगायी। उनके बारे में कहा जाता है कि वे प्रकृति से साधु, ईश्वर भक्त तथा तन एवं मन से देशभक्त थे। महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह को 'नेपोलियन की पेरिस यात्रा' की संज्ञा देने वाले सुभाषचंद्र बोस का एक ऐसा व्यक्तित्व था, जिसका मार्ग कभी भी स्वार्थों ने नहीं रोका। जिसके पांव लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे, जिसने जो भी स्वप्न देखे, उन्हें साधा। उनका जन्म 23 जनवरी, सन् 1897 में उड़ीसा के कटक के मशहूर वक़ील जानकीनाथ बोस और प्रभावती के घर हुआ था। वे 6 बहनों और सात भाईयों के बीच नौवें क्रम पर थे। सुभाषचंद्र बोस की आरंभिक शिक्षा कलकत्ता के 'प्रेसिडेंसी कॉलेज' व 'स्कॉटिश चर्च कॉलेज' से हुई, उसके बाद 'भारतीय प्रशासनिक सेवा' (इण्डियन सिविल सर्विस) की तैयारी के लिए उनके माता-पिता ने बोस को इंग्लैंड के 'कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय' भेज दिया। सन् 1920 में बोस ने 'इंडियन सिविल सर्विस' की परीक्षा उत्तीर्ण की, लेकिन अप्रैल सन् 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक सरगर्मी की ख़बर सुन अपनी उम्मीदवारी वापस ले

ली और शीघ्र भारत लौट आए। अपने पूरे कार्यकाल में, ख़ासकर प्रारंभिक चरण में, बोस को अपने बड़े भाई शरतचंद्र बोस (1889-1950) का भरपूर समर्थन मिला, जो कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) के एक प्रतिष्ठित वकील होने के साथ-साथ प्रमुख कांग्रेसी राजनीतिज्ञ भी थे। बोस अंग्रेजी शिक्षा को निषेधात्मक शिक्षा मानते थे। किन्तु बोस को उनके पिता ने समझाया था कि हम भारतीय अंग्रेजों से जब तक प्रशासनिक पद नहीं छीनेंगे, तब तक देश का भला कैसे होगा। तब उन्होंने इंग्लैंड में जाकर आई.सी.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण की। नेता जी एक बहुत मेधावी छात्र थे। वे चाहते तो उच्च अधिकारी के पद पर आसीन हो सकते थे। परन्तु उनकी देश भक्ति की भावना ने उन्हें कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया। बोस ने नौकरी से त्याग पत्र दे दिया। सारा देश हैरान रह गया। उस समय सुभाषचंद्र बोस ने कहा- मैं लोगों पर नहीं उनके मनों पर राज्य करना चाहता हूँ। उनका हृदय सम्राट बनना चाहता हूँ।

आंदोलनकारियों को सशक्त बनाना चाहते थे

नौकरी छोड़ वे विदेश से स्वदेशी बनकर लौटे तो पूरा देश इस समय किसी नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहा था। वे गांधी जी से मिले। उनके विचार जाने, पर उनको यह बात समझ नहीं आई कि आन्दोलनकारी हँसते-हँसते लाठियाँ कब तक खाते रहेंगे? वे चितरंजन दास के पास गए। उन्होंने सुभाष को देश को समझने और जानने को कहा। इसके बाद देश भर में घूमें और निष्कर्ष निकाला- 'हमारी सामाजिक स्थिति बदतर है, जाति-पाँति तो है ही, गरीब और अमीर की खाई भी समाज को बाँटे हुए है। निरक्षरता देश के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। इसके लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है।'

कांग्रेस के अधिवेशन में सुभाषचंद्र बोस ने कहा 'मैं अंग्रेजों को देश से निकालना चाहता हूँ। मैं अहिंसा में विश्वास रखता हूँ किन्तु इस रास्ते पर चलकर स्वतंत्रता काफी देर से मिलने की आशा है।' क्रान्तिकारियों को बोस ने सशक्त बनने को कहा। वे चाहते थे कि अंग्रेज भयभीत होकर भाग खड़े हों। वे इसके लिए दिन-रात देश सेवा के काम पर लग गए। उनकी सफलता देख देशबन्धु ने कहा था- मैं एक बात समझ गया हूँ कि तुम देश के लिए रत्न सिद्ध होगे।

1938 में बने 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के अध्यक्ष

गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन बीच में ही रोक देने के कारण सुभाष दुःखी हुए। 1923 में चितरंजन दास द्वारा गठित स्वराज्य पार्टी का सुभाषचंद्र बोस ने समर्थन किया। उस समय जब चितरंजन दास ने कलकत्ता नगर निगम के मेयर का कार्यभार संभाला तो उन्होंने सुभाष को निगम के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी पद पर नियुक्त किया। उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण अंग्रेज सरकार ने उन्हें 25 अक्टूबर, 1924 को गिरफ्तार कर बर्मा (वर्तमान म्यांमार) की 'माण्डले' जेल में बंद कर दिया। सन् 1927 में रिहा होने पर बोस कलकत्ता लौट आए। बोस बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष चुन लिए गए। सन् 1930 में जब सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ, बोस कारावास में थे। रिहा और फिर से गिरफ्तार होने व अंततः एक वर्ष की नजरबंदी के बाद उन्हें यूरोप जाने की आज्ञा दे दी गई। निर्वासन काल में, उन्होंने 'द इंडियन स्ट्रगल' और यूरोपीय नेताओं से भारतीय पक्ष की पैरवी की। सन् 1936 में यूरोप से लौटने पर उन्हें फिर एक वर्ष के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। सन् 1938 में 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के अध्यक्ष निर्वाचित हुये।

नेताजी की सक्रियता से गठित आज़ाद हिन्द फौज को मिला व्यापक समर्थन

सुभाषचंद्र बोस ने गरमपंथी तत्वों को साथ जुटाने की उम्मीद में 'फारवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की, लेकिन सन् 1940 में वह पुनः बंदी बना लिए गए। भारतीय इतिहास की इस नाजुक घड़ी में बंदी बने रहने से उनका इन्कार आमरण अनशन के निर्णय के रूप में अभिव्यक्त हुआ, जिससे घबराकर ब्रिटिश सरकार ने उन्हें रिहा कर दिया। कड़ी निगरानी के बावजूद वह 26 जनवरी सन् 1941 को अपने कलकत्ता के आवास से वेश बदलकर निकल भागे और काबुल व मॉस्को के रास्ते अंततः अप्रैल में जर्मनी पहुँच गए। जनवरी 1942 में उन्होंने और कुछ अन्य भारतीयों ने जर्मन प्रायोजित 'आज़ाद हिंद रेडियो' से अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, गुजराती और पश्तो में नियमित प्रसारण करना शुरू कर दिया। दक्षिणी-पूर्वी एशिया में जापानी हमले के एक वर्ष के कुछ ही समय बाद बोस ने जर्मनी छोड़ दी। वह सन् 1943 में टोक्यो पहुँचे। यहां उन्होंने पूर्वी एशिया में चलने वाले भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व संभाला। उन्होंने एक सभा में कहा- 'यदि भारत ब्रिटेन के विरुद्ध लड़ाई में भाग ले तो उसे स्वतंत्रता मिल सकती है।' उन्होंने गुप्त रूप से इसकी तैयारी शुरू कर दी। अंग्रेजों ने उनको बन्दी बनाना चाहा, पर वे चकमा देकर भाग गए। 2 जुलाई को सिंगापुर के विशाल मैदान में भारतीयों का आह्वान किया। सुभाषचंद्र बोस ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 1943 को 'आज़ाद हिन्द सरकार' की स्थापना की तथा 'आज़ाद हिन्द फ़ौज' का गठन किया। इस संगठन के प्रतीक चिन्ह पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना था। कदम-कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा- इस संगठन का वह गीत था, जिसे गुनगुना कर संगठन के सेनानी जोश और उत्साह से भर उठते थे।

उन्होंने अपनी फौज में न केवल महिलाओं की भर्ती की, बल्कि उनको बन्दूक चलाना और बम गिराना भी सिखाया। 21 अक्टूबर को उन्होंने प्रतिज्ञा की- 'मैं अपने देश भारत और भारतवासियों को स्वतंत्र कराने की प्रतिज्ञा करता हूँ।'

लोगों ने तन, मन और धन से इनका सहयोग किया। उन्होंने एक विशाल सभा में घोषणा की- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा। कतार लग गई। सबसे पहले महिलाएँ आईं। आर्थिक सहायता के लिए उन्होंने अपने सुहाग के आभूषण भी इनकी झोली में डाल दिए। आज़ाद हिन्द सेना ने 1943 से 1945 तक अंग्रेजों को बराबर टक्कर दी तथा भारत को स्वतंत्रता देने के विषय में सोचने के लिए मजबूर किया। अन्ततः ब्रिटिश शासन को उन्होंने महसूस करा दिया कि भारत को स्वतंत्रता देनी ही पड़ेगी।

ऐतिहासिक भाषण में कहा था स्वतंत्रता बलिदान चाहती है

रंगून के 'जुबली हॉल' में सुभाषचंद्र बोस द्वारा दिया गया वह भाषण सदैव के लिए इतिहास के पन्नों में अंकित हो गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि- 'स्वतंत्रता बलिदान चाहती है। आपने आज़ादी के लिए बहुत त्याग किया है, किन्तु अभी प्राणों की आहुति देना शेष है। आज़ादी को आज अपने शीश फूल चढ़ा देने वाले पागल पुजारियों की आवश्यकता है। ऐसे नौजवानों की आवश्यकता है, जो अपना सिर काट कर स्वाधीनता देवी को भेंट चढ़ा सकें। तुम मुझे ख़ून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।' इस वाक्य के जवाब में नौजवानों ने कहा- हम अपना ख़ून देंगे। उन्होंने सेना को 'दिल्ली चलो' का नारा भी दिया। सुभाष भारतीयता की पहचान ही बन गए थे और भारतीय युवक आज भी उनसे प्रेरणा ग्रहण करते हैं। वे भारत की अमूल्य निधि थे। 'जय हिन्द' का नारा और अभिवादन उन्हीं की देन है।

यूं तो नेताजी लोगों के दिलों में हमेशा के लिए अमर हैं, लेकिन नियति ने भी उनकी मृत्यु पर परदा डालकर उन्हें हमेशा के लिए अजेय बना दिया है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मृत्यु पर इतने वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी रहस्य छाया हुआ है। ऐसा माना जाता है कि दूसरे विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण के कुछ दिन बाद दक्षिण पूर्वी एशिया से निकलते हुए एक हवाई दुर्घटना में 18 अगस्त, 1945 को बोस की मृत्यु हो गई। लेकिन देश का एक वर्ग ऐसा भी है, जो विमान हादसे की बात को स्वीकार नहीं करता। एक मान्यता यह भी है कि बोस की मौत 1945 में नहीं हुई, वह उसके बाद रूस में नजरबंद थे। उनके गुमशुदा होने और दुर्घटना में मारे जाने के बारे में कई विवाद छिड़े, लेकिन सच कभी सामने नहीं आया। नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि हम देश की सेवा करके ही जन्मदायिनी मिट्टी का कर्ज़ उतार सकते हैं।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

एक-दूसरे से सीखना विकास का अद्भुत जरिया है - एडिनबर्गस होगमैने

पिछला सप्ताह

11 जनवरी

आरबीआई ने वीडियो आधारित केवाईसी को प्रदान की मंजूरी

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहकों की केवाईसी में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिये बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत अब ग्राहक बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और भुगतान वॉलेट के खाते की केवाईसी वीडियो के जरिये कर सकेंगे। आईबीआई ने इसके लिये मास्टर केवाईसी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। आरबीआई के नोटिफिकेशन के अनुसार, वीडियो आधारित कस्टमर आईडेंटिफिकेशन प्रोसेस (वीसीआई पी) को ग्राहक अनुमति आधारित वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पेश किया गया है। आरबीआई ने कहा कि वीडियो के जरिये केवाईसी के लिये ग्राहक की मंजूरी लेना आवश्यक होगा। इस प्रक्रिया के तहत दूरदराज के इलाकों की वित्तीय संस्थान पैन या आधार कार्ड के अलावा कुछ सवालों से ग्राहक की पहचान करेंगे।

● रक्षा मंत्रालय ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के नेतृत्व में एक नया सैन्य मामलों का विभाग बनाया है। इस विभाग में अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, इनमें 2 ज्वाइंट सेक्रेटरी, 13 डिप्टी सेक्रेटरी और 22 अंडर सेक्रेटरी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। इस नये विभाग के गठन के बाद रक्षा मंत्रालय के तहत पांच विभाग हो गये हैं, इनमें रक्षा विभाग, सैन्य मामलों का विभाग, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग और पूर्व कर्मचारी कल्याण विभाग शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जनरल बिपिन रावत ने एक जनवरी को देश के पहले सीडीएस का पद संभाला है।

● अफ्रीकी देश नाइजर के पश्चिमी तिलाबेरी इलाके में सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, हथियारों से लैस आतंकियों ने सैन्य शिविर पर हमला किया। इसके जवाब में सेना ने भी पलटवार किया। इस झड़प में 63 आतंकवादियों और 25 सैनिकों की मृत्यु हो गई। यह हमला बुर्किना फ्रासो से लगी सीमा पर चिनेगोदर इलाके में हुआ। नाइजर में यह पिछले एक महीने में दूसरा बड़ा आतंकी हमला है।

12 जनवरी

ग्रीस के पास सागर में प्रवासियों से भरी नाव पलटी

● ग्रीस के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित पोर्ट प्रेवेजा में प्रवासियों से भरी एक नाव

पलट गई। इस हादसे में 12 से अधिक प्रवासियों की मौत हो गई। वहीं तटरक्षक बलों ने कई लोगों को डूबने से बचा लिया। हादसे में कई प्रवासी लापता भी हो गए हैं। तटरक्षक बल के अनुसार, नाव में 100 से अधिक लोग सवार थे। ग्रीस के तट से लगभग सौ मीटर पहले ही तेज हवा के कारण यह नाव पलट गई। उल्लेखनीय है कि कई देशों के नागरिक गृह युद्ध के कारण पलायन को मजबूर हैं। ये लोग सुरक्षित जगह की तलाश में समुद्री रास्ते से अन्य देशों में जाते हैं। छोटी नावों में जरूरत से ज्यादा लोग सवार हो जाते हैं, ऐसे में दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

● अरब सागर में एक बड़ा हादसा टल गया। सागर में अमेरिकी जहाज 'यूएस डिस्ट्रॉयर' और रूसी युद्धपोत बेहद करीब आ गये थे और टकराने से बच गये। इन दोनों युद्धपोतों के बीच महज 50 फीट का फासला रह गया था, लेकिन समय रहते दोनों युद्धपोतों ने दिशा मोड़ दी। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने घटना का फुटेज जारी कर रूस पर आरोप लगाया कि रूस ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संकेतों को अनदेखा किया था।

● अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता को लेकर उत्तर कोरिया ने कहा है कि अमेरिका के साथ वार्ता तभी शुरू होगी जब अमेरिका हमारी मांगों को पूरी तरह स्वीकार करेगा। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के सलाहकार किम क्ये ग्वान ने कहा कि हमें अमेरिका द्वारा धोखा दिया जा रहा है और डेढ़ साल से अधिक समय तक हमें बातचीत में व्यस्त रखा गया।

13 जनवरी

तेजस ने आईएनएस विक्रमादित्य पर की सफल लैंडिंग

● भारतीय नौसेना के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने भारतीय नौसेना के विमान

वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर सफल अरेस्टेड लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही भारत अरेस्टेड लैंडिंग कराने वाला विश्व का छठवां देश बन गया है। भारत से पहले यह उपलब्धि रूस, अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन भी हासिल कर चुके हैं। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधिकारियों ने बताया कि इससे नौसेना की ऑन डेक ऑपरेशन क्षमताएं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि युद्धपोत पर रनवे की लंबाई कम होती है, ऐसे में एयरक्राफ्ट को लैंड कराने के लिये अरेस्टेड लैंडिंग तकनीक अपनाई जाती है। इस तकनीक में एयरक्राफ्ट के पिछले हिस्से में स्टील के वायर से जोड़कर एक हुक लगाया जाता है। इससे एयरक्राफ्ट की रफ्तार कम होती है।

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के शोधकर्ताओं ने स्पिनिंग डिस्क आधारित एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो महज 10 रुपये में कंपलीट ब्लड काउंट (सीबीसी) टेस्ट करती है। यह टेस्ट 95 प्रतिशत सटीक होता है। इस टेस्ट में हीमोग्लोबिन, आरबीसी, डब्ल्यूबीसी और प्लेटलेट्स की सही गणना की जाती है। यह डिवाइस पेपर स्ट्रिप आधारित किट है, जो स्मार्टफोन से जुड़ी होती है।

14 जनवरी

ट्राई ने पेड चैनल्स की दरों में की कटौती

● भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने केबल टीवी और डीटीएच यूजर्स

TRAI
Telecom Regulatory Authority of India

को बड़ी राहत देते हुये पेड चैनल्स की दरों में कटौती की है। ट्राई ने पेड चैनल्स की अधिकतम दर को 19 रुपये से कम करके 12 रुपये कर दिया है। वहीं 130 रुपये में 100 की जगह अब 200 फ्री टू एयर चैनल दिखाए जायेंगे। ट्राई के अध्यक्ष आर.एस. शर्मा ने बताया कि ये दरें एक मार्च 2020 से लागू होंगी। इस ऐलान के बाद केबल या डीटीएच सर्विस प्रोवाइडर किसी भी चैनल के लिये अधिकतम 12 रुपये ही चार्ज कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि ट्राई ने दर्शकों के लिये पिछले साल नई टैरिफ व्यवस्था लागू की थी, जिसमें दर्शक केवल उन्हीं चैनल्स के लिये भुगतान करेंगे, जिन चैनल्स को वो देखना चाहते हैं।

● पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ को बड़ी राहत देते हुये लाहौर हाईकोर्ट ने उनकी मौत की सजा रद कर दी है। हाईकोर्ट ने विशेष अदालत की सजा को असंवैधानिक करार दिया है। हाईकोर्ट ने यह फैसला मुशर्रफ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद फांसी अमान्य घोषित की है। याचिका में मुशर्रफ ने उन्हें दी गई फांसी की सजा को चुनौती देते हुये विशेष अदालत के गठन पर सवाल खड़े किये थे। हाईकोर्ट ने कहा कि मुशर्रफ के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा कानून के अनुसार नहीं चलाया गया है। उल्लेखनीय है कि विशेष अदालत ने मुशर्रफ को संगीन देशद्रोह का दोषी मानते हुये मौत की सजा सुनाई थी।

● इजराइल में भारी बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। इजराइल की सेना ने बताया कि पिछले हफ्ते भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से आठ लड़ाकू विमान क्षतिग्रस्त हो गये हैं। ये विमान एक सैन्य अड्डे के बेसमेंट में खड़े थे, बेसमेंट में पानी भर गया था। विमान क्षतिग्रस्त होने से करोड़ों डॉलर का नुकसान हुआ है।

15 जनवरी

ट्रेनों में ऑन डिमांड सिनेमा और मनोरंजन सेवाओं का आनंद ले सकेंगे यात्री

● रेल यात्री अब सफर के दौरान सिनेमा, वीडियो और अन्य मनोरंजन सेवाओं का

आनंद उठा सकेंगे। भारतीय रेलवे अब यात्रियों को ऑन डिमांड सर्विस उपलब्ध करायेगा। यह सुविधा वर्ष 2022 से शुरू होगी। रेलवे ने बताया कि यात्रियों को यात्रा के दौरान फिल्में और अन्य सेवाएं निःशुल्क और सशुल्क आधार पर मिलेंगी। रेलवे का सार्वजनिक उपक्रम रेल टेल रेलगाड़ियों में पहले से स्थापित मीडिया सर्वरों के माध्यम से चलती ट्रेनों में विभिन्न प्रीलोडेड बहुभाषी सामाग्री उपलब्ध करायेगा। इसके अलावा ई-कॉमर्स, एम-कॉमर्स और यात्रा बुकिंग जैसी सुविधायें भी मुहैया करायी जायेंगी।

● अमेरिका ने चीन को करेंसी से छेड़छाड़ करने वाले (करेंसी मेनीपुलेटर) देशों की सूची से हटा दिया है। अमेरिका ने यह कदम चीन के साथ होने जा रहे पहले दौर के कारोबारी समझौते से पहले उठाया है। अमेरिका ने चीन को पिछले वर्ष करेंसी से छेड़छाड़ करने वाली सूची में डाला था। समझौते से पहले अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा है कि चीन की करेंसी युआन मजबूत हुई है, इसलिये अब इसे करेंसी मेनीपुलेटर माना जाना ठीक नहीं है। उल्लेखनीय है कि चीन और अमेरिका के बीच काफी समय से ट्रेड वॉर चल रहा था।

● फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत थातांगस में एक ज्वालामुखी में भीषण विस्फोट हुआ। इस ज्वालामुखी से निकल रहे लावा की ऊंचाई आधा मील है, वहीं इसमें से निकल रही राख हवा में लगभग 9 मील तक उड़ रही है। यह राख काफी दूर-दूर तक पहुंच रही है। इस ज्वालामुखी की 17 किलोमीटर की परिधि में लगभग हजारों लोग रहते हैं, जो अब पलायन कर रहे हैं।

16 जनवरी

आरबीआई ने डेबिट और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नये नियम किये जारी

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर हो रहे फर्जी लेन-देन पर रोक लगाने के लिये नये नियम जारी किये हैं। इन नियमों के जरिये डेबिट और क्रेडिट कार्ड के जरिए होने वाले ट्रांजेक्शन सुरक्षित होंगे। ये नये नियम 16 मार्च 2020 से लागू होंगे। आरबीआई ने सभी बैंकों से कहा है कि वे भारत में एटीएम और पीओएस टर्मिनल्स पर केवल घरेलू कार्ड से लेन-देन को मंजूरी दें। इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन के लिये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कॉन्टैक्टलेस ट्रांजेक्शन के लिये ग्राहकों को अपने कार्ड पर सर्विस को अलग से सेट करना होगा।

● अमेरिका में भारतीय दूतावास अमेरिका सहित विदेशी नागरिकों को हिन्दी सिखाने के लिये कक्षाएं आयोजित करना है। यहां विदेशियों को हिन्दी मुफ्त में सिखाई जाती है। भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि भारतीय संस्कृति के जानकार और शिक्षक मोक्षराज हिन्दी की कक्षा लेते हैं। हिन्दी के इस कोर्स में विदेशियों को भारत की कला-संस्कृति, इतिहास, पारिवारिक व्यवस्था, वास्तुकला, योग, पाक कला, राजनीति और कारोबार के बारे में पढ़ाया जाता है।

● इराक में एक बार फिर अमेरिकी वायु सेना को निशाना बनाकर रॉकेट दागे गये हैं। इराक की सेना के अनुसार, बगदाद के उत्तर में स्थित इराकी वायु सेना के शिविर पर सात कत्यूशा रॉकेट दागे गये हैं। इस अड्डे पर अमेरिका के वायु सैनिक रहते हैं। हमले में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है।

17 जनवरी

सीरिया में युद्ध विराम के बावजूद रूस ने किये हवाई हमले

● सीरिया में सरकार और विद्रोहियों के बीच युद्ध विराम के बावजूद हमले किये गये हैं। सीरियन ऑब्जर्वेटरी ऑफ ह्यूमन राइट के अनुसार, ये हमले सीरिया के इदलिब प्रांत में किये गये थे। ये हमले सीरियाई सरकार के समर्थक रूस और तुर्की की सेनाओं ने किये हैं। इन हमलों में लगभग 21 लोगों की मौत हो गई। साथ ही कई घरों और वाहनों को नुकसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीरिया में पिछले काफी वर्षों से सरकार और विद्रोहियों के बीच संघर्ष चल रहा है।

● अफगानिस्तान के दक्षिणी जाबुल प्रांत के शहर-ए-सफा में एक बम विस्फोट हुआ। बम विस्फोट में एक कार चपेट में आ गई, जो सरकारी कर्मचारियों को लेकर जा रही थी। इस धमाके में कार के ड्राइवर सहित 5 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के प्रवक्ता मोहम्मदउल्ला अमिरी ने बताया कि यह धमाका शहर के भीड़ भरे इलाके में हुआ। इस हमले की जिम्मेदारी किसी भी आतंकी संगठन ने नहीं ली है।

आंगनवाड़ी का बाल शिक्षा केंद्र में परिवर्तन बना बच्चों का आकर्षण

भोपाल, मध्यप्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्र को बाल शिक्षा केंद्र में परिवर्तित करने से बच्चों में कई बदलाव देखने में आए हैं। अब बच्चे न सिर्फ आंगनवाड़ी केंद्र जाने के लिए पहले से ज्यादा उत्सुक हैं, बल्कि माता-पिता भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल ना भेजकर बाल शिक्षा केन्द्र भेज रहे हैं।

शाजापुर में बाल शिक्षा केंद्र का सफल संचालन

शाजापुर जिले के मोमन बड़ोदिया आंगनवाड़ी केंद्र को बाल शिक्षा केंद्र में परिवर्तित किया गया है। प्राइवेट स्कूल में प्रवेश पा चुके 3 वर्षीय चंचल और 4 वर्षीय गौरवांक के अभिभावकों ने इन बच्चों को वहां से निकाल कर बाल शिक्षा केंद्र में भेज दिया है। चंचल के पिता प्रेम नारायण और गौरवांक के पिता गौरव बताते हैं कि बाल शिक्षा केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती कांता सोनी और पर्यवेक्षक श्रीमती किरण परमार ने उन्हें बताया था कि शासन द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को प्री-प्रायमरी शिक्षा की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। साथ ही, बच्चों को नई ड्रेस, किताबें, खिलौने, टी.वी. आदि के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। इसलिये हमने निर्णय लिया कि अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल के स्थान पर बाल शिक्षा केंद्र में भेजेंगे। दोनों बच्चों के पिता बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र में प्राइवेट स्कूल जैसी शिक्षा और सुविधाएं मिलने से प्रसन्न हैं।

पहले चरण में 313 बाल शिक्षा केंद्र शुरू किये गये

प्रदेश में पहले चरण में 313 आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल शिक्षा केंद्र शुरू किये गये हैं। इन केंद्रों में 6 वर्ष तक आयु वर्ग के नैनिहालों को प्री-प्रायमरी शिक्षा की तैयारी कराई जा रही है। यहां आने वाले बच्चों के लिए 19 विषयों का माहवार पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसमें स्वयं की पहचान, मेरा घर, व्यक्तिगत साफ-सफाई, रंग और आकृति, तापमान एवं पर्यावरण, पशु-पक्षी, यातायात के साधन, सुरक्षा के नियम, हमारे मददगार मौसम, बच्चों का आत्मविश्वास तथा हमारे त्यौहार शामिल हैं। बच्चों के विकास की निगरानी के लिए शिशु विकास कार्ड भी बनाए गए हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 03, 20.01.2020 से 26.01.2020

● प्रबंध संचालक - संजय कुमार शुक्ल ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार वनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

जॉब अलर्ट

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

पद का नाम - सीएसआईआर - केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चंडीगढ़ तथा सीएसआईआर - भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के निदेशक के पदों के लिए आवेदन।
पद संख्या - प्रत्येक जगह 01 पद है।
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.csir.res.in

शहीद राजगुरू कॉलेज एप्लाइड साइंसेस फॉर वुमेन, दिल्ली

पद का नाम - वरिष्ठ तकनीकी सहायक, व्यावसायिक सहायक, अर्द्ध व्यावसायिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, कनिष्ठ सहायक, एम.टी.एस. प्रयोगशाला सहायक, एमटीएस पुस्तकालय
पद संख्या - 02, 01, 01, 06, 03, 17, 02
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 24 जनवरी 2020
www.rajgurucollage.com

भारतीय फार्मेसी परिषद, नई दिल्ली

पद का नाम - प्रणाली प्रशासक, प्रणाली विश्लेषक
पद संख्या - 01, 01
योग्यता - प्रशासक के लिए बी.ई./बीसीए/एमसीए, विश्लेषक के लिए बी.ई./बीसीए/एमसीए (पद 01 वर्ष के लिए पूर्णकालिक और पूर्णतः अनुबंध आधार पर हैं।)
अंतिम तिथि - 4 फरवरी 2020
www.pci.nic.in

रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन एवं पेट्रोलियम विभाग, नई दिल्ली

पद का नाम - संयोजक, सहायक (सेवानिवृत्त अनुभाग स्तर के अधिकारी आवेदन के पात्र हैं।)
पद संख्या - 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 24 जनवरी 2020
www.chemicals.nic.in

वसंत कन्या महाविद्यालय, वाराणसी

पद का नाम - सहायक प्रोफेसर - मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, पेंटिंग, समाजशास्त्र, एआईएचसी एवं पुरातत्व विज्ञान, लाइब्रेरियन
पद संख्या - 02, 01, 01, 01, 01, 01 (केवल महिला उम्मीदवार ही आवेदन की पात्र हैं।)
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 23 जनवरी 2020
www.vkm.org.in

कृषि विज्ञान केंद्र, श्रम साधना, अमरावती

पद का नाम - कार्यक्रम सहायक (फार्म प्रबंधक) टी-4
पद संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय से कृषि/बागवानी में बैचलर डिग्री या समकक्ष अर्हता
अंतिम तिथि - 4 फरवरी 2020
www.kvkdurgapur.in

भारी पानी बोर्ड, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार

पद का नाम - तकनीकी अधिकारी-डी (रसायन, यांत्रिक, इंस्ट्रूमेंटेशन, सिविल) श्रेणी-1, वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षणार्थी - (रसायन, यांत्रिक, विद्युत, इंस्ट्रूमेंटेशन रसायन (प्रयोगशाला), श्रेणी-II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षणार्थी (प्रक्रिया/संयंत्र संचालक, रसायन (प्रयोगशाला), विद्युत, यांत्रिक (फिटर), मैकेनिक (मोटर वाहन), वेल्डर, रिंगर, टर्नर, नलसाज (प्लंबर), राजमिस्त्री (मेसन), बढ़ई (कारपेंटर), नर्स/ए ग्रुप बी, वैज्ञानिक सहायक/बी(सिविल), - ग्रुप बी, वैज्ञानिक सहायक (रेडियोग्राफी), तकनीशियन - सी (क्रेन/फोर्क लिफ्ट ऑपरेटर), सब ऑफिसर/बी-ग्रुप बी, आशुलिपिक ग्रेड-II, आशुलिपिक ग्रेड-III, प्रवर श्रेणी लिपिक-ग्रुप सी, वाहन चालक (सामान्य ग्रेड), ड्राइवर सह ऑपरेटर सह फायरमैन/ए ग्रुप
पद संख्या - 28, 65, 92, 4,5, 01, 03, 05, 02, 08, 18, 20, 26
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.hwb.gov.in

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली

पद का नाम - प्रवर्तन अधिकारी/लेखाधिकारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, श्रम तथा रोज़गार मंत्रालय
पद संख्या - 421
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
http://www.upsconline.nic.in

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, हावड़ा

पद का नाम - कार्यशाला परिचर
पद संख्या - 08
योग्यता - दसवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष, राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र के पश्चात एक उद्योग में एक वर्ष का अनुभव अथवा राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र (पद अस्थायी हैं।)
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.atihowarh.org.in

शहरी योजना विभाग, संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय भवन, चंडीगढ़

पद का नाम - योजना अधिकारी, चयन ग्रेड योजना, ड्राफ्ट्समैन, वरिष्ठ योजना ड्राफ्ट्समैन, योजना ड्राफ्ट्समैन, क्षेत्र अन्वेषक, स्टेनो टाइपिस्ट, लिपिक
पद संख्या - 01, 04, 02, 01, 01, 01, 01 (भारत सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों/बोर्डों/निगमों से सेवानिवृत्त होने वाले/पेंशनर सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए)
योग्यता - पदानुसार (संविदा आधार पर)
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
http://chdpr.gov.in

फूड-क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, अलीगढ़

पद का नाम - वरिष्ठ प्रवक्ता/कम-वरिष्ठ अनुदेशक
पद संख्या - 01
योग्यता - स्नातक तथा किसी विश्वविद्यालय/एन.सी.एच.एम.सी.टी. नोएडा या राज्यस्तरीय तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा सम्बद्ध होटल मैनेजमेंट में 3 वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ। होटल मैनेजमेंट में डिग्री धारक के लिए यह योग्यता लागू नहीं होगी। दस वर्ष का शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक अनुभव।
अंतिम तिथि - 5 फरवरी 2020
www.foodcraftaligarh.com

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, चेन्नई

पद का नाम - कैंटीन परिचारक
पद संख्या - 03
योग्यता - मैट्रिक अथवा समकक्ष, सीधी भर्ती, दो वर्ष की परिवीक्षण अवधि।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
http://www.centralexcisechennai.com

सी.एस.आई.आर. - खनिज एवं पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थान, ओडिशा

पद का नाम - तकनीशियन
पद संख्या - 01
योग्यता - एसएससी/10वीं कक्षा विज्ञान विषयों के साथ 55 प्रतिशत अंकों के सहित तथा नलसाजी के आईटीआई प्रमाणपत्र अथवा राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र अथवा एक शिक्षु प्रशिक्षण के रूप में 2 वर्षीय पूर्णकालिक अनुभव एक मान्यता प्राप्त संस्था से सुसंगत ट्रेड नलसाजी में, वांछनीय - अनिवार्य योग्यता के पश्चात कार्यानुभव।
अंतिम तिथि - 20 फरवरी 2020
http://www.immt.res.in

एडमिशन अलर्ट

एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा, गुरूग्राम कैंपस

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए 4.0 (सत्र 2020 के लिए)
योग्यता - स्नातक के साथ गेट/जेट का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है। (विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर)
www.amity.edu

एएसबीएम यूनिवर्सिटी, ओडिशा

पाठ्यक्रम का नाम - **एमबीए** - एचआर, मार्केटिंग, फायनेंस, ऑपरेशन्स, लॉजिस्टिक एंड सप्लाय चेन मैनेजमेंट, बिजनेस एनॉलिटिक्स, फैशन मैनेजमेंट, बीबीए (ऑनर्स, ई-कॉमर्स), डॉक्टोरल प्रोग्राम इन मैनेजमेंट **कॉमर्स** - मास्टर्स और बैचलर प्रोग्राम, **कम्युनिकेशन** - बीए कम्युनिकेशन एंड डिजिटल मीडिया, एम.ए. कम्युनिकेशन एंड डिजिटल मीडिया
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 29 फरवरी 2020 एमबीए अन्य पाठ्यक्रमों के लिए 31 मई 2020
www.asbm.ac.in

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, रांची

पाठ्यक्रम का नाम - दो वर्षीय पीजीडीएम - ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, फायनेंस, मार्केटिंग
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.xiss.ac.in

आईआईएम, लखनऊ

पाठ्यक्रम का नाम - एग्जीक्यूटिव फैलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (ईएफपीएम) - एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस एन्वार्यनमेंट (इकोनोमिक्स), बिजनेस सस्टेनेबिलिटी, बिजनेस कम्युनिकेशन, डिसीजन साइंस (स्टैटिस्टिक्स एंड ऑपरेशन रिसर्च), फायनेंस एंड अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड सिस्टम्स मार्केटिंग मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स मैनेजमेंट, स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
https://www.iiml.ac.in/phd-part-time

एनटीपीसी स्कूल ऑफ बिजनेस, फिल्म सिटी, नोएडा

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (एनर्जी मैनेजमेंट) - दो वर्षीय, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (एक्जीक्यूटिव) (पन्द्रह माह)
योग्यता - स्नातक के साथ-साथ, कैट/जैट/जीमैट/एनएसबी का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - प्रवेश आरंभ है।
www.nsb.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, विशाखापत्तनम्

पाठ्यक्रम का नाम - डॉक्टोरल प्रोग्राम्स (पीएचडी 2020) - डिसिजन साइंस, फायनेंस एंड अकाउंटिंग, मार्केटिंग, प्रोडक्शन एंड ऑपरेशन मैनेजमेंट
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 16 मार्च 2020
www.iimv.ac.in

हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, चेन्नई

पाठ्यक्रम का नाम - बी.टेक/बी.आर्क/बी.डेस, बीए एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), एलएलबी, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीएससी, बीए
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.nata.ac.in

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल, इंजीनियरिंग, मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीआईएम और पीजीडीआईएसईएम (बैच 2020-22)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 3 फरवरी 2020
www.nitie.ac.in

फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, न्यू देल्ही

पाठ्यक्रम का नाम - दो वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट - इंटरनेशनल बिजनेस, पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट - फाइनेंनशियल मैनेजमेंट
योग्यता - स्नातक, जैट/जीमैट का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 25 जनवरी 2020
https://www.fsm.ac.in/admission

अमृता स्कूल ऑफ बिजनेस, कोयम्बटूर

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए - एमएस (ड्यूल डिग्री प्रोग्राम) बैंगलुरु कैम्पस
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ
www.amrita.edu/mba

एनएएआरएम, हैदराबाद, तेलंगाना

पाठ्यक्रम का नाम - सत्र 2020-21 के लिए टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट इन एग्रीकल्चर एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स।
योग्यता - सोशल साइंस, फिजिकल साइंस, मैनेजमेंट साइंस में पीजी या इन्हीं विषयों के साथ ग्रेजुएशन के साथ दो वर्षीय कार्यानुभव जरूरी है।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.naarm.org.in

इंडीयन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट (आईआईपीएम), बेंगलुरू

पाठ्यक्रम का नाम - फूड प्रोसेसिंग और बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
योग्यता - स्नातक की डिग्री 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.iipmb.edu.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

67वाँ फिल्म नेशनल अवॉर्ड 2019

संस्था का नाम - डायरेक्टरेट ऑफ फिल्म फेस्टिवल, सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार (नई दिल्ली)
किसके लिए - फीचर एवं नॉन-फीचर फिल्म और सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ आलेख के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
योग्यता - फीचर के लिए 1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2019 के बीच सीबीएफसी द्वारा प्रमाणित हो। (दोनों दिवस भी शामिल), सिनेमा आलेख के लिए सिनेमा पर बुक एंड आर्टिकल/रिव्यू 1 जनवरी 2019 को 31 दिसंबर 2019 के बीच प्रकाशित हों।
अंतिम तिथि - 06 फरवरी 2020
www.dff.gov.in

गूगल हैशकोड कॉम्पिटिशन 2020

संस्था का नाम - गूगल संस्था, यूएस
किसके लिए - गूगल द्वारा प्रत्येक वर्ष हैशकोड कॉम्पिटिशन में प्रतिभागी को कोडिंग से जुड़ी प्रॉब्लम सॉल्व करनी होती है। इस वर्ष प्रतिभागी को 2 या 4 प्रतिभागियों का ग्रुप बनाकर चरणबद्ध कोडिंग प्रॉब्लम सॉल्व करना है।
योग्यता - प्रतिभागी की आयु 16 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। हालांकि फाइनल राउंड में वही कैंडिडेट पार्टिसिपेट कर पाएंगे, जिनकी आयु 18 वर्ष हो।
अंतिम तिथि - 17 फरवरी 2020
https://codingcompetitions.withgoogle.com/hashcode/rulesandterms

यंग चैम्पियंस ऑफ द अर्थ कॉम्पिटिशन

संस्था का नाम - संयुक्त राष्ट्र (यूएन)
किसके लिए - ऐसे विद्यार्थी जिनके पास वैश्विक स्तर पर पर्यावरण में सुधार करने का बेहतरीन आइडिया है, वे इसके माध्यम से नवोन्मेषी विचार यूएन की ऑफिशियल वेबसाइट पर साझा कर सकते हैं।
योग्यता - अट्ठारह से 30 वर्ष के कैंडिडेट्स जिनके पास पर्यावरण से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर न्यूनतम 6 माह काम करने का अनुभव है वे आवेदन के पात्र हैं।
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
https://www.unenvironment.org/youngchampion

आईआईएम तिरुचिरापल्ली फेलोशिप प्रोग्राम इन मैनेजमेंट

संस्था का नाम - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, तिरुचिरापल्ली
किसके लिए - मैनेजमेंट के क्षेत्र में शोध करने वाले विद्यार्थियों को जिन्हें आर्थिक सहायता की दरकार है वे आवेदन के पात्र हैं।
योग्यता - किसी भी स्ट्रीम में 60 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर्स डिग्री या 2 साल का पीजी डिप्लोमा, तीन साल के ग्रेजुएशन में 50 प्रतिशत अंक हों। मास्टर्स (5/4 साल का इंटीग्रेटेड) डिग्री में 60 प्रतिशत अंक हासिल करना जरूरी है।
अंतिम तिथि - 27 जनवरी 2020
https://www.iimtrichy.ac.in/fpm

बस्ती विकास योजना में विकास कार्यों के लिये 98 लाख रूपये से अधिक का आवंटन

भोपाल, आदिम जाति कल्याण विभाग ने अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास कार्य के लिये 98 लाख 92 हजार रुपये का आवंटन जारी किया है।

यह राशि अलीराजपुर, उज्जैन, नरसिंहपुर जिलों में ग्रामीण विकास और पेयजल से संबंधित विकास कार्यों के लिये खर्च की जायेगी।

अलीराजपुर, उज्जैन और नरसिंहपुर जिलों में 84 लाख 79 हजार रुपये की राशि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को जारी की गई है। अलीराजपुर जिले में पेयजल व्यवस्था के लिये 13 लाख 73 हजार रुपये की राशि जारी की गई है। निर्माण एजेन्सियों को सभी निर्माण कार्य नियत समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदिवासी बस्ती विकास योजना का मुख्य उद्देश्य आदिवासी-बहुल बस्तियों में मूलभूत सुविधाएँ जिनमें पेयजल, विद्युत व्यवस्था, आंतरिक क्षेत्रों में पक्की सड़कें, नाली निर्माण, मुख्य सड़क से आदिवासी बस्ती तक सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण और सामुदायिक भवन शामिल हैं। विभाग द्वारा वर्ष 2018-19 में बस्ती विकास योजना में करीब 135 करोड़ रुपये की राशि विकास कार्यों पर खर्च की गई।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

सामयिकी

9 फरवरी को ऑस्कर समारोह, 344 फिल्में नॉमिनेट

ऑस्कर के 92वें संस्करण के लिए 9 फरवरी, 2020 की तिथि घोषित कर दी गई है। बेस्ट पिक्चर के लिए ऑस्कर अवॉर्ड की दौड़ में 344 फिल्मों को शामिल किया गया था। ऑस्कर की दौड़ में 'फोर्ड वी फेरारी', 'दी आइरिश मैन', 'जोजो रैबिट', 'जोकर', 'लिटिल वूमेन', 'मैरेज स्टोरी', '1917' जैसी फिल्में शामिल हैं। ऑस्कर अवॉर्ड समारोह का आयोजन करने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह घोषणा की है।

रूस में

संविधान बदलने की कवायद शुरू

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्र के नाम सम्बोधन में कहा कि वे संविधान में बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं।

- **राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव के बाद प्रधानमंत्री दिमित्री मेदवेदेव सहित पूरी कैबिनेट ने इस्तीफा दे दिया।**

इसके बाद माना जा रहा है कि राष्ट्रपति के कार्यकाल में बदलाव किया जा सकता है।

पुतिन के संबोधन के तुरंत बाद वर्तमान प्रधानमंत्री मेदवेदेव ने साथी मंत्रियों सहित इस्तीफा दे दिया। पुतिन ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर केंद्रीय कर सेवा प्रमुख मिखाइल मिशुस्तीन का नाम आगे बढ़ाया है। संसद की मंजूरी के बाद मिशुस्तीन प्रधानमंत्री बनेंगे।

ज्ञात रहे कि रूस का मौजूदा संविधान दिसंबर 1993 में लागू हुआ था। संविधान में बदलाव के प्रस्ताव की मंजूरी के लिए



देशभर में जनमत संग्रह किया जाएगा। रूस के राष्ट्रपति का कार्यकाल 6 वर्ष का है।

उसके अनुसार तीसरी बार कोई भी नेता राष्ट्रपति नहीं बन सकता। चूंकि पुतिन 2012 और 2018 में राष्ट्रपति बन चुके हैं और तीसरी बार भी इसी पद पर रहना चाहते हैं

इसलिए संविधान में बदलाव की तैयारी कर रहे हैं, ताकि तीसरी बार राष्ट्रपति बन सकें।

लीबिया

दोनों पक्षों ने संघर्ष विराम स्वीकारा

लीबिया में कई हफ्तों से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता को विराम मिल गया है। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संयुक्त आह्वान पर दोनों पक्षों ने संघर्ष विराम की घोषणा की है।

- **उत्तर अफ्रीका का तेल समृद्ध यह राष्ट्र नाटो समर्थित विद्रोहियों द्वारा 2011 में लंबे समय के तानाशाह मुअम्मर कज्जाफी की हत्या के बाद से ही अशांत है।**

ज्ञात रहे कि संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त नेशनल अकॉर्ड के प्रमुख फयेज अल-सरराज ने संघर्ष विराम के समझौते की घोषणा करते हुए कहा कि यह विराम तुरंत प्रभावी हो गया है। उन्होंने कहा है कि उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में भी संघर्ष विराम की नीतियों को दोनों देश मानेंगे।

कमिंग ऑफ एज़ डे

जापान में युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने मनाया गया

जापान में 13 जनवरी को हुए कमिंग ऑफ एज़ डे के तहत युवाओं को बहुत सारे अधिकार, अनुशासन के साथ जिंदगी जीने,

- **20 साल के 12 लाख से अधिक युवाओं को जिंदगी बेहतर बनाने का मार्गदर्शन दिया गया।**
- **जापान में बालिग होने की उम्र 20 से घटाकर 18 कर दी गई है, पर यह नियम 2022 से लागू होगा।**
- **1876 के बाद पहली बार इसमें बदलाव किया गया है।**

मर्जी से विवाह करने और ऋण प्राप्त करने के अधिकारों की जानकारी दी गई। इसमें तकरीबन 12 लाख युवा शामिल हुए।

ज्ञात रहे कि जापान में हर साल जनवरी के दूसरे सोमवार को यह दिवस मनाया जाता है। इसके तहत 20 साल के हो चुके युवाओं को न केवल बालिग घोषित किया जाता है, बल्कि उन्हें मिलने वाले कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी जाती है। इस दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाता है और सरकार की ओर से नए कार्यक्रमों की घोषणा भी की जाती है। युवाओं को भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाता है।

जरीफ के वीजा के लिये

यूएन से ईरान ने किया हस्तक्षेप का आग्रह

अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लेने के लिए ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ को वीजा नहीं देने के खिलाफ ईरान ने यूएन से हस्तक्षेप करने का

- **ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की बैठक में भाग लेना है और अमेरिका ने कहा है कि वह वीजा जारी नहीं करेगा।**

आग्रह किया है और कहा है कि ईरान भी यूएन का सदस्य देश है और उसके प्रतिनिधियों को यूएन आने से रोकने का अमेरिका को कोई अधिकार नहीं है। जरीफ को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा बैठक में भाग लेने के लिए बकायदा आमंत्रित किया गया है।

ज्ञात रहे कि पिछले कुछ दिनों से ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात बने

हुए हैं और इसी के चलते अमेरिका ने जरीफ को वीजा देने से इंकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत माजिद तख्त ने कहा कि अमेरिका के इस रवैया का कड़ा विरोध किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के इस रवैये से संयुक्त राष्ट्र में ईरानी प्रतिनिधियों का काम प्रभावित हो रहा है।

लेबनान में नए प्रधानमंत्री के खिलाफ हुआ प्रदर्शन

लेबनान में हजारों प्रदर्शनकारी नव नियुक्त प्रधानमंत्री हसन दीब के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। उन्होंने न केवल हसन को पद त्यागने के लिए कहा है बल्कि उनकी नीतियों का भी खुलेआम विरोध कर उन्हें अक्षम साबित करने का प्रयास भी किया है।

ज्ञात रहे कि देशव्यापी आंदोलनों की

- **प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे हसन की नियुक्ति को खारिज करते हैं, क्योंकि यह भ्रष्ट राजनीतिक दलों को सशक्त करेगा।**

शुरुआत करने वाले प्रदर्शनकारी, निर्दलीय मंत्रियों के साथ सरकार बनाने की मांग कर रहे हैं, जो देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए संरचनात्मक सुधार लाने में सक्षम हैं। वहीं हसन अब तक विभिन्न राजनीतिक दलों के हस्तक्षेप के कारण नए मंत्रिमंडल का गठन करने में विफल रहे हैं।

सऊदी अरब

नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के साथ कार्बन उत्सर्जन में करेगा कटौती

सऊदी अरब ने अधिक से अधिक नवीकरणीय उर्जा को अपनाने के साथ कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने का फैसला किया है। सऊदी अरब के उर्जा मंत्री अब्दुल अजीज बिन सलमान ने अबू धाबी में भविष्य की स्थिरता पर आयोजित शिखर बैठक में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक हम अपने गैस संसाधनों का विकास करेंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सऊदी अरब बिजली पैदा करने के लिए अधिक से अधिक स्वच्छ संसाधनों का उपयोग करने के अलावा कच्चे तेल का निर्यात ज्यादा से ज्यादा करेगा।

गौरतलब है कि सऊदी अरब ने विगत सप्ताह तीसरे नवीकरणीय उर्जा कार्यक्रम की शुरुआत की थी। जिसका लक्ष्य उर्जा ग्रिड में 1.2 गीगावॉट सौर प्रोटोवोल्टिक विद्युत क्षमता को जोड़ना है।

ब्रेग्जिट-डील

ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को 18.09 लाख करोड़ रुपये का नुकसान संभव

ब्रिटेन की संसद में ब्रेग्जिट डील को मंजूरी मिलने के साथ ही 31 जनवरी को ईयू से बाहर निकलना तय हो गया है। इसी के

- **31 जनवरी के बाद 11 महीने का ट्रांजिशन पीरियड शुरू हो जाएगा। इस दौरान ब्रिटेन यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं रहेगा, पर उसके नियमों का पालन करेगा और बजट में योगदान देगा।**
- **ट्रांजिशन पीरियड इसलिए रखा गया है, ताकि ब्रिटेन और ईयू व्यापार समझौते साहित भविष्य के संबंधों पर बात कर सकें।**

साथ 1 फरवरी, 2020 से ट्रांजिशन पीरियड शुरू हो जाएगा। हाउस ऑफ कॉमन्स में ब्रेग्जिट समझौते के पक्ष में 330 और विरोध में 231 वोट पड़े हैं। हालांकि अभी 'ईयू-यूके विदड्रॉल एग्रीमेंट बिल' को हाउस ऑफ लॉर्ड्स और यूरोपीय संसद द्वारा पारित करना बाकी है। बिल पर तीन दिन तक चली चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। माना जा रहा है कि ब्रेग्जिट से ब्रिटिश इकोनॉमी को 2016 से 2020 तक 18.09 लाख करोड़ का नुकसान संभव है।

ब्रिटेन में तूफान ब्रैंडन से 150 इमारतों को हुआ नुकसान

ब्रिटेन में आए तूफान ब्रैंडन से काफी क्षति हुई और तकरीबन 150 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। 130 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवा के साथ ही कई इलाकों में 1.5 इंच से ज्यादा की मूसलाधार बारिश भी हुई। तूफान ब्रैंडन का सबसे ज्यादा असर पश्चिमी इंग्लैंड, वेल्स, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड में हुआ है।

गेटविक एयरपोर्ट से 15 उड़ानें डायवर्ट की गयीं और तकरीबन 10 उड़ानों को रद्द करना पड़ा। एडिनबर्ग और बर्मिंघम सहित कई स्टेशनों पर 25 से ज्यादा ट्रेन रद्द कर दी गईं। वेल्स और उत्तरी आयरलैंड के 10 हजार घरों में बिजली गुल हो गयी। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और राहत कैंपों में जाने की सलाह दी है।

अमेरिका और इराक ने

फिर शुरू किया सैन्य अभियान

अमेरिका ने 2 सप्ताह तक रुकने के बाद इराक के साथ संयुक्त सैन्य अभियान फिर से शुरू कर दिया है।

ज्ञात रहे कि ईरानी समर्थकों की तरफ से बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर हुये हमले के बाद से शुरू हुये क्षेत्रिय तनाव के बीच ये सैन्य अभ्यास रोक दिया गया था। अब यह संयुक्त सैन्य अभियान क्षेत्रिय तनाव कम होने के कारण फिर से शुरू कर दिया गया है।

अमेरिकी सेना प्रमुख ने इस अभियान के पुनः शुरू होने की सूचना जारी करते हुये कहा है, कि अभ्यास अपने तय समय पर ही समाप्त किया जायेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

खेलचर्चा

ऑस्ट्रेलिया में डे-नाइट टेस्ट मैच खेलेगी भारतीय टीम

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम इस वर्ष के अंत में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर एक डे-नाइट

टेस्ट मैच खेलेगी। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस संबंध में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों से मुलाकात की। इस बैठक में डे-नाइट टेस्ट मैच पर सहमति बन गई है। बैठक में चार देशों की सुपर सीरीज और चार दिन के टेस्ट पर भी चर्चा की गई।

रानी वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर के लिये हुई नामांकित

नई दिल्ली, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को वर्ल्ड

गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर-2019 अवॉर्ड के लिये नामांकित किया है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने इस अवॉर्ड के लिये रानी रामपाल का नाम प्रस्तावित किया है। इस अवॉर्ड के लिये 25 खेलों के 25 खिलाड़ियों के नाम नामांकित किये गये हैं। रानी टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी। रानी ने भारत के लिये 226 मैच खेले हैं और 112 गोल किये हैं।

प्लिस्कोवा ने जीता ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट

ब्रिस्बेन, चेक गणराज्य की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी कैरोलिना प्लिस्कोवा ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में प्लिस्कोवा ने अमेरिका की युवा खिलाड़ी मेडिसन कीज को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 4-6, 7-5 से हराया। उल्लेखनीय है कि प्लिस्कोवा पूर्व विश्व नंबर एक महिला खिलाड़ी रह चुकी हैं।

भारत ने जीती चार देशों की अंडर-19 वन-डे सीरीज

डरबन, भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 4 देशों की अंडर-19 वन-डे सीरीज पर कब्जा किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रनों से मात दी। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट पर 259 रन बनाये, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 190 रनों पर सिमट गई। मैच में भारतीय वल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शतकीय पारी खेली, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

भारोत्तोलक सरबजीत पर डोपिंग के कारण लगा प्रतिबंध

नई दिल्ली, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने महिला भारोत्तोलक सरबजीत कौर पर डोप टेस्ट में विफल रहने के कारण चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। नाडा के अनुसार विशाखापट्टनम में हुई महिला सीनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में सरबजीत का सैंपल लिया गया था, जिसमें प्रतिबंधित शक्तिवर्द्धक पदार्थों के अंश पाये गये थे। उल्लेखनीय है कि सरबजीत कौर 71 किलोग्राम भारवर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन हैं।

आईसीसी अवॉर्ड्स-2019

रोहित शर्मा बने वन-डे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की। आईसीसी अवॉर्ड्स में एक बार फिर भारतीय क्रिकेटरों की धूम रही। आईसीसी ने भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को वन-डे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना है, जबकि कप्तान विराट कोहली को स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड से नवाजा गया है। भारत के युवा तेज गेंदबाज दीपक चाहर को ट्वेंटी-20 परफॉर्मेंस ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया है।

वन-डे में बेमिसाल रोहित

सलामी वल्लेबाज रोहित शर्मा ने वर्ष 2019 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों में शानदार

प्रदर्शन किया है। रोहित ने वन-डे विश्वकप-2019 में 10 मैचों में 648 रन बनाये थे, इनमें पांच शतक शामिल हैं। रोहित ने इस विश्वकप में सबसे ज्यादा शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। वे वन-डे विश्वकप में कुल 6 शतक बनाकर सचिन तेंदुलकर के बराबरी पर आ गये हैं। रोहित ने वर्ष 2019 में वन-डे क्रिकेट में 7 शतक सहित कुल 1490 रन बनाये हैं। इसके अलावा रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में भी शानदार वल्लेबाजी की है।

विराट की खेल भावना ने जीता दिल

अपनी लाजवाब वल्लेबाजी से क्रिकेट के कई रिकॉर्ड पर अपना नाम लिखने वाले

विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ खेल भावना से क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीता है। विश्वकप में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच में बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे स्टीव स्मिथ की दर्शकों ने हूटिंग की। इस दौरान वल्लेबाजी कर रहे विराट को दर्शकों का यह व्यवहार पसंद नहीं आया। विराट ने दर्शकों से ऐसा न करने की अपील की और स्मिथ की हौसला अफजाई करने को कहा। विराट के इस व्यवहार की स्टीव स्मिथ ने भी प्रशंसा की थी। मौजूदा समय में विराट और स्मिथ विश्व के सर्वश्रेष्ठ वल्लेबाज हैं। आईसीसी ने विराट के इस कदम को खेल भावना का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना है।

ट्वेंटी-20 में दीपक का जलवा

भारत के युवा तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कम समय में ही भारतीय टीम में अपनी जगह मजबूत की है। अपनी तेज और स्विंग गेंदों के लिये मशहूर दीपक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ नागपुर में खेले गये ट्वेंटी-20 मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुये 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे, इनमें हैट्रिक भी शामिल है। दीपक ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज हैं।

विराट को मिली वन-डे और टेस्ट टीम की कमान

आईसीसी ने वर्ष 2019 के लिये वन-डे और टेस्ट टीम का भी ऐलान किया। विराट कोहली को दोनों टीमों का कप्तान चुना गया है। वन-डे टीम में चार भारतीय हैं, जबकि टेस्ट टीम में दो भारतीय हैं।

वन-डे टीम ऑफ द ईयर- रोहित शर्मा, शाई होप, विराट कोहली, बाबर आजम, केन विलियमसन, बेन स्टोक्स, जोस बटलर, मिशेल स्टार्क, ट्रेंट बोल्ट, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव।

टेस्ट टीम ऑफ द ईयर- मयंक अग्रवाल, टॉम लॉथम, मार्नस लाबुशेन, विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, बेन स्टोक्स, बीजे वॉटलिंग, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, नील वेगनर और नाथन लियोन।

आईसीसी पुरस्कार (ऑफ द ईयर)

• अंपायर	- रिचर्ड इलिंगवर्थ
• क्रिकेटर	- बेन स्टोक्स
• वन-डे क्रिकेटर	- रोहित शर्मा
• टेस्ट क्रिकेटर	- पैट कमिंस
• ट्वेंटी-20 परफॉर्मेंस	- दीपक चाहर
• इमर्जिंग प्लेयर	- मार्नस लाबुशेन
• एसोसिएट क्रिकेटर	- काइल कोट्ज़र (स्कॉटलैंड)

दक्षिण कोरिया में वर्ष 2024 में आयोजित होंगे विंटर ओलिंपिक यूथ खेल

लुसाने, दक्षिण कोरिया वर्ष 2024 में विंटर यूथ ओलिंपिक खेलों (योग) की मेजबानी करेगा। ये खेल दक्षिण कोरिया के गांगवॉन प्रांत में आयोजित होंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) की बैठक में यह फैसला लिया गया। आईओसी ने कहा कि इन खेलों के दौरान माउंटेन स्पोर्ट्स प्योंगचांग शहर में आयोजित किये जायेंगे, वहीं आईस स्पोर्ट्स गांगनियुंग शहर में खेले जायेंगे। उल्लेखनीय है कि दक्षिण कोरिया के प्योंगचांग शहर में वर्ष 2018 में विंटर ओलिंपिक खेल आयोजित किये गये थे।

सर्बिया ने जीता पहला एटीपी कप खिताब

पर्थ, सर्बिया ने पहला एटीपी कप टूर्नामेंट जीत लिया है। सर्बिया ने टूर्नामेंट के

फाइनल में स्पेन को 2-1 से हराया। बेस्ट ऑफ थ्री के आधार पर खेले गये फाइनल के पहले एकल मुकाबले में स्पेन के रॉबर्टो एगुट बाटिस्टा ने सर्बिया के दुसरन लोजोविक को 7-5, 6-1 से हराया, वहीं दूसरे एकल मुकाबले में नोवाक जोकोविच ने स्पेन के राफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराकर सर्बिया को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद विजेता का फैसला युगल मुकाबले से हुआ, जिसमें सर्बिया के जोकोविच और ट्रोइकी की जोड़ी ने स्पेन के लोपेज और पाव्लो की जोड़ी को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हुई घोषणा

मुंबई, ऑस्ट्रेलिया में 21 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। 15 सदस्यीय भारतीय टीम की कमान ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर संभालेंगी। टीम में पश्चिम बंगाल की रिचा घोष के रूप में एकमात्र नया चेहरा शामिल किया गया है। भारतीय टीम में मध्यप्रदेश की पूजा वस्त्रकार को भी जगह मिली है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाली 15 वर्षीय शेफाली वर्मा को भी टीम में शामिल किया गया है। शेफाली ने कुछ दिन पहले ही अर्धशतक बनाकर सबसे कम उम्र में अर्धशतक बनाने का सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा था। वहीं रिचा घोष ने हाल ही में सम्पन्न महिला चैलेंजर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।

आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप ऑस्ट्रेलिया के चार शहरों के 6 मैदानों पर 21 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेला जायेगा। इस विश्वकप में भारत सहित 10 टीमें हिस्सा लेंगी। ग्रुप-ए में भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें हैं, जबकि ग्रुप-बी में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और थाईलैंड की टीमें हैं।

भारतीय टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, वेदा कृष्णमूर्ति, रिचा घोष, तानिया भाटिया, पूनम यादव, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, शिखा पाण्डेय, पूजा वस्त्रकार और अरुंधती रेड्डी।

बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी ने जीता कतर ओपन

दोहा, भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और नीदरलैंड्स के वेस्ले कूलहोफ की जोड़ी ने कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी ने ल्यूक बेम्ब्रिज और सेंटियागो गोंजालेज की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 3-6, 6-2, 10-6 से हराया है।

बेम्ब्रिज और गोंजालेज की जोड़ी ने पहले सेट में बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी को आसानी से 6-3 से हरा दिया। दूसरे सेट में बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी ने जबर्दस्त वापसी करते हुये 6-2 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में दोनों जोड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। तीसरे सेट में दोनों जोड़ियों के बराबर अंक होने के कारण यह सेट टाईब्रेकर में गया। टाईब्रेकर में बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी ने 10-6 से बाजी

अपने नाम की। इससे पहले बोपन्ना और कूलहोफ की जोड़ी ने सेमीफाइनल में हेनरी कोंटिनेन और फ्रांस्को कुगोर की जोड़ी को हराया था, जबकि बेम्ब्रिज और गोंजालेज की जोड़ी ने सेमीफाइनल में टिम प्यूएट्ज और फ्रेडरिक नील्सन की जोड़ी को हराया था।

- **वर्ष 2020 में बोपन्ना और कूलहोफ का यह पहला खिताब है।**
- **टूर्नामेंट जीतने पर इस जोड़ी को 76 हजार 870 डॉलर की इनामी राशि मिली है।**

स्पेनिश सुपर कप

रियाल मैड्रिड ने 11वीं बार जीता खिताब

जेद्दाह, फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड ने 11वीं बार स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में रियाल मैड्रिड ने एटलेटिको मैड्रिड को बेहद रोमांचक मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट के जरिये 4-1 से हराया। रियाल मैड्रिड की जीत में गोलकीपर थिआबॉट कोर्टिस ने अहम भूमिका निभाई।

फाइनल मैच का रोमांच

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया और रक्षात्मक रणनीति के साथ खेला। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों का डिफेंस बेहतरीन रहा। दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाये, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद मैच अतिरिक्त समय में गया। अतिरिक्त समय में

भी कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई।

पेनाल्टी शूटआउट में हुआ फैसला

मैच में विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिये हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में रियाल मैड्रिड ने पूरी तरह डॉमिनेट किया। रियाल के लिये डेनियल कर्वाजल, रोड्रिगो, लुका मोड्रिक और सर्जियो रामोस ने बिना कोई मौका गवाएं गोल दागे। एटलेटिको के साउल नीगेज ने किक को गोल पोस्ट के बाहर दे मारा, वहीं थॉमस पार्टे के शॉट को कोर्टिस ने रोक दिया। एटलेटिको मैड्रिड के लिये एकमात्र गोल केइरन ट्रिपर ने किया।

- **यह रियाल मैड्रिड का सीजन का पहला खिताब है, अब रियाल मैड्रिड की नजर ला लीगा और चैंपियंस लीग जीतने पर है।**
- **रियाल मैड्रिड ने वर्ष 1988, 1989, 1990, 1993, 1997, 2001, 2003, 2008, 2012 और 2017 में जीता है यह खिताब।**
- **बार्सिलोना ने 13 बार जीता है स्पेनिश सुपर कप टूर्नामेंट।**
- **एटलेटिको मैड्रिड ने वर्ष 1985 और 2014 में जीता है यह खिताब।**

सेरेना ने जीता ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट

ऑकलैंड, अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने ऑकलैंड क्लासिक टेनिस

टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में सेरेना ने अपनी हमवतन जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया है। यह पिछले 3 वर्षों में सेरेना का पहला डब्ल्यूटीए खिताब है। इससे पहले सेरेना ने वर्ष 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब जीता था। यह सेरेना के टेनिस कॅरियर का 73वां डब्ल्यूटीए खिताब है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

जब मिले मार्गदर्शन सबसे अनुभवी टीम का तो मार्ग प्रशस्त हो जाए सफलता का

MPPSC MAINS

MPPSC (Mains) 2019 और MPPSC (Prelims+Mains) 2020 की तैयारी कीजिये
सबसे विश्वसनीय, अनुभवी और परिणामोन्मुख फैकल्टी टीम के कुशल मार्गदर्शन में, सिर्फ कौटिल्य एकेडमी पर.

OUR TEAM

Mr. Shridhant Joshi
Managing Director
Indian Economy
Science & Technology

Mr. Ashendra Mishra
Director
History & Constitution

Mr. Manmohan Joshi
C.E.O.
M.P. Act

Mr. Sunil Tiwari
National Co-ordinator
Polity & Disaster Mgmt.

Mr. Rishi Bhosle
Polity & Acts

हिन्दी माध्यम | **ENGLISH MEDIUM**

Mr. Shashank Dwivedi
Science & Technology
Environment

Mr. Ashish Sharma
Computer & CSAT

Mr. Kapil Shrivastava
Hindi & Ethics

Mr. Kapil Gour
History & Ethics

Mr. Sameer Gandhe
History, Art & Culture

Dr. Vikas Sharma
Geography & Disaster Management

Mr. Shanky Kothari
Indian Economy

Mr. Saurabh Yadav
MP - GS

Mr. Nihar Ranjan
Biology, Science & Tech

Mr. Vishal Sakpal
Physics, Chemistry
& Current Affairs

Mr. Satish Gupta
M.P G.K.

Mr. Deepak Dwivedi
History, Social Issue
& Ethics

Mr. Dilip Bhatia
Biology

Mr. Praveen Tiwari
Geography, I.R.
& Economics

Mr. Sukanto Bhowmik
Maths & Reasoning

Mr. Yash Dubey
Ethics & Pub. Ad.

Mr. Upendra S. Rajawat
Hindi

Mr. Vikas Singh
Comparative Constitution,
& Internal Security

Mr. Govind Neema
Social Sector, Sociology
& Political Thinker

MPPSC (MAINS) कक्षा विशेषताएं

- नियमित सघन कक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम.
- प्रश्न की आवश्यकतानुसार विशिष्ट भाषाशैली के साथ अपडेटेड आंकड़ों की उपलब्धता.
- उत्तर की क्रमिकता हेतु फ्लो-चार्ट विधि व ग्राफिकल प्रेजेंटेशन की शैली का विकास.
- विशिष्ट स्टडी मटेरियल.
- प्रति रविवार फुल लेंथ टेस्ट एवं उसका विश्लेषण.
- विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन.

आधुनिक सुविधाएं

- AC क्लासरूम, उन्नत लाइब्रेरी की उपलब्धता.
- ऑडियो-वीडियो के साथ विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन.
- 24x7 ऑनलाइन सर्पोट.
- मोबाईल एप्प एवं यू ट्यूब द्वारा सम्पूर्ण सहायता उपलब्ध.
- चयनित प्रतिभागियों द्वारा मार्गदर्शन.

MPPSC PRE 2019 में
88 प्रश्न
ऐसे आए जो कौटिल्य एकेडमी के नोट्स एवं टेस्ट सीरिज से उपलब्ध रहे. हमारे विशेषज्ञों द्वारा स्टडी मटेरियल को वास्तविक परीक्षा के पैटर्न के आधार पर ही तैयार किया गया है. सुनिश्चित सफलता के लिए अनुभवी टीम पर विश्वास करें और अपना सपना साकार करें।

4 STATES | 40 CENTERS | 30 CITIES
17 YEARS | 10000+ SELECTIONS | 100+ National Level Faculties

नई बैचेस में प्रवेश प्रारम्भ
हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पृथक बैचेस
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
स्पेशल ईवनिंग बैचेस

IAS | IPS | MPPSC | CJ-II | ADPO | NDA-CDS | MPSI | SSC | BANK | RAILWAY | ENGINEERING | RANGER

कौटिल्य एकेडमी

HO: BHANWARKUA SQUARE INDORE.
Ph. : 0731-4266821, 4226615, Call : 94250 68121, 98939 29541

OUR PRESENCE : INDORE, JABALPUR, BHOPAL, GWALIOR, SAGAR, CHHATARPUR, REWA, SATNA, CHHINDWARA, BALAGHAT, UJJAIN, GUNA, JHANSI, SHIVPURI, DHAR, JHABUA, BADWANI, TIKAMGARH, KHANDWA, RATLAM, DAMOH, NIWARI, KATNI, RAIPUR, BILASPUR, RAIGARH, BHILAI, JAIPUR, HOSHANGABAD, SHAHDOL, VIDISHA, BETUL, SEHORE

PANKAJ

R-43309/2020

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।